



# तरुण छत्तीसगढ़


सुनालिया ज्वेलर्स
हीरा, स्वर्ण, हॉलमार्क ज्वेलरी, रजत, राशि नग के विक्रेता
मो. 94255-32524,94241-43922
पावर हाउस रोड, कोरबा



e-Paper- tarunchhattisgarhkorba.com
कोरबा एवं रायपुर से एक साथ प्रकाशित डाक पंजीयन क्रमांक- जी2-112/सी.जी/बीएलपी/003/2024-2026
वर्ष 37 अंक 06 | कोरबा, रविवार, दिनांक 05 अक्टूबर 2025 डाक 06 अक्टूबर 2025 | पृष्ठ : 8 मूल्य 2.00 रुपए



**विविधा**
केंद्रीय गृहमंत्री श्री अमित शाह हरियाणा के कुरुक्षेत्र में हरियाणा सरकार की विभिन्न विकास परियोजनाओं के शिलान्यास के अवसर पर



**देश-विदेश**
कफ सीरप से मौत मामले में सीडीएससीओ ने शुरू किया जोखिम आधारित निरीक्षण, कई नमूने मिलावटी पाए गए



**फीचर पेज**
मोहनलाल की पैन इंडिया फिल्म वृषभ का टीजर जारी, जबरदस्त एक्शन करते दिखे अभिनेता




## आप ने राज्यसभा चुनाव के लिए घोषित किया उम्मीदवार, उद्योगपति राजिंदर के नाम पर लगी मुहर



**नईदिल्ली, 05 अक्टूबर [एजेंसी]।**

आम आदमी पार्टी ने राज्यसभा चुनाव के लिए उद्योगपति राजिंदर गुप्ता को पार्टी का उम्मीदवार घोषित कर दिया है। आधिकारिक रूप से पार्टी ने उनके नाम की घोषणा कर दी है। पंजाब से राज्यसभा की एक सीट के लिए 24 अक्तूबर को उपचुनाव होना है। आप के संजीव अरोड़ा के इस्तीफे से यह सीट रिक्त हुई थी। आप की पॉलिटिकल अफेयर्स कमेटी (पीएसी) की बैठक में सर्वसम्मति से राजिंदर गुप्ता के नाम पर मुहर लगी है। राजेंद्र गुप्ता प्रसिद्ध उद्योगपति और ट्राइडेंट ग्रुप के चेयरमैन रह चुके हैं। राजेंद्र गुप्ता ने एक दिन पहले ही पंजाब योजना बोर्ड के वाइस चेयरमैन और श्री काली माता मंदिर प्रबंधक कमेटी के चेयरमैन के ओहदों से इस्तीफा दिया था, जिसे सरकार ने स्वीकार कर लिया है।

## ट्रंप के रोकने के बावजूद गाजा पर हमला कर रहा इजरायल, आईडीएफ अटैक में 70 की मौत



**नई दिल्ली।** गाजा में चल रहे संघर्ष के बीच अमेरिकी राष्ट्रपति डोनल्ड ट्रंप युद्ध विराम की कोशिश कर रहे हैं। इस बीच इजरायल ने गाजा पर फिर से हवाई हमला शुरू कर दिया है। अल जजीरा की रिपोर्ट के अनुसार इजरायली हमले में कम से कम 70 फिलिस्तीनी नागरिक मारे गए हैं। मारे गए नागरिकों में मासूम बच्चे भी शामिल हैं। दरअसल, ट्रंप हमास-इजरायल के बीच चल रहे युद्ध को रोकने का प्रयास कर रहे हैं। हमास द्वारा सहमति जताए जाने के बाद, अमेरिकी राष्ट्रपति डोनल्ड ट्रंप ने इजरायल से गाजा पर तुरंत बमबारी रोकने का आदेश दिया था। इसके बाद भी शनिवार को इजरायल द्वारा गाजा पर हमला किया गया है। इस हमले में इजरायली सैन्य ठिकानों के बीच में रहे गाजा शहर के लोग सबसे अधिक हताहत हुए। अल जजीरा की रिपोर्ट के अनुसार, स्वास्थ्य अधिकारियों ने पुष्टि की है कि वहां 45 लोगों की जान चली गई। हाल के हफ्तों में इजरायली हमलों ने दस लाख से अधिक गाजावासियों को प्रभावित किया है। इजरायल द्वारा किए जा रहे हमले के कारण गाजावासियों को यह इलाका छोड़कर दक्षिणी गाजा की ओर जाने के लिए मजबूर होना पड़ा है।

# दुधिया पुल ढहा, सड़कें धंसी और सिक्किम से टूटा संपर्क... दार्जिलिंग में बारिश का कहर, लैंडस्लाइड से 14 की मौत

**दार्जिलिंग, 05 अक्टूबर [एजेंसी]।**

पश्चिम बंगाल के दार्जिलिंग में पुल टूटने और कई जगहों पर लैंडस्लाइड से हड़कंप मच गया है। इस आपदा में 14 लोगों की मौत हो गई और कई लोग लापता हैं। अधिकारियों की मानें तो मृतकों का आंकड़ा बढ़ने की आशंका है। आपदा की वजह भारी बारिश को बताया जा रहा है।पिछले कुछ दिनों से पश्चिम बंगाल और सिक्किम में बारिश का तांडव देखने को मिल रहा है। इससे नदियां पूरे उफान पर हैं। इसी बीच दार्जिलिंग और सिक्किम के बीच बना एक पुल अचानक धराशायी हो गया। जहां एक तरफ पुल टूटने से दार्जिलिंग और सिक्किम के बीच का कनेक्शन टूट गया है, तो वहीं सड़क धंसने से दार्जिलिंग और सिलीगुड़ी के बीच बनी रोड भी ब्लॉक हो गई है।



पश्चिम बंगाल के जलपाईगुड़ी, सिलीगुड़ी और कूचबिहार में भारी बारिश से जनजीवन तहस-नहस हो गया है। कई इलाकों में पानी जमा होने से बाढ़ के हालात बन गए हैं। इस भीषण आपदा के मद्देनजर दार्जिलिंग और सिक्किम के कई पर्यटन स्थलों को भी बंद कर दिया गया है।

### *नेपाल में कुदरत का कहर, 24 घंटे से लगातार हो रही बारिश से 18 लोगों की मौत*

*__नई दिल्ली।__ पड़ोसी देश नेपाल में कुदरत का कहर देखने को मिला है। पूर्वी नेपाल के इलम में पिछले 24 घंटों में बाढ़ और भूस्खलन की घटनाओं में कम से कम 18 लोगों की जान गई है। दरअसल,रविवार सुबह तक सूर्योदय नगर पालिका में भूस्खलन में कम से कम 5 लोग, मंगसेबुंग नगर पालिका में 3 और इलम नगर पालिका में 6 लोगों की मौत की खबर है। इस आपका के बाद प्रशासन राहत के कामों में लग गया है।*

## चक्रवात शक्ति के सोमवार तक कमजोर पड़ने का अनुमान

**महाराष्ट्र-गुजरात में बारिश का अलर्ट जारी**

**नई दिल्ली** मानसून के बाद अरब सागर में उठा सीजन का पहला चक्रवात शक्ति तटीय इलाकों में उथल-पुथल मचा सकता है। चक्रवात के कारण समुद्र में 100 किमी प्रति घंटे की रफ्तार से हवाएं चल रही हैं। चक्रवात शक्ति सोमवार से कमजोर पड़ सकता है। भारत मौसम विज्ञान विभाग के अनुसार, रविवार शाम तक उत्तर-पश्चिम और पश्चिम-मध्य अरब सागर तक पहुंचने के बाद चक्रवात पूर्व की ओर मुड़ना शुरू कर देगा। इसके भारत के तट से टकराने की संभावना कम है। इसके बावजूद इसके प्रभाव से महाराष्ट्र और गुजरात के तटीय क्षेत्रों में भारी बारिश हो सकती है, जिसको लेकर अलर्ट जारी किया गया है। मछुआरों को समुद्र में नहीं जाने की सलाह दी गई है।

## एनआईए ने पंजाब के पूर्व मंत्री के आवास पर ग्रेनेड हमले के मामले में चार आरोपियों के खिलाफ दायर किया आरोपपत्र

**नई दिल्ली।** राष्ट्रीय जांच एजेंसी (एनआईए) ने पंजाब के पूर्व मंत्री मनोरंजन कालिया के आवास पर हुए ग्रेनेड हमले के मामले में 4 आरोपियों पर आरोपपत्र दाखिल किया है। इस बात की जानकारी एनआईए ने एक प्रेस रिलीज के माध्यम से दी है। राष्ट्रीय जांच एजेंसी (एनआईए) ने यह आरोपपत्र रविवार को विशेष एनआईए अदालत में दाखिल किया गया। आरोप पत्र में दो गिरफ्तार आरोपियों सैदुल अमीन (अमरोहा, उत्तर प्रदेश) और अभिजोत जांगड़ा (कुरुक्षेत्र, हरियाणा) तथा दो फरार आरोपियों कुलबीर सिंह सिद्धू (यमुनानगर, हरियाणा) और मनीष उर्फ काका राणा (करनाल, हरियाणा) के नाम शामिल हैं। इन पर गैरकानूनी गतिविधि (निवारण) अधिनियम (यूएपीए), भारतीय न्याय संहिता (बीएनएस) और विस्फोटक पदार्थ अधिनियम की विभिन्न धाराओं के तहत आरोप लगाए गए हैं। 7 अप्रैल 2025 की रात जालंधर में पूर्व मंत्री मनोरंजन कालिया के आवास पर ग्रेनेड हमला हुआ था। इस घटना की गंभीरता को देखते हुए एनआईए ने 12 अप्रैल को जांच अपने हाथ में ली। जांच में पता चला कि प्रतिबंधित आतंकवादी संगठन बब्बर खालसा इंटरनेशनल (बीकेआई) के कार्यकर्ता कुलबीर सिंह ने अपने सहयोगी मनीष उर्फ काका राणा के साथ मिलकर एक आतंकवादी गिरोह बनाया था। इस गिरोह का उद्देश्य पंजाब के प्रमुख नेताओं को निशाना बनाना, जनता में दहशत फैलाना, और जबरन वसूली के जरिए बीकेआई के लिए धन जुटाना था। एनआईए की जांच के अनुसार, मनीष ने सैदुल अमीन क ो इस साजिश में शामिल किया, जिसने हमले की रात ग्रेनेड फेंका। ग्रेनेड कुलबीर सिंह ने उपलब्ध कराया था, जबकि अभिजोत जांगड़ा ने आतंकी गतिविधियों के लिए धन मुहैया कराया।

## चरवाहे को जंगली हाथियों ने कुचला, मौत



**बलरामपुर।** जिले के वाड्रफनगर वन परिक्षेत्र में जंगली हाथियों का आतंक लगातार बढ़ता जा रहा है। मदनपुर गांव के पास चटनियां जंगल में सोमवार को हाथी के हमले में एक ग्रामीण की मौत हो गई। वहीं दूसरे ग्रामीण ने भाग कर अपनी जान बचाई। जानकारी के अनुसार, कुछ ग्रामीण मवेशी चराने जंगल की ओर गए थे, तभी जंगली ने अचानक दो ग्रामीण पर हमला कर दिया। घटना में एक ग्रामीण ने भागकर अपनी जान बचाई, जबकि एक की मौके पर ही मौत हो गई। बताया जा रहा है कि दो हाथियों का जोड़ा इस समय जंगल में विचरण कर रहा है। वह किसानों के धान की फसल को भी नुकसान पहुचा रहे हैं। दो से तीन गांवों के ग्रामीण पिछले कई दिनों से हाथियों के आतंक से परेशान हैं।

**जबरन वसूली व अवैध गतिविधियों में होता था इस्तेमाल**

## मणिपुर में भारी मात्रा में हथियार बरामद, छह धराए



**इंफाल, 05 अक्टूबर [एजेंसी]।**

सुरक्षा बलों ने मणिपुर के कांगपोकपी और इंफाल पश्चिम जिलों से भारी मात्रा में हथियार और गोला-बारूद बरामद किया है। पुलिस ने रविवार को यह जानकारी दी। पूर्वोत्तर राज्य के चार जिलों में जबरन वसूली और अन्य अवैध गतिविधियों में कथित संलिप्तता के लिए विभिन्न प्रतिबंधित संगठनों से जुड़े छह आतंकवादियों को भी अलग-अलग अभियानों में गिरफ्तार किया गया। कांगपोकपी जिले के कोटजिम में एक हेकलर एंड कोच राइफल, मैगजीन सहित, दो बोल्ट एक्शन राइफल, दो पुल मैकेनिज्म राइफल, दो इंप्रोवाइज्ड मोर्टार और दो हैंड ग्रेनेड बरामद किए गए। सुरक्षा बलों को इंफाल पश्चिम जिले के कंगलाटोम्बी क्षेत्र में एक सब-मशीन गन, एक .303 राइफल, एक 9 मिमी पिस्तौल, एक .32 पिस्तौल, सात स्थानीय रूप से निर्मित बोल्ट एक्शन राइफल, गोला-बारूद और अन्य सामान भी मिला। अलग-अलग अभियानों में सुरक्षा बलों ने इंफाल पूर्व और पश्चिम, बिष्णुपुर और काकचिंग जिलों में छह आतंकवादियों को गिरफ्तार किया। पुलिस ने शनिवार को इम्फाल पूर्वी जिले के लाइफाम खुनौ स्थित उसके आवास से कांगलीपाक कम्युनिस्ट पार्टी (पीडब्ल्यूजी) के एक कार्यकर्ता को गिरफ्तार किया। वह घाटी क्षेत्र के अस्पतालों और जनता से जबरन वसूली में कथित रूप से शामिल था। एक अन्य पीडब्लूजी उग्रवादी, जिसे इम्फाल पूर्वी जिले के पोरोमपत क्षेत्र से पकड़ा गया था, सरकारी अधिकारियों सहित जनता से जबरन वसूली में संलिप्त था।

### लेह हिंसाः अब तक 30 युवाओं की हो चुकी है रिहाई, अभी हिरासत में इतने और लोग

**लेह।** लद्दाख के मुख्य सचिव डॉ.पवन कोतवाल ने शनिवार को लद्दाखवासियों के सामाजिक-आर्थिक हितों के संरक्षण के प्रति सरकार की प्रतिबद्धता को दोहराया। उन्होंने कहा कि सभी मुद्दों के समाधान के लिए सरकार स्थानीय नेताओं से बातचीत के लिए तैयार है। पत्रकारों से बातचीत में उन्होंने कहा कि प्रदेश में कानून व्यवस्था बनाए रखना, आम लोगों के जानमाल की सुरक्षा सरकार की पहली प्राथमिकता है।

## ट्रंप प्रशासन को यूएस फेडरल कोर्ट से बड़ा झटका

**पोर्टलैंड में सैनिकों की तैनाती पर लगाई रोक**



**नई दिल्ली।** अमेरिकी संघीय न्यायालय राष्ट्रपति डोनलड ट्रंप को बड़ा झटका दिया है। कोर्ट ने 200 नेशनल गार्ड सैनिकों की तैनानी पर स्थायी रोक लगा दी है। संघीय न्यायालय का कहना है कि हाल के दिनों में हुए विरोध प्रदर्शनों को 'विद्रोह' नहीं कहा जा सकता और यह विरोध कानून-व्यवस्था में गंभीर बाधा नहीं बनती। दरअसल, अमेरिकी राष्ट्रपति डोनल्ड ट्रंप ने ओरेगन के पोर्टलैंड शहर में 200 नेशनल गार्ड सैनिकों की तैनाती का आदेश दिया था। लेकिन संघीय जज ने अमेरिकी राष्ट्रपति डोनल्ड ट्रंप को पोर्टलैंड शहर में 200 ओरेगन नेशनल गार्ड सैनिकों की तैनाती पर अस्थायी रूप से रोक लगा दी। संघीय न्यायालय द्वारा यह रोक 18 अक्टूबर तक के लिए लगाया गया है।

**जहरीला कफ सिरप लिखने वाले डॉक्टर पर बड़ा एक्शन**

## 11 बच्चों की मौत के बाद पुलिस ने किया गिरफ्तार



**भोपाल।** कोल्ड्रिफ कफ सिरप से देश भर में कई बच्चों की मौत हो गई है। अकेले मध्य प्रदेश में सिरप पीने से 11 बच्चों की जान चली गई। इस घटना के बाद राज्य सरकार के भी कान खड़े हो गए। सरकार ने कोल्ड्रिफ कफ सिरप समेत कंपनी श्रीसन फार्मास्यूटिकल्स के सभी प्रोडक्ट्स पर बैन लगा दिया है। वहीं, कफ सिरप लिखने वाले डॉक्टर प्रवीण सोनी को गिरफ्तार कर लिया गया है। मध्य प्रदेश पुलिस ने डॉक्टर प्रवीण सोनी को छिंदवाड़ा के परासिया से गिरफ्तार किया है। डॉक्टर सोनी परासिया के जाने-माने बाल रोग विशेषज्ञ हैं। वैसे तो वो सरकारी डॉक्टर हैं, लेकिन उनका अपना प्राइवेट क्लीनिक भी है। क्लीनिक पर आने वाले बच्चों की दवाईयों में ही उन्होंने कोल्ड्रिफ कफ सिरप पिलाने का सुझाव दिया था। मध्य प्रदेश सरकार ने श्रीसन फार्मास्यूटिकल्स के खिलाफ केस दर्ज करवाया है। सरकार ने इससे पहले पूरे राज्य में कोल्ड्रिफ कफ सिरप बेचने पर पाबंदी लगा दी थी। बता दें कि इस सिरप में 48.6 प्रतिशत डायएथिलीन ग्लाइकॉल पाया गया है, जो वास्तव में महज 0.1 प्रतिशत होना चाहिए।

## नॉनवेज की दुकान में छापामारी, विभाग के एक्शन से कारोबारियों में मचा हड़कंप



**हापुड़।** खाद्य सुरक्षा विभाग की टीम ने कल शाम को बुलंदशहर रोड पर स्थित नॉनवेज की दुकान पर छापामारी की। छापामारी के दौरान दुकानदार लाइसेंस नहीं दिखा सका। इस पर टीम ने दुकानदार को नोटिस जारी कर एक सप्ताह में लाइसेंस प्रस्तुत करने को कहा है। लाइसेंस नहीं देने पर आरोपित पर दो लाख रुपये का जुर्माना लगाया जाएगा। विभाग की कार्रवाई से बिना लाइसेंस के कारोबार करने वालों में हड़कंप मचा है। खाद्य सुरक्षा अधिकारी आरपी गुप्ता ने बताया कि बुलंदशहर रोड पर निहारी दरबार के नाम से नॉनवेज की दुकान का लाइसेंस है। विभाग को शिकायत मिल रही थीं कि वहां पर एक नाम से दो दुकान चलाई जा रही हैं। शिकायत के आधार पर टीम शनिवार शाम को जांच के लिए पहुंची। वहां पर निहारी दरबार होटल संचालक के पास विभाग का लाइसेंस है। जबकि उसके पास में ही दूसरा नॉनवेज होटल न्यू निहारी दरबार के नाम से चलता हुआ मिला। इस होटल को राजीव विहार के रहने वाले नाजिम चला रहे थे।

नाजिम से होटल संचालन का लाइसेंस मांगा गया। वह मौके पर कोई भी कागजात नहीं दिखा सके। उनके प्रतिष्ठान के नाम से विभाग ने कोई लाइसेंस जारी नहीं किया है। ऐसे में माना जा रहा है कि वह बिना लाइसेंस के ही नॉनवेज होटल का संचालन कर रहे थे। विभाग की गाइडलाइन के अनुसार उनको नोटिस जारी कर एक सप्ताह में लाइसेंस प्रस्तुत करने को कहा गया है। लाइसेंस नहीं होने की स्थिति में उन पर दो लाख रुपये का जुर्माना लगाया जाएगा।

## अमेरिका के कई शहरों में अराजकता का माहौल...

**☛ शिकागो में 300 नेशनल गार्ड्स की तैनाती पर व्हाइट हाउस ने कहा**



**नईदिल्ली, 05 अक्टूबर [एजेंसी]।**

अमेरिका के सबसे खूबसूरत शहरों में शामिल शिकागो इन दिनों गलत वजहों से सूर्खियां बटोर रहा है। अमेरिकी राष्ट्रपति डोनल्ड ट्रंप ने शिकागो में भारी संख्या में फोर्स तैनात करने का फैसला किया है। व्हाइट हाउस ने भी ट्रंप के इस फैसले की पुष्टि की है।

व्हाइट हाउस के अनुसार, ट्रंप ने 300 नेशनल गार्ड शिकागो में तैनात करने के आदेश दिए हैं। इतनी बड़ी संख्या में गार्ड्स की नियुक्ति केंद्रीय अधिकारियों की सुरक्षा को ध्यान में रखते हुए की जा रही है। व्हाइट हाउस ने इसपर सफाई पेश करते हुए कहा, राष्ट्रपति ट्रंप ने केंद्रीय अधिकारियों और संपत्ति की सुरक्षा के लिए 300 नेशनल गार्ड्स भेजने का आदेश दिया है। व्हाइट हाउस के प्रवक्ता अबीगैल जैक्सन के अनुसार, अमेरिकी शहरों में अराजकता देखने को मिल रही है और राष्ट्रपति ट्रंप इसपर आंखें बंद नहीं सक सकते हैं।

शिकागो में नेशनल गार्ड्स की तैनाती पर व्हाइट हाउस का कहना है कि शनिवार की घटना के बाद यह फैसला लिया गया है। होमलैंड सिक्योरिटी विभाग के अनुसार, दस कारों में मौजूद लोगों ने पुलिस को चारों तरफ से घेर लिया था। उनके पास हथियार भी थे। ऐसे में पुलिस को अपनी रक्षा में गोलियां चलानी पड़ी। इस दौरान गोली लगने से एक महिला गंभीर रूप से घायल हो गई।





स्किन केयर व कास्मेटोलाजी क्लिनिक
चर्म , गुप्त, कुष्ठ रोग विशेषज्ञ एवं सैक्स सलाहकार
डॉ.आर.के.अग्रवाल
M.B.B.S.D.V.D.FDS (Lond.)F.i.a.m.s.(Ind.)
Mob.9424170010
-: परामर्श का समय :-
सुबह 10.30 से 1.30 (शाम को बंद )
डॉ.शशि अग्रवाल
M.B.B.S.D.V.D.(U.K)
Mob.9826389894
सुविधायें:- गंजापन, मस्से हटाना, दाद खाज खुजली, एक्जीमा, एलर्जी, सड़े नाखून, कुष्ठ रोग, काले दाग, मुंहासे, बाल झड़ना, सेक्स की कमी, शीघ्र पतन, धात, मानसिक रोगों का मशीनों व अत्याधुनिक दवाओं द्वारा शीघ्र ईलाज, फोटोथेरेपी, इलेक्ट्रीशिकेशन, क्रायोसर्जरी, सायकोथेरेपी का ईलाज।
मो. 9203907928,9826389894 (क्लीनिक)
विशेष : बुधवार को 20 मरीजों का फीस माफ...
पता : एचआईजी -4 नेहरू नगर , रिकाण्डो रोड घोड़ा चौक , बुधवारी बाजार के पास, कोरबा



## रानीगेट में हुआ रावण दहन

**कोरबा।** बुराई पर अच्छाई की जीत का प्रतीक,रावण दहन का भव्य आयोजन रानीगेट पुरानी बस्ती कोरबा में दुर्गा एवं दशहरा उत्सव समिति द्वारा किया गया। जिसक मुख्य अतिथि डॉ विवेक रंजन महतो रहे,

अध्यक्षता सभापति नूतन सिंह ठाकुर ने की। विशिष्ट अतिथि भाजपा नेता मुरीत राम साहू , पूर्व सभापति संतोष राठौर, भाजपा नेता रमेश पोद्दार,पूर्व पार्षद मनीष शर्मा, जिला सहकारी बैंक के पूर्व अध्यक्ष देवेन्द्र पांडे , बजरंग सोनी रहे।दिन भर रुक रुक कर हो रही बारिश के बाद भी बड़ी संख्या में लोगों की भीड़ रावण के पुतले का दहन देखने यहां पहुंची थी। जिसने पूरे मैदान को उत्साह और रंगीन रोशनी से जगमगा दिया।मुख्य अतिथि डॉ विवेक रंजन महतो सहित समस्त मंचस्थ अतिथियों का दशहरा समिति के पदाधिकारियों द्वारा स्वागत किया गया। पारंपरिक पूजा अर्चना के साथ रावण दहन की शुरुआत की गईं और उपस्थित जनसमूह की दशहरे की शुभकामनाएं दी।मुख्य अतिथि डॉ महतो ने कहा विजय दशमी का पर्व बुराई पर विजय और सत्य पर असत्य की जीत का प्रतीक हैं। ये हमें अच्छाई की राह पर चलने का संदेश देता हैं। अन्य अतिथियों ने भी अपना सारगर्भित संबोधन दिया और जनसमूह को दशहरे की शुभकामनाएं दी।

## उरगा से सीधे कुसमुंडा तक चलेगी मालगाड़ियां

**कोरबा।** दक्षिण पूर्व मध्य रेलवे के बिलासपुर मंडल अंतर्गत उरगा से कुसमुंडा तक 12.637 किलोमीटर लंबी नई विद्युतीकृत ब्रॉडगेज रेल लाइन का निर्माण पूर्ण कर लिया गया है । यह रेल खंड छत्तीसगढ़ ईस्ट-वेस्ट रेल कॉरिडोर (गेवरा रोड-पेन्ड्रा रोड) नई रेल परियोजना का महत्वपूर्ण अंग है । इस नई रेल लाइन के शुरू होने से क्षेत्र में माल यातायात की क्षमता और सुगमता में उल्लेखनीय वृद्धि होगी और उद्योगों एवं कोयला उत्पादन क्षेत्रों को निर्बाध परिवहन सुविधा उपलब्ध होगी । अब गाड़ियाँ उरगा से सीधे कुसमुंडा तक चल सकेंगी, जिससे कोरबा स्टेशन में भीड़-भाड़ में कमी आएगी । 29 सितम्बर 2025 को उच्च स्तरीय समिति द्वारा इस नवनिर्मित रेल खंड का निरीक्षण किया गया, जिसमें प्रमुख विभागाध्यक्ष एवं संबंधित अधिकारी सम्मिलित हुए ।समिति द्वारा जारी ज्वाइंट सेफ्टी सर्टिफिकेट में यह प्रमाणित किया गया कि यह खंड माल यातायात परिचालन के लिए पूर्णत: सुरक्षित है । रेलवे अधिनियम 1989 की धारा 22(1) के अंतर्गत आवश्यक प्रावधानों के अनुपालन के पश्चात, दक्षिण पूर्व मध्य रेलवे के महाप्रबंधक द्वारा दिनांक 30 सितम्बर 2025 को इस खंड को माल यातायात परिचालन हेतु अधिकृत किया गया । इस रेल लाइन पर प्रारंभिक अधिकतम गति सीमा 30 किमी प्रति घंटा निर्धारित की गई है, जिसे चरणबद्ध रूप से 75 किमी प्रति घंटा तथा बाद में 110 किमी प्रति घंटा तक बढ़ाया जाएगा । इस नवनिर्मित रेल लाइन के शुरू होने से छत्तीसगढ़ राज्य के औद्योगिक विकास को नई गति मिलेगी, खनिज संपदा का परिवहन तेज़ एवं सुगम होगा और क्षेत्रीय अर्थव्यवस्था को सुदृढ़ बनाने में महत्वपूर्ण योगदान मिलेगा ।

## कैज व्हील लगे ट्रैक्टर सड़क पर चलाना मना

**कोरबा।** कृषि कार्य के दौरान ट्रैक्टरों में उपयोग किए जाने वाले कैज व्हील को लगाकर सड़क पर चलाना अब किसानों को भारी पड़ेगा। आरटीओ ने ऐसे वाहनों पर कार्रवाई का फरमान जारी किया है। खेती कार्य के लिए खेतों में गीली मिट्?टी को मिलाने के लिए ट्रैक्टरों में चक्के के साथ कैज व्हील लगाई जाती है। खेत में काम पूरा होने के बाद कैज व्हील लगे हुए ट्रैक्टर को किसान सड़क पर चलाते हैं।खासकर ग्रामीण क्षेत्र में ऐसे ट्रैक्टर नजर आते हैं, जबकि ऐसा करना मोटर वाहन अधिनियम का उल्लंघन है। कैज व्हील के कारण जहां एक ओर सड़क खराब होती हैं तो दूसरी ओर चक्कों के बाहर लगे होने के कारण दुर्घटना की आशंका बनी रहती है। इसलिए आरटीओ विवेक सिन्हा ने इस संबंध में परिवहन विभाग के उड़न दस्ता टीम को कार्रवाई के लिए निर्देश जारी किया है। उन्होंने किसानों से कहा है कि कृषि कार्य के लिए उपयोग करने वाले कैज व्हील को लगाकर सड़क पर न चलाएं, इससे सड़क को नुकसान पहुंचता है।

## वाहनों की खरीदी बिकरी पर लगेगा टैक्स

**कोरबा।** छत्तीसगढ़ में अब पुराने वाहनों की खरीदी-बिक्री पर 1 प्रतिशत टैक्स देना होगा। गाड़ी चाहे बाइक हो या कार। ट्रकों और सभी तरह के माल वाहकों के लिए भी ये नियम लागू कर दिया गया है। टैक्स के बिना वाहन मालिक का नाम ट्रांसफर ही नहीं होगा। इस नए सिस्टम के लागू होने से वाहन 10 लाख का होने पर 10 हजार और 20 लाख का होने पर 1 फीसदी की दर से 20 हजार टैक्स देना पड़ेगा। परिवहन विभाग के ऑनलाइन सिस्टम में 1 प्रतिशत टैक्स को अपडेट कर दिया गया है। चूंकि आरटीओ में वाहनों का पूरा रिकार्ड ऑनलाइन ही मैनेज किया जा रहा है। ऐसे में टैक्स अदा किए बिना नाम ट्रांसफर की प्रक्रिया ही आगे नहीं बढ़ेगी। राज्य के सभी आरटीओ कार्यालय में 1 फीसदी टैक्स की वसूली शुरू कर दी गई है। वाहन पुराना होने पर भी टैक्स में किसी तरह की छूट नहीं दी जाएगी। यानी अगर वाहन 10 साल पुराना भी है तो उसकी कीमत के आधार पर टैक्स में किसी तरह की कमी नहीं की जाएगी। 1 फीसदी टैक्स की वसूली वाहन के शोरूम की कीमत से होगी। यानी गाड़ी की शोरूम में खरीदते समय जितनी कीमत थी, उसी कीमत पर टैक्स लिया जाएगा। इस नियम में ये भी स्पष्ट कर दिया गया है कि एक वाहन चाहे कितनी बार भी बिके, हर बार नाम ट्रांसफर करने के पहले एक फीसदी टैक्स वसूला जाएगा।दिल्ली से लग्जरी गाड़ी लाकर बेचने वालों के कारोबार को झटका.1 फीसदी टैक्स लागू किए जाने के नए नियम से दिल्ली से वाहन लाकर बेचने वालों के कारोबार पर तगड़ा झटका लगेगा। दिल्ली में 15 साल पुराने वाहनों का परिचालन अवैध है। यानी वहां 15 साल के बाद कोई भी वाहन नहीं चलाए जा सकते हैं, लेकिन छत्तीसगढ़ में री रजिस्ट्रेशन के बाद उन वाहनों को चलाया जा सकता है। यही वजह है कि पिछले कुछ वर्षों से दिल्ली के लग्जरी वाहनों की खरीदी-बिक्री यहां बढ़ गई है।50-60 लाख से एक-एक करोड़ तक की लग्जरी गाड़ियां वहां से कम कीमत पर खरीदकर एजेंट रायपुर में अच्छी कीमतों पर बेच रहे हैं। यहां चूंकि री रजिस्ट्रेशन के अलावा सीजी सीरीज का नंबर भी आसानी से मिल जाता है। इसलिए लोग दिल्ली के लग्जरी वाहन खरीद लेते हैं। अब दिल्ली से लाई जाने वाली गाड़ी जितनी महंगी होगी, 1 फीसदी टैक्स के हिसाब से उतना ज्यादा टैक्स लगेगा। इस वजह से वहां से लाकर गाड़ियों की खरीदी-बिक्री के कारोबार पर असर पड़ेगा।

# स्वामी आत्मानंद स्कूलों में विभिन्न पदों पर भर्ती हेतु अभिलेख सत्यापन और साक्षात्कार का आयोजन कल से

**कोरबा ।** जिले में संचालित स्वामी आत्मानंद शासकीय इंग्लिश स्कूल में रिक्त पदों पर मेरिट सूची के अनुसार भर्ती प्रक्रिया संपादित की जाएगी। इसके लिए 6 अक्टूबर से 9 अक्टूबर तक अभिलेख सत्यापन और साक्षात्कार का आयोजन स्वामी आत्मानंद विद्यालय एनसीडीसी कोरबा में किया जाएगा। व्याख्याता, शिक्षक कंप्यूटर शिक्षक, व्यायाम शिक्षक, सहायक शिक्षक, ग्रंथपाल, प्रयोगशाला सहायक, प्रधान पाठक, सहायक ग्रेड के विभिन्न पदों पर भर्ती हेतु अभ्यर्थियों से आवेदन मंगाए गए थे।

जिला शिक्षा अधिकारी श्री तामेश्वर उपाध्याय द्वारा बताया गया है कि पदवार/ विषयवार दस्तावेज सत्यापन एवं साक्षात्कार 6 अक्टूबर 2025 से आयोजित की जाएगी। 6 अक्टूबर को व्याख्याता भौतिक, रसायन, जीव विज्ञान, अंग्रेजी सामाजिक विज्ञान तथा गणित विषय 7 अक्टूबर 2025 को शिक्षक विज्ञान, अंग्रेजी,कला, गणित, कंप्यूटर शिक्षक, व्यायाम शिक्षक, सहायक शिक्षक, ग्रंथपाल पद हेतु अभिलेख सत्यापन और साक्षात्कार का आयोजन किया जाएगा। 8 अक्टूबर को प्रयोगशाला सहायक, प्रधान पाठक-प्राथमिक शाला, प्रधान पाठक-माध्यमिक शाला का और 9 अक्टूबर को सहायक ग्रेड दो और सहायक ग्रेड 3 का अभिलेख सत्यापन और साक्षात्कार होगा। सभी पदों हेतु अभिलेख सत्यापन का समय सुबह 9:00 बजे से 11:00 तक तथा साक्षात्कार की प्रक्रिया सुबह 11:30 बजे से प्रारंभ होगी।जिला शिक्षा अधिकारी (मो 8305773677) से प्राप्त जानकारी के अनुसार अभिलेख सत्यापन /साक्षात्कार के लिए निर्धारित तिथि / समय में परिवर्तन का कोई भी आवेदन स्वीकार नहीं किया जाएगा। नीचे लिखे निर्देशों का भली भांति अध्ययन कर ले एवं आवश्यक मूल दस्तावेजों के साथ निर्धारित तिथि एवं समय पर स्वामी आत्मानंद उत्कृष्ट हिन्दी माध्यम विद्यालय एन. सी. डी. सी. कोरबा में उपस्थित होवे ।हाई स्कूल / हायर सेकेण्डरी न्यूनतम शैक्षणिक योग्यता, अन्य व्यवसायिक योग्यता, टी.ई.टी. मूल निवास प्रमाण पत्र जाति प्रमाण पत्र एवं अन्य प्रमाण पत्र ( यदि कोई हो तो) की मूल प्रति एवं 02 सेट स्वप्रमाणित छायाप्रति संलग्न प्रारूप के साथ लायें। अभ्यर्थी अपना दो नवीनतम पासपोर्ट साईज का फोटोग्राफ अनिवार्य रूप से साथ लायें। अभ्यर्थी अपने पहचान सत्यापन हेतु किसी भी शासकीय विभाग / संस्था द्वारा जारी फोटोयुक्त पहचान पत्र जैसे मतदाता पहचान पत्र ड्राइविंग लाईसेंस आधार कार्ड पेन कार्ड आदि में से कोई भी एक पहचान पत्र की मूल प्रति एवं 02 सेट छायाप्रति स्वप्रमाणिक कर साथ लाये। यह स्पष्ट किया जाता है कि दस्तावेज सत्यापन एवं साक्षात्कार में अनुपस्थित रहने वाले आवेदकों को चयन के लिए अनर्ह माना जायेगा तथा निर्धारित तिथि में दस्तावेजो के सत्यापन / साक्षात्कार में अनुपस्थित रहने वाले अभ्यर्थियों को पुन कोई भी अवसर प्रदान नही किया जावेगा।

# वरिष्ठ नेताओं की उपेक्षा दुर्भाग्यजनक :नूतन



कोरबा। छत्तीसगढ़ के वरिष्ठ एवं कद्दावर भाजपा नेता ननकी राम कंवर की उपेक्षा एवं उनको नजरबंद किया जाना अत्यंत दुर्भाग्यजनक है। ननकीराम कंवर कोरबा में भाजपा के लिए भीष्म पितामह की भूमिका में हैं, पूर्व गृहमंत्री का इस प्रकार उपेक्षा किया जाना और उनको अपमानित करना संगठन की बहुत बड़ी कमजोरी है। नूतनसिंह ठाकुर सभापति, नगर पालिक निगम कोरबा ने इस घटनाक्रम पर जारी अपने बयान में कहा है कि भाजपा को यह नहीं भूलना चाहिए कि ननकी राम कंवर ने जिस प्रकार कांग्रेस के घोटाले को उजागर किया उससे भाजपा के पक्ष में पूरे छत्तीसगढ़ में माहौल बना और भाजपा आज सत्तासीन है। भाजपा को सत्ता में लाने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाने वाले ननकीराम को महत्वहीन करना कोरबा जिले में छत्तीसगढ़िया नेतृत्व को लूप लाइन में भेजने की साजिश का हिस्सा है। कांग्रेस की सरकार ने अधिकारियों को आंख मूंदकर संरक्षण दिया था जिसका परिणाम यह हुआ कि कांग्रेस सत्ता से दूर हो गई। कोरबा जिले में एक साजिश के तहत छत्तीसगढ़िया नेताओं को चुन-चुनकर ठिकाने लगाने का प्रयास किया जा रहा है। लखन देवांगन का इस्तीफा मांगा जा रहा था, मनोज शर्मा को पद से हटा दिया गया, विकास महतो का विरोध किया गया। जिला पंचायत अध्यक्ष का पद आरक्षित नहीं होता तो उसमें भी किसी पूंजीपति को बैठा दिया गया होता। बिना जनाधार वाले भाजपा नेता आज सत्ता की मलाई खा रहे हैं जबकि सत्ता के लिए संघर्ष करने वाले भाजपा के जमीनी नेता आज उपेक्षा का शिकार हो रहे हैं। भाजपा के शीर्ष नेतृत्व को समझना होगा कि वरिष्ठ और जमीनी नेताओ की उपेक्षा और अपमान से भाजपा को भारी नुक़सान उठाना पड़ेगा। छत्तीसगढ़िया नेताओं के खिलाफ साजिश और उनको महत्वहीन करने की कोशिश पर आम जनता के मन में गहरा आक्रोश भर रहा है।

# नगर निगम आयुक्त आशुतोष पाण्डेय सहित 36 प्रतिभागियों ने काफी प्वाइंट की वादियों को किया फतह

**कोरबा।** स्वच्छ शहर व स्वच्छ गांव-स्वच्छ तन व मन-निर्मल पर्यावरण की थीम को लेकर माउंटेन राइड आन व्हील्स की तर्ज पर नगर निगम आयुक्त आशुतोष पाण्डेय की विशेष पहल पर कोरबा में साइकिल थान का ऐतिहासिक आयोजन नगर पालिक निगम कोरबा, जिला व पुलिस प्रशासन, खेल विभाग, वन विभाग, साइकिलिंग संघ आदि के सहयोग से किया गया, वहीं आयोजन के सारे इंतजाम नगर निगम द्वारा कराए गए थे। टी.पी. नगर चौक से बालको होते हुए काफी प्वाइंट तक और फिर उसी मार्ग से वापसी करते हुए नगर निगम कार्यालय साकेत भवन तक कुल 53 किलोमीटर लंबे इस ऐतिहासिक साइकिल थान में नगर निगम आयुक्त आशुतोष पाण्डेय सहित कुल 75 प्रतिभागियों ने भाग लिया, जिसमें 36 प्रतिभागियों ने काफी प्वाइंट की वादियों को फतह करते हुए अंतिम छोर तक पहुंचे तथा फिर साकेत भवन तक वापसी की यात्रा भी पूर्ण की। इस दौरान प्रतिभागियों का उत्साहवर्धन करते हुए आयुक्त श्री पाण्डेय ने भी साइकिल चलाते हुए काफी प्वाइंट के अंतिम छोर तक पहुंचकर पुन: उसी मार्ग से साइकिलिंग करते हुए साकेत भवन तक की यात्रा लगातार बारिश के बीच पूरी की। साइकिल थान की इस ऐतिहासिक प्रतियोगिता में 18 वर्षीय दिव्यांशु सिंह ने 01 घंटे 39 मिनट 25 सेकंड में यह यात्रा पूर्ण कर प्रथम स्थान प्राप्त किया, वहीं लक्ष्य रात्रे 01 घंटा 41 मिनट में यह यात्रा पूरी कर दूसरे स्थान



पर रहे, जबकि संतोष गुप्ता ने 01 घंटे 41 मिनट 02 सेकंड में यह यात्रा पूरी की तथा प्रतियोगिता का तीसरा स्थान अर्जित किया, इसी प्रकार महिला प्रतिभागियों में अनम सिद्दीकी प्रथम स्थान पर रही व अनसुईया कंवर ने दूसरा स्थान प्राप्त किया, वहीं टाप टेन के चौथे स्थान पर राम पटेल, पांचवे स्थान पर जुनैद खान, छठवें स्थान पर नैतिक तिवारी, सातवें स्थान पर पुस्कर तिवारी, आठवें स्थान पर देवांशु भानु, नौवें स्थान पर अमितेश सिंह एवं दसवें स्थान पर जाहिद अली रहें।चूंकि पर्यावरण स्वास्थ के साथ-साथ इस आयोजन की प्रमुख थीम स्वच्छता व साफ-सफाई भी थी, निगम के स्वास्थ्य अधिकारी डॉ. संजय तिवारी की देखरेख में इस आयोजन के दौरान निगम की स्वच्छता टीम ने काफी प्वाइंट की वादियों व संपूर्ण मार्ग के आक्सीजोन से 03 क्विंटल प्लास्टिक कचरा एकत्र किया तथा एक अभियान के रूप संपूर्ण मार्ग की साफ-सफाई की।साइकिल थान का समापन नगर निगम कार्यालय साकेत भवन पहुंचकर संपन्न हुआ, इस मौके पर आयोजित कार्यक्रम के दौरान महापौर श्रीमती संजूदेवी राजपूत एवं आयुक्त आशुतोष पाण्डेय ने विजेताओं व प्रतिभागियों को पुरस्कार व प्रमाण पत्र प्रदान किए गए। इसके तहत प्रथम पुरस्कार 11 हजार रूपये, द्वितीय पुरस्कार 07 हजार रूपये तथा तृतीय पुरस्कार 05 हजार रूपये प्रदान किए गए।

## बूँदकुंवर का सपना हुआ साकार, अयोध्या में रामलला का दर्शन कर खुद को मानती है सौभाग्यशाली

**कोरबा ।** उनहत्तर वर्षीय बूँदकुंवर का जीवन संघर्षों और उम्मीदों से भरा रहा है। पति के निधन के बाद उन्होंने अपने जीवन की डोर मजबूती से संभाली और अपने बेटे तथा बहू के साथ सादगीपूर्ण जीवन जीती रहीं।



बूँदकुंवर हमेशा से यह इच्छा रखती थीं कि वे जीवन में एक बार भगवान श्रीराम के जन्मस्थान अयोध्या जाकर रामलला के दर्शन करें। लेकिन सीमित साधन और उम्र के कारण यह सपना अधूरा रह गया था। जब छत्तीसगढ़ सरकार की मुख्यमंत्री तीर्थ यात्रा योजना की जानकारी उनके गांव तक पहुँची, तो उनके भीतर नई आशा जगी। उन्होंने आवेदन किया, और योजना के तहत उनका चयन हुआ। यात्रा में उनके साथ सहयोगी पल्लवी और गीता भी थीं, जिन्होंने उन्हें पूरा सहयोग दिया। सरकार की इस पहल के माध्यम से बूँदकुंवर ने गांव से बिलासपुर तक बस की, फिर बिलासपुर से अयोध्या तक रेल यात्रा की और अयोध्या धाम पहुंचीं। अयोध्या में भगवान रामलला के दर्शन कर लौटने के बाद वह गांव में अपनी यात्रा और सरकार की इस योजना की तारीफें करती नहीं थकती। कोरबा जिले के पोड़ी उपरोड़ा विकासखण्ड अंतर्गत ग्राम जटगा की रहने वाली बूंदकुंवर ने बताया कि जब उन्होंने रामलला के दर्शन किए, तो उनकी आंखों से खुशी के आंसू छलक पड़े। वे बोलीं मैंने कभी नहीं सोचा था कि अपने जीवन में भगवान रामलला के दर्शन कर पाऊंगी। सरकार ने जो अवसर दिया, उसके लिए मैं बहुत आभारी हूं.बूँदकुंवर ने प्रधानमंत्री आवास योजना के तहत अपना खुद का घर भी बनवाया है। अब उनके पास सिर पर छत है और मन में संतोष कि सरकार की योजनाओं ने उनके जीवन को नई दिशा दी है। उन्होंने बताया कि अभी बेटा-बहू के साथ गांव में रहती है। उन्हें महतारी वंदन योजना से भी हर माह एक हजार रूपए मिलते हैं। इस राशि का उपयोग वह अपने जरूरी कामों में खर्च करती है। गांव में प्रतिश्ठित बूँदकुंवर की कहानी गांव की अन्य महिलाओं के लिए प्रेरणा बन गई है। वह अपनी यादगार यात्रा के रोचक किस्सों को अक्सर किसी न किसी को बताती है।

# बांगो बांध का गेट तीसरी बार खोलने की तैयारी

**कोरबा ।** जलग्रहण क्षेत्र में अत्यधिक वर्षा के कारण दिनांक 04/10/2025 को शाम 6 बजे मिनीमाता बांगो बांध का जलस्तर 358.10 मीटर एवं जलभराव 90.71 प्रतिशत हो गया है। बांध का जलस्तर एवं जल की आवक लगातार बढ रही है। जलभराव 92 प्रतिशत के आसपास होने पर या जल की अत्यधिक मात्रा में आवक होने पर मिनीमाता बांगो बांध के गेट पुन: तृतीय बार खोले जा सकते हैं।

कलेक्टर श्री अजीत वसंत ने जिले में हो रही बारिश को ध्यान में रखते हुए बाढ़ की स्थिति के नियंत्रण हेतु सभी एसडीएम को सतर्क रहने के निर्देश दिए हैं। उन्होंने स्वास्थ्य, विद्युत एवं अन्य लाइन डिपार्टमेंटल अधिकारी कर्मचारियों को सक्रियता से कार्य करने निर्देशित किया है। उन्होंने बांध एवं नदी के समीपस्थ इलाकों से चल अचल परिसम्पत्तियों को हटाने हेतु ग्रामीण क्षेत्रो में मुनादी कराने के भी निर्देश दिए हैं।कार्यपालन अभियंता मिनीमाता बांगो बांगों बांध संभाग क्र. 3 माचाडोली श्री धमेन्द्र निखरा (मो-7089042603) ने सर्व साधारण एवं कार्य संबंधितों से बांध से नीचे एवं हसदेव नदी के किनारे, बाढ़ क्षेत्र में स्थापित चल-अचल सम्पत्ति सुरक्षित स्थानों पर ले जाने का आग्रह किया है। साथ ही बाढ़ क्षेत्र में स्थापित खनिज खदान ठेकेदार, औद्योगिक इकाईयां, संस्थानों आदि को भी सूचित किया गया है कि वे अपनी परिसम्पत्तियों को बाढ़ क्षेत्र से बाहर निकालना सुनिश्चित कर लें। अकस्मात बाढ़ से होने वाली किसी भी प्रकार की क्षति के लिए जल संसाधन विभाग उत्तरदायी नहीं होगा। कार्यपालन अभियंता मिनीमाता बांगो बांध एवं हसदेव बराज जल प्रबंध संभाग को बाढ़ क्षेत्र में आने वाले गांवों में बाढ़ चेतावनी की मुनादी करवाने की अपील की गई है। बाढ़ क्षेत्र में आने वाले संभावित गांवो में बांगो, चर्रा, पोड़ी-उपरोड़ा, कोनकोना, लेपरा, टुनियाकछार, पाथा, गाड़ाघाट, छिनमेर, कछार, कल्मीपारा, सिलयारीपारा, जुनापारा, तिलाईडांड, डुगुपारा, टुंगुमाड़ा, छिर्रापारा, मछलीबाटा, कोरियाघाट, धनगांव, डोंगाघाट, नरमदा, औराकछार, सोनगुड़ा, जेल गांव, झाबू, नवांगांव, तिलसाभाटा, लोतलोता, स्याहीमुड़ी, कोडा, हथमार, झोरा, सिरकीकला आदि शामिल हैं।

# भूविस्थापितों ने किया अनोखा प्रदर्शन

**कोरबा-कुसमुण्डा।** 3 दिवसीय आंदोलन की चेतावनी के तहत एसईसीएल कुसमुंडा में मुख्य महाप्रबंधक कार्यालय के मुख्य गेट पर तालाबंद कर गेट के सामने खाट लगाकर हड़िया-बर्तन रखकर रोजगार की मांग को लेकर धरना प्रदर्शन शुरू किया गया। महिलाओं व पुरुषों ने अपनी मांगों को बुलंद करते हुए एक बार फिर मोर्चा खोलकर कुसमुण्डा प्रबंधन के अधिकारियों को सकते में ला दिया। प्रदर्शन के दौरान एसईसीएल के अधिकारियों के साथ भूविस्थापितों की नोंक-झोंक भी होती रही।

प्रभावित भूविस्थापित गोमती केवट सहित अन्य महिलाओं व उनके परिजनों ने कहा कि जब खदान के लिए उनकी जमीन ले ली गई है तो उनके परिवार को नौकरी क्यों नहीं मिली? गोमती केवट ने बताया कि उसके ससुर के खाता पर कोई दूसरा नौकरी कर रहा है जिसे वह नहीं जानती और परिवार से दूर-दूर तक कोई रिश्ता नहीं है। पिछले बार भी गोमती केवट के आंदोलन के बाद संबंधित व्यक्ति के बारे में जांच पड़ताल कराई गई और इस बार उसके विरुद्ध आरोप पत्र जारी करते हुए सख्त एक्शन लिया जा रहा है।एसईसीएल प्रबंधन की ओर से गोमती केवट को इस आरोप पत्र की जानकारी देते हुए फिलहाल गोमती केवट के धारदार आंदोलन को स्थगित करा पाने में प्रबंधन सफल तो हो गया लेकिन अन्य भूविस्थापित जिन्होंने 8,9 और 10 सितंबर तक धरना प्रदर्शन की चेतावनी दी है, वह मौके पर ही डटे हुए हैं।जगन्नाथपुर उपक्षेत्र में बतौर फिटर कार्यरत प्रहलाद पिता रमेश पर आरोप है कि वह फर्जी नौकरी कर रहा है। उसे जारी प्रबन्धन के आरोप पत्र में कहा गया है कि-

श्रीमती गोमती केंवट पति श्री विजय केवट, नरईबोध जेलपारा, पो0-गेवरा बस्ती, जिला-कोरबा (छ0ग0) के द्वारा पत्र संख्या 554 दिनांक 02.07.2025 के माध्यम से यह शिकायत किया गया है कि उनके ससुर रमेश आ0 सालिकराम के नाम पर ग्राम-मनगाँव, तहसील-दीपका, जिला-कोरबा (छग) में भूमि खसरा नम्बर 398/2, 398/3, 418/2, 432, 434/3ख, 437, 438/2, 441/2, 441/3 कुल रकबा 4.98 एकड़ भूमि स्थित थी। जिसे एसईसीएल कुसमुण्डा क्षेत्र द्वारा कोयला उत्खनन के लिए अर्जन किया गया है।

## वरिष्ठ पत्रकार स्व. जसराज जैन को दी गई श्रद्धांजलि

**कोरबा।** विभिन्न क्षेत्र से जुड़े प्रतिनिधि शामिल हुए, योगदान को याद कियाकोरबा के पत्रकारिता जगत में लंबे समय तक सेवा देने वाले वरिष्ठ पत्रकार जसराज जैन का पिछले दिनों निधन हो गया। मुझे अपने पीछे कई यादें छोड़ गए। कोरबा के पीली कोठी दीनदयाल मार्केट में परिजनों के द्वारा श्रद्धांजलि सभा का आयोजन शनिवार को किया गया। विभिन्न संगठनों से जुड़े लोग इस मौके पर उपस्थित हुए और जसराज जैन को श्रद्धांजलि दी।

पीली कोठी में जैन परिवार की ओर से सामाजिक व्यवस्था के अंतर्गत मिलन और श्रद्धांजलि सभा का आयोजन किया गया। इसमें जैन समाज के अलावा विभिन्न सामाजिक, धार्मिक और आर्थिक संगठनों के लिए काम करने वाले लोगों ने उपस्थित होकर सरगी जसराज जैन के छायाचित्र पर श्रद्धा सुमन अर्पित किये। विधानसभा के नेता प्रतिपक्ष चरण दास महंत, महापौर संजू देवी राजपूत, जिला भाजपा अध्यक्ष गोपाल मोदी, पूर्व महापौर जोगेश लाम्बा सहित अन्य प्रतिनिधियों ने स्मृति से जसराज जैन के व्यक्तित्व और कार्यों से संबंधित यादों पर

## कोयला और इस्पात समिति का पुर्नगठन

**कोरबा।** कोयला और इस्पात समिति का पुनर्गठन किया गया है। विभाग संबंधित संसदीय स्थायी समितियों के तहत गठित समिति से राज्यसभा के तीन सदस्य बाहर हुए हैं तथा एक नया सदस्य को शामिल किया गया। समिति के दो सदस्य पद रिक्त रखे गए हैं। 31 सदस्यीय समिति में लोकसभा से 21 और राज्यसभा से 10 सांसद सम्मिलित किए जाते हैं। 26 सितम्बर, 2025 को समिति का पुनर्गठन किया गया। इसमें लोकसभा के सभी 21 सांसदों को सदस्य के रूप में यथावत रखा गया है। कोयला और इस्पात समिति के चेयरमैन अनुराग ठाकुर भी यथावत हैं।राज्यसभा से लिए जाने वाले सदस्यों में बदलाव किया गया है। समिति में शामिल रहे रवंगव्रा नारज़ारी, मानस रंजन मंगराज, फौजिया तहसीन अहमद खान को बाहर किया गया है। नए सदस्य के तौर राज्यसभा के सांसद डॉ. सरफराज अहमद को सम्मिलित किया गया है। पुनर्गठन में राज्यसभा से लिए जाने वाले सदस्य के दो पद रिक्त रखे गए हैं। पुनर्गठन के बाद कोयला और इस्पात समिति इस प्रकार है लोकसभा से शामिल आदित्य यादव ,अनंत नायक, अनुराग सिंह ठाकुर., बीके पार्थसारथी., भारती पारधी., बिद्युत बरन महतो, धानोरकर प्रतिभा सुरेश उर्फ बालू भाऊ गोविंद मकथप्पा करजोल, हरीश चन्द्र मीना. ,श्रीमती ज्योत्सना चरणदास महंत,. काली चरण सिंह. ,कमलेश जांगड़े. ,मन्ना लाल रावत., राज कुमार चब्बेवाल,. डॉ. राजकुमार सांगवान., रूप कुमारी चौधरी., एस वेंकटेशन., टी.एम. सेल्वगणपति,. शत्रुघ्न सिन्हा., सुखदेव भगत. ,विजय कुमार हंसदक राज्यसभा से इन्हें किया गया शामिल डॉ. सरफराज अहमद, आदित्य प्रसाद,अनिल कुमार यादव ,मंदादी दीपक प्रकाश, देवेन्द्र प्रताप सिंह ,महुआ माजी ,प्रदीप कुमार वर्मा,सुब्रत बख्शी

# जय श्रीराम के जयघोष से गूंज उठा दादर, रावण दहन और जस गीत में उमड़ा आस्था का सागर

**कोरबा।** दुर्गा पूजा एवं दशहरा उत्सव समिति दादर द्वारा आयोजित जस गीत और रावण दहन का आयोजन इस वर्ष भी भव्यता और भक्तिमय वातावरण में संपन्न हुआ। जय श्रीराम के गगनभेदी नारों और चमकदार आतिशबाजी के बीच बुराई पर अच्छाई की जीत का उत्सव मनाया गया। शुक्रवार को बारिश के बावजूद श्रद्धालुओं का उत्साह कम नहीं हुआ। मां महाकाली और श्रीराम की सेना की आकर्षक झांकियों ने आयोजन को भक्ति और संस्कृति का अद्भुत संगम बना दिया। भाजपा जिलाध्यक्ष गोपाल मोदी के मुख्य आतिथ्य व महापौर श्रीमती संजू देवी राजपूत, निवर्तमान जिलाध्यक्ष डॉ राजीव सिंह एवं महामंत्री युवा मोर्चा नरेंद्र देवांगन के गरिमामय उपस्थिति ने समारोह की शोभा बढ़ा दी।



इस भक्तिमय और उत्सवपूर्ण आयोजन को जिलाध्यक्ष गोपाल मोदी सहित मंचस्त अतिथियों ने संबोधित करते हुए कहा कि विजयादशमी का यह पर्व बुराई पर अच्छाई और असत्य पर सत्य की विजय का प्रतीक है। भगवान श्रीराम ने इसी दिन रावण का वध कर धर्म और मर्यादा की स्थापना की थी। यह पर्व हमें संकल्प दिलाता है कि हम अपने जीवन में नकारात्मकता, ईर्ष्या, क्रोध और बुराइयों को समाप्त कर सच्चाई, सद्भावना और मानवता के मार्ग पर चलें। दशहरा का त्यौहार शक्ति, साहस और धर्म के मार्ग पर चलने की प्रेरणा देता है। समाज और राष्ट्र की उन्नति के लिए हमें मिलजुलकर कार्य करना चाहिए। अतिथियों ने जिलेवासियों के जीवन में सुख, शांति, समृद्धि और आरोग्यता की मंगलकामना कीद्य

जस गीत सम्राट देवेश शर्मा के मधुर भजनो और इंदौर से आए आकर्षक झांकी में भक्तों को मंत्रमुग्ध कर दिया। मां महाकाली सहित अन्य देवियों की झांकी को देख लोगों में भक्ति का जो उत्साह नजर आया वह देखने लायक था, भक्तिपूर्ण वातावरण में वे सभी झूम उठे। समिति के पदाधिकारियों ने सभी का आभार व्यक्त किया और इस आयोजन की सफलता पर खुशी जताई। दादर का यह विजयादशमी उत्सव ग्रामीण संस्कृति और भक्ति का अद्भुत संगम साबित हुआ।

दुर्गा पूजा एवं दशहरा उत्सव समिति दादर द्वारा नवरात्र के पावन पर विगत 12 वर्षों से आयोजन किया जा रहा हैं। आकर्षक पंडाल के साथ पूरे नौ दिनों तक गरबा डांडिया और मेला का आयोजन किया जाता हैं, साथ ही समिति द्वारा दशहरे के दिन यहां आयोजित दिन मेले का लोगों ने खूब आनंद लिया? तथा उन्होंने कार्यक्रम की जमकर प्रशंसा की। इस अवसर पर दुर्गा पूजा एवं दशहरा उत्सव समिति दादर के अध्यक्ष हरि पटेल, सचिव अरुण यादव, कोषाध्यक्ष उमाशंकर पटेल, मंडल अध्यक्ष डॉ राजेश राठौर, जिला मीडिया प्रभारी अर्जुन गुप्ता, नीरज ठाकुर, सरस्वती पटेल, भरत सोनी व गोप लाल राठिया सहित भारी संख्या में लोग उपस्थित ।

## पुटीपखना में कोयला खदान खोले जाने का विरोध

**कोरबा।** जिले के चोटिया पसान तहसील के पुटीपखना गांव में प्रस्तावित निजी कोयला खदान को लेकर ग्रामीणों और स्थानीय राजनीतिक दलों में भारी असंतोष देखने को मिल रहा है। गोंडवाना गणराज्य पार्टी (जीजीपी) ने तहसीलदार को ज्ञापन सौंपकर खदान प्रस्ताव के खिलाफ अपने विरोध को स्पष्ट किया और अगर प्रशासन ग्रामीणों की आपत्तियों पर ध्यान नहीं देता है तो आंदोलन छेड़ने की चेतावनी भी दी है।

पार्टी के ब्लॉक अध्यक्ष दीनानाथ आयाम ने तहसीलदार वीरेंद्र कुमार श्याम को ज्ञापन सौंपते हुए कहा कि रुगटा संस प्राइवेट लिमिटेड, चाईबांसा को कोल माइंस आवंटित किया गया है। इसके लिए एसडीएम पोड़ी उपरोड़ा ने पंचायत सचिवों को आदेश जारी कर ग्रामसभा में प्रस्ताव ठहराने के लिए कहा था। उन्होंने बताया कि ग्रामीणों ने ग्रामसभा में खुले तौर पर खदान के खिलाफ अपनी आपत्ति दर्ज कराई है।दीनानाथ आयाम ने चेतावनी दी कि जल, जंगल और जमीन की सुरक्षा के लिए सड़क पर उतरकर संघर्ष किया जाएगा। उन्होंने कहा, पुटीपखना के लोग खदान का किसी भी रूप में विरोध कर रहे हैं। प्रशासन को चाहिए कि वह गंभीरता से इस पर ध्यान दे और स्थानीय लोगों की मांगों को गंभीरता से सुने। अगर उनकी आवाज़ को अनसुना किया गया, तो हमें मजबूरी में आंदोलन करना पड़ेगा।

स्थानीय ग्रामीणों का कहना है कि निजी कोयला खदान के चलते उनकी जीवन शैली, पर्यावरण और प्राकृतिक संसाधनों पर गंभीर खतरा पैदा होगा। उन्होंने आरोप लगाया कि खदान के प्रस्ताव से न केवल जंगलों की कटाई होगी बल्कि जल स्त्रोतों पर भी असर पड़ेगा, जिससे गांव के निवासियों की जल आपूर्ति प्रभावित हो सकती है।विशेषज्ञों का कहना है कि खनन गतिविधियां लंबे समय तक इलाके में सामाजिक और पर्यावरणीय समस्याएं उत्पन्न कर सकती हैं।

# कामाख्या और गंगासागर का दर्शन करेंगे यात्री



**चांपा।** शनिवार को चांपा रेलवे स्टेशन पर धार्मिक वातावरण और भावनात्मक दृश्य देखने को मिला, जब त्रिपुर यात्रा सेवा समिति द्वारा संचालित विशेष तीर्थयात्रा ट्रेन को नेता प्रतिपक्ष डॉ. चरणदास महंत ने हरी झंडी दिखाकर रवाना किया।

850 श्रद्धालुओं को लेकर रवाना हुई यह ट्रेन ओडिशा के श्री जगन्नाथ धाम, असम के मां कामाख्या मंदिर और गंगासागर स्नान के लिए जा रही है। डॉ. महंत ने इस मौके पर कहा जो लोग यात्रा पर जा रहे हैं, वे पुण्य के भागीदार हैं और जो इसे संभव बना रहे हैं, वे भी सेवा के माध्यम से पुण्य अर्जित कर रहे हैं। इस अवसर पर पूर्व मंत्री जय सिंह अग्रवाल ने त्रिपुर यात्रा समिति की सेवाओं की सराहना कर कहा कि पिछले 15 वर्षों से समिति समाज सेवा और धार्मिक यात्राओं में निरंतर कार्यरत है। चांपा स्टेशन पर यात्रियों ने हर-हर महादेव, जय मां कामाख्या और जय जगन्नाथ के जयघोष के साथ यात्रा की शुरुआत की। फूलों से सजी ट्रेन, भक्ति गीतों की धुन और यात्रियों की आस्था ने स्टेशन परिसर को पूरी तरह धार्मिक रंग में रंग दिया।

यात्रा के दौरान प्रसाद, जल, चिकित्सा और सुरक्षा की विशेष व्यवस्था की गई है। समिति के संस्थापक सदस्य साहिल यादव और राहुल यादव ने बताया कि उनका उद्देश्य केवल तीर्थयात्रा कराना नहीं, बल्कि समाज में एकता और श्रद्धा की भावना को मजबूत करना है। इस दौरान ठाकुर गुलजार सिंह, धीरेन्द्र बाजपेई, उमेश तिवारी, नागेंद्र गुप्ता, सुनील साधवानी, गुलशन सोनी, दीपक गुप्ता, हरीश पांडेय, राजू शर्मा, नरेंद्र शर्मा सहित बड़ी संख्या में लोग उपस्थित थे।

## कोसला में चलाया स्वच्छता अभियान

**कोसला।** एक कदम स्वच्छता की ओर स्वच्छ भारत अभियान के तहत ग्राम पंचायत कोसला के वार्ड क्रमांक 06 के पंच रमेश कुमार कश्यप की ओर से स्वच्छता अभियान चलाया गया। इसमें बंधवा तालाब के किनारे बने सामुदायिक मंच के ऊपर सालों से जामे पत्तों व गंदगी की सफाई कर पानी से छत किया गया। बंधवा पारा मोहल्ले में स्थित आंगनबाड़ी केन्द्र के छत जमें हुए कचरे को भी सफाई कर बाहर निकाला गया। पंच रमेश ने मोहल्ले के युवा साथियों की मदद से साफ-सफाई कर भवनों की सुरक्षा में स्वच्छता अभियान का कार्यक्रम किया। इस अवसर पर वीरू पटेल, सिद्धी कश्यप, साहिल यादव, किशन यादव, अशोक कश्यप, महारथी पटेल, सरजू कश्यप, राजेश पटेल, देव साहू, भागीरथी पटेल, कौशल कश्यप आदि मौजूद रहे।

# चोरी के बाद चौकीदार की हत्या करने के मामले में आरोपी गिरफ्तार



**सक्ती।** मकान में चोरी के लिए घुसे चोर ने अपने साथियों के साथ मिलकर चौकीदार की हत्या कर दी। मामले में पुलिस ने आरोपी को? गिरफ्तार कर लिया है। उसके फरार आरोपियों की तलाश की जा रही है।

गत 29 सितंबर की शाम करीब 7.30 से 9 बजे के बीच ग्राम गिरगिरा निवासी हरिहर साहू की धारदार हथियार से निर्मम हत्या कर दी गई। हरिहर साहू मकान मालिक कमल कुमार साहू के घर की रखवाली कर रहे थे। तभी अज्ञात हमलावरों ने उन पर हमला कर दिया। घटना की सूचना मिलते ही थाना प्रभारी गगन बाजपेई समेत पुलिस की टीम मौके पर पहुंची और जांच शुरू कर दी।

पुलिस ने क्राइम सीन यूनिट और फिंगरप्रिंट विशेषज्ञों की मदद से वैज्ञानिक तरीके से साक्ष्य जुटाए। पुलिस अधीक्षक अंकिता शर्मा ने चार टीमों का गठन कर अलग-अलग क्षेत्रों में जांच के निर्देश दिए। जांच में संदिग्धों के मोबाइल नंबर, सीसी फुटेज और इलाके के लोगों से पूछताछ शामिल थी। इस दौरान बीरभांठा चौक निवासी सचिन कुमार सहीस को गिरफ्तार किया गया। पूछताछ में सचिन ने चोरी की नीयत से हरिहर साहू की हत्या करना स्वीकार किया। उसने बताया कि उसके दो साथी शंभू पटेल और केके उर्फ राजेश नाग भी इस वारदात में शामिल हैं। आरोपी की निशानदेही पर चोरी के लिए उपयोग किया गया लाल मुठ वाला प्लास बैटरी भी बरामद किया गया। सचिन को न्यायालय में पेश कर दिया गया है। वहीं, अन्य आरोपियों की गिरफ्तारी के लिए पुलिस ने विशेष टीम छापेमारी कर रही है।

# युवक पर हमला करने के साथ दुपहिया की लूट कर ली बदमाशों ने



**जांजगीर।** मुलमुला थाना क्षेत्र में 2 अक्टूबर की रात लगभग 11.30 बजे युवक से तीन बदमाशों ने मारपीट कर मोपेड लूट ली। घटना ग्राम कोसा के आगे मुख्य सड़क पर हुई। तीनों बदमाशों ने बाइक पर युवक का पीछा किया। सुनसान अंधेरे रास्ते में बदमाशों ने युवक पर रॉड से हमला किया फिर फिर गाड़ी लूटकर फरार हो गए।

पुलिस के अनुसार मस्तूरी भगवानपाली निवासी आदिल्य पाटले 2 अक्टूबर की रात मोपेड पर शिवरीनारायण में दशहरा व नवरात्र मेला देखने गया था। रात करीब 11:30 बजे ग्राम कोसा के आगे सुनसान सड़क पर तीन युवक बैंगनी-काले रंग की बिना नंबर प्लेट की बाइक से आए और उसे रोकने का प्रयास किया। युवक डर गया और उसने बचकर निकलने की कोशिश की। इस पर बाइक पर बैठे एक आरोपी ने रॉड से उसके दाहिने हाथ पर वार किया। हमले से युवक सड़क पर गिर गया। तीनों बदमाश उतरे और गाली-गलौज करने लगे और उसकी मोपेड लूट ली। युवक के हाथ, घुटनों और कोहनियों पर गंभीर चोटें आई हैं। पुलिस जुर्म दर्ज कर आरोपियों की पतासाजी में जुटी है।

24 दिन पहले हुई चोरी का नहीं मिला सुराग मुलमुला थाना से महज 2 किमी दूर बासीनपाठ पारा बस्ती में 10 सितंबर की रात नारायण साहू के मकान में चोरी हुई थी। चोरों ने घर से 90 हजार रुपए के कीमती बर्तन चोरी किए। पीड़ित ने पुलिस को फुटेज मुहैया कराए हैं। 24 दिन बाद भी पुलिस के हाथ अब तक खाली है। वहीं 11 सितंबर को कोनारगढ़ में मोबाइल दुकान से 55 हजार के मोबाइल चोरी हो गए। हाल ही में कुटीघाट में घर के सामने खड़ी बाइक चोरी हो गई।

## हिंदी भाषा ही नहीं संस्कृति की आत्मा भी है: राजेश्वर

**जांजगीर।** नवोदय विद्यालय चिस्दा में हिंदी पखवाड़े के समापन पर रविवार को कवि सम्मेलन हुआ। इसमें जांजगीर के युवा कवि अनुभव तिवारी और वरिष्ठ कवि अरुण तिवारी ने अपनी प्रस्तुतियों से समां बांध दिया। उनकी कविताओं ने विद्यार्थियों को भावविभोर कर दिया और सभागार देर तक तालियों की गूंज से गूंजता रहा।

हिंदी पखवाड़े के समापन अवसर पर आयोजित इस कार्यक्रम में विद्यालय के सैकड़ों विद्यार्थी मौजूद रहे। बच्चों ने गंभीरता से कविताओं को सुना और कवियों की सराहना की। कार्यक्रम की अध्यक्षता विद्यालय के प्राचार्य डीके ठाकुर ने की। इस अवसर पर भाषा प्रभारी राजेश्वर तिवारी भी प्रमुख रूप से उपस्थित रहे।उन्होंने विद्यार्थियों को संबोधित करते हुए कहा कि हिंदी न केवल हमारी मातृभाषा है बल्कि हमारी संस्कृति की आत्मा भी है। साहित्य और कविता के माध्यम से विद्यार्थी अपनी अभिव्यक्ति को सशक्त बना सकते हैं। प्राचार्य डीके ठाकुर ने कहा कि हिंदी पखवाड़े के आयोजन से छात्रों में भाषा के प्रति लगाव बढ़ता है और उनकी रचनात्मक क्षमता को प्रोत्साहन मिलता है। वहीं भाषा प्रभारी राजेश्वर तिवारी ने विद्यार्थियों को भाषा और साहित्य के प्रति जागरूक करने की दिशा में ऐसे आयोजनों को आवश्यक बताया।

# हसदेव में डूबे 5 में से 2 को बचाया, 3 लापता

## बिलासपुर-जांजगीर चांपा से आए थे पिकनिक मनाने, नहाते वक्त गहराई में समा गए

**जांजगीर-चांपा।** जांजगीर-चांपा जिले में शनिवार को हसदेव नदी में 5 लोग डूब गए। इनमें एक युवक और एक युवती को बचा लिया गया है, जबकि 3 लोग लापता हैं। सभी लोग पिकनिक मनाने के लिए नदी किनारे पहुंचे थे। रेस्क्यू ऑपरेशन रोक दिया गया है। मामला पंतोरा चौकी क्षेत्र के देवरी गांव का है।

मिली जानकारी के मुताबिक घटना शनिवार शाम करीब 5-6 बजे की है। लापता लोगों में बिलासपुर के 2 युवक और एक युवती शामिल हैं, जबकि बचाए गए लोगों में एक जांजगीर चांपा जिले का युवक और बिलासपुर की रहने वाली एक युवती शामिल है।स्क्र उमेश कश्यप ने हादसे की पुष्टि की है।

दरअसल, 3 युवक और 2 युवतियां देवरी गांव पिकनिक स्पॉट आए थे। शाम करीब 6 बजे के आसपास पांचों लोग नदी में नहाने के लिए उतरे। इस दौरान हल्का अंधेरा होने की वजह से युवक-युवतियों को गहराई का अंदाजा नहीं हो सका, वह ज्यादा गहराई की ओर चले गए।



इस दौरान युवक-युवती नदी की तेज बहाव में बहने और गहराई में डूबने लगे। नदी किनारे मौजूद स्थानीय लोगों ने जैसे ही डूबते देखा तुरंत छलांग लगाई और बचाने की कोशिश की। स्थानीय लोगों ने सिर्फ एक युवती और एक युवक को ही बचा पाए, जबकि 2 युवक और एक युवती तेज बहाव में बह गए।

इस दौरान स्थिति बिगड़ते ही स्थानीय लोगों ने पंतोरा चौकी पुलिस को फौरन सूचना दी। पुलिस के पहुंचते तक अंधेरा ज्यादा हो गया। गोताखोरों की टीम पानी में उतरी, लेकिन कुछ हाथ नहीं लगा। पुलिस और स्ठक्र्र की टीम लगातार तलाश करती रही। अंधेरे की वजह से रेस्क्यू ऑपरेशन रोक दिया गया है।

स्थानीय पुलिस के मुताबिक नदी से बचाए गए युवक और युवती को गांव के ही प्राथमिक स्कूल में रखा गया है। वहीं लापता युवक युवती के परिजनों को घटना की जानकारी दे दी गई है। परिजन बिलासपुर से निकल गए हैं। रविवार सुबह से खोजबीन की जाएगी।

मामले में,स्क्र उमेश कश्यप ने बताया कि सूचना मिलते ही पुलिस और नगर सेना के गोताखोर दल मौके पर पहुंच गए हैं। अंधेरा होने के कारण रेस्क्यू ऑपरेशन में दिक्कतें आ रही हैं, लेकिन हमारी टीम लगातार कोशिश कर रही है। नदी के नीचे इलाके में भी सूचना दे दी गई है।

## अग्रसेन चौक परिसर में पौधे रोपकर सुरक्षा का पूर्व छात्रों ने लिया संकल्प

**अकलतरा।** नगर के अग्रसेन चौक परिसर में विद्या भारती पूर्व छात्र सेवा परिषद के सदस्यों द्वारा एक पेड़ मां के नाम अभियान के अंतर्गत गुलमोहर, मोगरा व अन्य प्रजातियों के पौधे लगाने के साथ पौधों की सुरक्षा करने का संकल्प लिया गया। विद्या भारती पूर्व छात्र सेवा परिषद के अयन जैन ने बताया कि नगर के अग्रसेन चौक परिसर में एक पेड़ मां के नाम अभियान के अंतर्गत पर्यावरण की सुरक्षा के लिए पौधरोपण करने के साथ पौधों की सुरक्षा करने का संकल्प लिया गया।

गोपेश तुलस्यान ने बताया कि पर्यावरण को सुरक्षित करने के लिए प्रतिवर्ष पौधरोपण करने की आवश्यकता है। विद्या भारती पूर्व छात्र सेवा परिषद के सदस्यों द्वारा पौधरोपण करने के साथ नगर के लोगों को पर्यावरण के प्रति जागरूक किया जाएगा। कार्यक्रम में राज शर्मा, निशांत सिंह, अभिषेक केड़िया, विपुल केड़िया आदि मौजूद रहे।

# धुमाल पर थिरकते हुए मां दुर्गा को दी विदाई

**बाराद्वार।** नगर में मां दुर्गा की प्रतिमाओं का विसर्जन धूमधाम से किया गया। सभी पंडालों में स्थापित मां दुर्गा की प्रतिमाओं की नौ दिनों तक पूरे उमंग और उत्साह के साथ पूजा-अर्चना करने के बाद, मां जगदम्बे की प्रतिमाओं को वाहनों में आकर्षक ढंग से सजाकर विसर्जन के लिए निकाला गया।

श्रद्धालुओं ने प्रसाद बांटते हुए शोभायात्रा निकाली, जिसमें झांकियों की अगुवाई में डीजे, धुमाल, ढोल और ताशे की धुन पर भक्तगण थिरकते हुए चल रहे थे। जय माता दी के नारों के साथ शोभायात्रा ने नगर का भ्रमण किया और फिर बस स्टैंड और बिजली ऑफिस मोहल्ले में स्थित तालाब पर पहुंची। वहां श्रद्धापूर्वक मूर्ति की पूजा-अर्चना करने के बाद विसर्जन किया गया।



इस वर्ष दुर्गा जी की मूर्ति विसर्जन शोभायात्रा के दौरान लाइट एंड पाइरो शो का भी आयोजन किया गया था, जो प्रमुख आकर्षण का केंद्र रहा। इसके अलावा, शोभायात्रा में मेरठ, दिल्ली व अन्य प्रदेशों से आए कलाकारों ने विभिन्न झांकियां भी दिखाईं, जिसे नगर के लोगों ने खूब सराहा। बुधवार को रेल्वे स्टेशन के पास सार्वजनिक दुर्गा पूजा उत्सव समिति, वार्ड नं. 5 में मां मनोकामना दुर्गा पूजा उत्सव समिति, राम मंदिर के पास श्रीराम दुर्गा पूजा उत्सव समिति एवं मारवाड़ी धर्मशाला के पास आद्य शक्ति दुर्गा उत्सव समिति द्वारा विराजित मां दुर्गा की प्रतिमाओं का श्रद्धापूर्वक विसर्जन किया गया। अंत में, मूर्ति विसर्जन के बाद विभिन्न समितियों के द्वारा भंडारा प्रसाद का भी आयोजन किया गया था, जिसमें भक्तों ने मूंग, चावल, कढ़ी, सब्जी, पूरी एवं मीठा प्रसाद ग्रहण किया।

## तलवार दिखा लोगों को डराया, युवक गिरफ्तार

**चांपा।** थाना क्षेत्र में पुलिस की सतर्कता के चलते एक बड़ा हादसा टल गया। थाना चाम्पा पुलिस टीम को मुखबिर से सूचना मिली कि कोटाडबरी पटेलपारा चौक के पास एक व्यक्ति तलवार लहराते हुए लोगों को डरा-धमका रहा है।

सूचना मिलते ही थाना प्रभारी निरीक्षक जयप्रकाश गुप्ता के नेतृत्व में पुलिस टीम तत्काल मौके पर पहुंची। पुलिस टीम ने मौके पर जाकर तलवार लहराते हुए आरोपी को पकड़ा। नाम पता पूछने पर उसने अपना नाम पंकज पटेल (22) बताया। वह कोटाडबरी वार्ड नंबर 16 चांपा का रहने वाला है। आरोपी के कब्जे से पुलिस ने तलवार जब्त कर लिया। पुलिस ने आरोपी के खिलाफ आर्म्स एक्ट के तहत कार्रवाई की। आरोपी को गिरफ्तार कर न्यायिक रिमांड पर भेज दिया गया है।

# पैसे के लिए बेटे ने पिता-नानी को मार डाला

## मुआवजा-बंटवारे को लेकर चल रहा था विवाद, पड़ोसी संग मिलकर रस्सी से घोंटा गला

**रायगढ़।** जिले में बेटे ने पिता और नानी की गला दबाकर हत्या कर दी। ह्ल्रअक्ष्ट से मिले मुआवजे के पैसे के बंटवारे को लेकर पुराना विवाद चल रहा था। पुलिस ने बेटे समेत 2 आरोपियों को गिरफ्तार कर लिया है। वारदात घरघोड़ा थाना क्षेत्र की है।



जानकारी के मुताबिक, मृतकों की पहचान बुजुर्ग महिला सुखमेत सिदार (80) और घुराउ राम सिदार (60) के रूप में हुई है। वहीं सुखमेत की बेटी गंभीर रूप से घायल है, जिसका निजी अस्पताल में इलाज चल रहा है।

दरअसल, ग्राम रायकेरा में गुरुवार (2 अक्टूबर) को आरोपी बेटा रविशंकर सिदार (26) और रामप्रसाद सिदार उर्फ गरिहा (83) ने हत्या की साजिश रची। इसके बाद शाम को दोनों ने मिलकर घुराउ राम सिदार की रस्सी से गला घोंटकर हत्या कर दी।

यह होता देख रही बुजुर्ग सुखमेत सिदार ने जब विरोध किया, तो उसे भी गला दबाकर मार डाला। घुराउ राम सिदार शादी के बाद से ससुराल में रह रहा था। उसका एक बेटा और दो बेटियां हैं।गत3 अक्टूबर की सुबह गांव के कोटवार सकिर्तन राठिया ने पुलिस को सूचना दी कि, गांव के घुराउ और सुखमेत का शव घर की परछी में पड़ा है। सूचना मिलते ही एसडीओपी, एफएसएल और घरघोड़ा पुलिस मौके पर पहुंची। पोस्टमॉर्टम रिपोर्ट में पुष्टि हुई कि दोनों की मौत गला दबाने और मारपीट के कारण हुई है। इसके बाद पुलिस ने अज्ञात आरोपियों के खिलाफ हत्या का अपराध (धारा 103(1) बीएनएस) दर्ज कर जांच शुरू की। जांच के दौरान पुलिस ने मृतक के बेटे रविशंकर सिदार और गांव के ही रामप्रसाद सिदार उर्फ गरिहा को हिरासत में लेकर पूछताछ की। दोनों ने अपना जुर्म कबूल करते हुए बताया कि एनटीपीसी मुआवजा राशि को लेकर लंबे समय से विवाद चल रहा था, इसलिए मार डाला।

# रायगढ़ में सोने-चांदी के जेवरात समेत 65 हजार की चोरी

**रायगढ़।** जिले में अज्ञात चोर ने अलमारी का लॉकर खोलकर 65 हजार के जेवरात की चोरी की। ग्राम नवापारा में घर के कुछ सदस्य मेला देखने गए थे और महिलाएं घर पर थी। जिनके चीखने पर चोरी की घटना को अंजाम देकर चोर भाग निकला। मामला छाल थाना क्षेत्र का है।

जानकारी के मुताबिक, घटना दशहरा वाले दिन की है। महिलाएं घर के हॉल में बैठकर मोबाइल चला रही थी। तभी कमरे में घुसकर अज्ञात लोगों ने चोरी की। घर से नकद, सोने चांदी के कुछ जेवर और मोबाइल गायब थे। पुलिस मामला दर्ज कर उन चोरों की तलाश कर रही है।

ग्राम नवापारा में रहने वाली संध्या सारथी (31 साल) ने छाल थाना में रिपोर्ट कराया है। उसने बताया कि गुरुवार (2 अक्टूबर) को गांव में दशहरा मेला लगा हुआ था। जिससे घर के अन्य सदस्य दशहरा मेला देखने के लिए गए हुए थे, लेकिन संध्या उसकी बहन शनिरो और बहू भारती घर पर ही रुक गए।

तीनों रात करीब 11 बजे एक कमरे पर बैठकर मोबाइल चला रहे थे। तभी बगल के कमरे से कुछ आवाज आने लगी। तब उन्होंने देखा कि कोई अज्ञात शख्स ताकझांक कर रहा है। जिसे देखकर वे लोग डर गए और जोर-जोर से चीखने चिल्लाने लगे।

तब अज्ञात शख्स घर के मेन दरवाजा को खोलकर भाग गया। इसके बाद उसे देखने के लिए संध्या और उसकी बहन उसे देखने के लिए उसके पीछे भागे, लेकिन वह भाग निकला था। इन्हें किसी घटना की शंका हुई और घर के दूसरे रूम में जाकर देखे तो वहां का अलमारी खुला हुआ था।

अलमारी व दराज में रखे अन्य सामान इधर-उधर बिखरे पड़े हुए थे। अलमारी को चेक करने पर उसमें रखा 65 हजार का सोने-चांदी का जेवरात व एक मोबाइल नहीं था। ऐसे में वे समझ गए कि अज्ञात शख्स ने चोरी की घटना को अंजाम दिया है।

देर रात जब परिवार के सदस्य घर पहुंचे, तो उन्हें इसकी जानकारी दी गई। इसके बाद अपने स्तर पर पतासाजी की जा रही थी, लेकिन आरोपी को कुछ पता नहीं चलने पर संध्या ने मामले की सूचना थाना में दी। जहां पुलिस ने आरोपी के खिलाफ 305(a)-BNS, 331(4)-BNS के तहत अपराध दर्ज कर मामले को विवेचना में लिया है।

## नाबालिग से दुष्कर्म के दोषी शिक्षक को 5 साल की जेल

**सक्ती।** मालखरौदा थाना क्षेत्र के आडील की 13 वर्षीय नाबालिग लड़की से दुष्कर्म के मामले में आरोपी ट्यूशन शिक्षक देव प्रसाद साहू को फास्ट ट्रैक कोर्ट ने दोषी ठहराकर 5 वर्ष कैद की सजा दी है। पीड़िता की माता ने मालखरौदा थाना में शिकायत दर्ज कराई कि उनकी पुत्री देव प्रसाद साहू के घर ट्यूशन पढ़ने जाती थी। 26 और 27 दिसंबर 2024 को ट्यूशन के दौरान आरोपी ने बच्चे के साथ गलत हरकत की। शिकायत पर पुलिस ने आरोपी के खिलाफ भारतीय दंड संहिता 74 बी, एनएसएस, लैंगिक अपराधों से बच्चों के संरक्षण अधिनियम 2012, और अनुसूचित जाति एवं जनजाति अधिनियम 1989 की धारा 3(2) के तहत मामला दर्ज कर विवेचना शुरू की। पुलिस ने पीड़िता के जन्म प्रमाण पत्र, स्कूल के दाखिला रजिस्टर, अनुसूचित जाति प्रमाण पत्र जब्त किए।

जांच में पीड़िता को नाबालिग पाया गया। आरोपी को गिरफ्तार कर न्यायालय में प्रस्तुत किया। फास्ट ट्रैक कोर्ट की न्यायाधीश गंगा पटेल ने 26 सितंबर को फैसला सुना देव प्रसाद साहू को भारतीय दंड संहिता 2023 की धारा 74 के तहत 3 वर्ष का सश्रम कारावास और 2000 रुपए जुर्माना, के तहत सजा सुनाई गई।

# अवैध शराब का जोर चल रहा जिले में, चुप्पी पर सवाल



**अकलतरा।** ग्राम अमरताल से बिलासपुर रोड स्थित टोल प्लाजा तक हाईवे के किनारे होटल और ढाबों में बेधड़क शराब की बिक्री हो रही है। शाम होते ही शराब के जाम छलकने लगते हैं और देर रात तक आसानी से शराब उपलब्ध कराई जा रही है। खुलेआम हो रही शराब बिक्री पर अब तक आबकारी विभाग और पुलिस ने कार्रवाई नहीं की है। यह क्षेत्र नशाखोरी का गढ़ बन चुका है और कभी भी कोई बड़ी घटना घट सकती है।

होटल और ढाबा संचालक खुलेआम शराब के साथ-साथ ठंडी बीयर भी लोगों को परोस रहे हैं। इनकी कीमत बाजार से अधिक होती है। इसके अलावा, कई जगहों पर छोटे-छोटे कमरे बनाकर अवैध रूप से अहाते चलाए जा रहे हैं। यहां नशेड़ियों को बिठाकर शराब के साथ-साथ गांजा और अन्य नशीले पदार्थ भी उपलब्ध कराए जा रहे हैं। यही कारण है कि स्थानीय युवा वर्ग सहित नाबालिग भी नशे की गिरफ्त में आ रहे हैं।

सुप्रीम कोर्ट द्वारा हाईवे और मुख्य मार्गों पर शराब की बिक्री पर रोक लगाने के स्पष्ट आदेश के बावजूद, अमरताल से बिलासपुर रोड तक 20 से अधिक होटल व ढाबों में यह अवैध कारोबार जारी है। यही स्थिति जिले के जांजगीर, चांपा, पामगढ़, मस्तूरी, बिलासपुर समेत अन्य क्षेत्रों में है और वहां की स्थिति चिंताजनक है, क्योंकि यहां से बड़ी संख्या में शराब प्रेमी इस क्षेत्र में नशे के लिए पहुंचते हैं। जिला प्रशासन और पुलिस विभाग समय-समय पर नशे के खिलाफ जागरूकता अभियान चलाते हैं और रोकथाम के लिए वादे करते हैं, लेकिन वास्तविकता में इन होटल और ढाबों में बिना किसी डर के नशे का कारोबार जारी है। पुलिस गश्त नहीं होने से क्षेत्र में नशे का कारोबार फल-फूल रहा है। लोगों ने इस पर रोक लगाने और कार्रवाई की मांग की है।नियमित जांच होती है ट्टहाईवे के किनारे में स्थित होटल व ढाबों में नियमित रूप से पुलिस जांच व कार्रवाई करती है।

-भास्कर शर्मा, थाना प्रभारी, अकलतरा

## पानी टंकी की दीवार गिरी, बच्ची की मौत

**रायगढ़।** पानी टंकी की दीवार गिरने से दो साल की मासूम गंभीर रूप से घायल हो गई। बदहवास परिजन उसे इलाज के लिए निजी हॉस्पिटल लेकर पहुंचे। डॉक्टरों ने उसे मृत घोषित कर दिया। परिजन ने उसकी सूचना पुसौर पुलिस को दी। पुसौर थाना के लंकापानी गांव में सुबह राजेश मिरी की दो साल की बेटी जैस्मिन मिरी के ऊपर ईंट की दीवार गिर गई।इससे उसकी मौत हो गई। पुसौर पुलिस को परिजन ने बताया कि घर के बाहर प्लास्टिक की पानी टंकी के पास मासूम की मां पानी भरने गई थी।


**कार्यालय, नगर पालिक निगम, कोरबा (छ.ग.)**

मुख्य कार्यालय - साकेत भवन, आई.टी.आई. चौक, कोरबा (छ.ग.)

पं.रविशंकर शुक्ल नगर जोन

फा.क्र./320 एवं 321/ निर्माण (पं.रविशंकर शुक्ल नगर जोन)/2025/ कोरबा, दिनांक 26.09.2025

**निविदा आमंत्रण की सूचना**

लोक निर्माण विभाग से एकीकृत पंजीयन प्रणाली अंतर्गत सक्षम श्रेणी में पंजीकृत ठेकेदारों से निम्नलिखित निर्माण कार्यों हेतु मैन्युअल निविदा वेबसाईट से डाउनलोड कर मुहरबंद लिफाफा में निविदा आमंत्रित की जाती है :-

1. निर्धारित प्रारूप में निविदा प्रपत्र प्राप्त होने की अंतिम तिथि - 17.10.2025 सायंकाल 3:00 बजे तक
2. निविदा खुलने की अंतिम तिथि - 17.10.2025 सायंकाल 4:30 बजे

| क्र. | कार्य का नाम | अनुमानित लागत | धरोहर राशि |
|---|---|---|---|
| 01 | वार्ड क्र. 26 रविशंकर नगर में वाल्मिकी आवास के पास स्थित चबुतरा में रेलिंग निर्माण एवं सौंदर्यीकरण कार्य। (जिला खनिज संस्थान न्यास निधि) | 1,50,000/- | 2,000/- |
| 02 | वार्ड क्र. 27 एम.पी.नगर में रोड एवं नाली निर्माण कार्य। (पार्षद मद 2025-26) | 7,00,000/- | 5,500/- |

उपरोक्त कार्यों की निविदा की सामान्य शर्तें, धरोहर निविदा विज्ञप्ति, निविदा दस्तावेज व अन्य जानकारी कार्यालयीन अवधि में कार्यालय से प्राप्त की जा सकती है साथ ही यह जानकारी विभागीय वेबसाइट website :www.korbamunicipal.in एवं www.uad.cg.gov.in में देखा एवं डाउनलोड किया जा सकता है।

//स्वच्छ भारत निर्माण में योगदान दें//

कार्यपालन अभियंता
नगर पालिक निगम, कोरबा (छ.ग.)

## अनमोल वचन......

जो कोई भी अपने जीवन में एक बच्चे की मदद करने के लिए कुछ भी करता है वह मेरे लिए एक नायक है: फ्रेड रोजर्स

## ईरान को भी बरबाद कर दिया जाएगा

*अमेरिका ईरान के कथित परमाणु कार्यक्रम के कारण पर तत्काल और बेहद कड़े प्रतिबंध लगाने पर आमादा है। अपने सहयोगी देशों के साथ मिल कर ईरान की मुश्कें ऐसे कस देना चाहता है जिससे ईरान निकलने के लिए छटपटाता रह जाए। इस काम में उसे संयुक्त राष्ट्र का भी साथ मिल गया है। संयुक्त राष्ट्र सुरक्षा परिषद ने ईरान के परमाणु कार्यक्रम के कारण उस पर फिर से तत्काल प्रतिबंध न लगाने के कुछ देशों के आखिरी प्रयास को समय सीमा से एक दिन पहले ही खारिज कर दिया।*

*यह कदम ऐसे समय उठाया है जब पश्चिमी देशों ने दावा किया कि ईरान के साथ हफ्तों की बैठकों के बावजूद कोई ठोस समझौता कर पाने में उन्हें सफलता नहीं मिल पाई है। ईरान को प्रतिबंधों से बचाने का प्रयास उसके निकटतम सहयोगी रूस और चीन कर रहे हैं।*

*दोनों देशों ने ईरान पर फिलहाल प्रतिबंध नहीं लगाने संबंधी प्रस्ताव 15 सदस्यीय सुरक्षा परिषद में शुक्रवार को पेश किया था, जिसे मंजूरी के लिए नौ देशों का समर्थन चाहिए था, जो संयुक्त राष्ट्र के प्रतिबंधों को शनिवार से प्रभावी होने से रोकने के लिए जरूरी था।*

*संयुक्त राष्ट्र में रूस के उपराजदूत दिमित्री पोल्यान्स्की ने कहा कि हमें उम्मीद थी कि यूरोपीय सहयोगी और अमेरिका ब्लैकमेल की बजाय बातचीत का रास्ता चुनेंगे। ब्रिटेन, फ्रांस और जर्मनी के प्रतिबंधों की बहाली के बाद विदेश में ईरानी संपत्तियों को फिर से जब्त कर लिया जाएगा, ईरान के साथ हथियारों के सौदे रुक जाएंगे और बैलेस्टिक मिसाइल कार्यक्रम जारी रखने पर ईरान पर दंडात्मक कार्रवाई होगी।*

*ईरानी राष्ट्रपति मसूद पेजेश्कियान ने इस फैसले को अनुचित, अन्यायपूर्ण और अवैध' करार दिया है। परमाणु अप्रसार संधि से हटने की चेतावनियों के बावजूद पेजेश्कियान ने कहा है कि ईरान का ऐसा करने का इरादा नहीं है। 2003 में इस संधि को छोडऩे वाला उ. कोरिया परमाणु हथियार बनाने में लगा है। चार देश-चीन, रूस, पाकिस्तान और अल्जीरिया चाहते हैं कि ने ईरान को यूरोपीय देशों और अमेरिका के साथ बातचीत का और समय दिया जाए। ईरान ने कहना शुरू कर दिया है कि अमेरिका ने कूटनीति का पालन नहीं किया लेकिन यूरोपीय देशों ने तो कूटनीति को दफन ही कर दिया। देखना है कि जोर-जबर की चालों से ईरान को भी इराक की तरह बरबाद तो नहीं कर दिया जाएगा।*

## राशिफल

**मेष राशिः** आज आपका दिन उत्तम रहेगा। कुछ लोग आपको कंफ्यूज करने की कोशिश करेंगे। दूसरों की बातों में न आकर अपने निर्णय को ही सर्वोपरि रखें, इससे आपके कार्य बड़ी ही आसानी से पूरे होंगे। ऑफिस में अपने काम पर ध्यान देने से आप सम्मान के पात्र बने रहेंगे।

**वृष राशिः** आज आपका दिन लाभदायक रहेगा। आप अपने काम पर पूरा फोकस बनाये रखें, जल्द ही भविष्य में अच्छा लाभ मिलेगा। बिजी शेड्यूल से थोड़ा समय बच्चों के लिए निकालेंगे, बच्चे अपने मन की बात आपसे शेयर करेंगे। लवमेट एक-दूसरे पर विश्वास बनाए रखें, रिश्ते में मजबूती बनी रहेगी।

**मिथुन राशिः** आज आपका दिन अच्छा रहेगा। अपनी बातों से किसी को प्रभावित कर देंगे। समाज में किये गए सराहनीय काम को देखकर लोग आपसे कुछ अच्छा सीखेंगे, जिससे आपको गर्व होगा। शिक्षण संस्थान से जुड़े लोगों को ज्यादा लाभ होगा।

**कर्क राशिः** आज का दिन आपके लिए फेवरेबल रहेगा। आपका कोई काम जो काफी दिनों से रुका था, आज पूरा हो जाएगा। साथ ही आप काम करने के नए तरीकों पर विचार करेंगे। विद्यार्थियों द्वारा की गई मेहनत का शुभ परिणाम मिलेगा।

**सिंह राशिः** आज आपका दिन अच्छा रहेगा। मानवहित में किये गये कार्यों के कारण आपको सम्मान मिलेगा। गैर-जरूरी खर्चों पर रोक लगाकर आप बचत पर ध्यान देंगे। व्यवसायिक गतिविधियां मन मुताबिक चलेंगी। काम करने के तरीकों में बदलाव लाएंगे।

**कन्या राशिः** आज आपका दिन अनुकूल रहेगा। सरकारी नौकरी करने वाले अपने काम पर ज्यादा ध्यान दें। किसी से बहस की स्थिति बन सकती है, ऐसे में मौन रहना बेहतर होगा। पब्लिक प्लेस पर छवि खराब न होने दें। लवमेट के रिश्ते में मधुरता बनी रहेगी।

**तुला राशिः** आज आपका दिन उत्तम रहेगा। आपके काम करने के तरीकों से लोग प्रभावित होंगे और आपका अनुसरण करेंगे। आप जिम्मेदारियों को बखूबी निभाएंगे। बातचीत के दौरान अपनी निजी बातें शेयर न करें।

**वृश्चिक राशिः** आज आपका दिन खुशहाल रहेगा। मित्रों से मन की बात शेयर करने से सुकून मिलेगा। आपको नई जानकारियां भी हासिल होंगी। रिश्तेदार से शुभ संदेश मिलेगा, जिससे खुशी दोगुनी होगी। बिजनेस में खास एग्रीमेंट होगा, लेकिन कॉम्पटीशन के दौर में कार्य करने के तरीकों में बदलाव जरूरी है।

**धनु राशिः** आज आपका दिन सामान्य रहेगा। निजी कामों पर बाहरी लोगों का दखल न होने दें। भावनाओं में आकर कोई फैसला न लें। ज्यादा काम के कारण थकान हो सकती है।

**मकर राशिः** आज आपका दिन बढ़िया रहेगा। शाम का समय माता-पिता के साथ महत्वपूर्ण विषयों पर विचार-विमर्श करेंगे, जिससे अच्छा समाधान मिलेगा। किसी काम की शुरुआत करने से पहले शुभ मुहूर्त देखना बेहतर होगा। समाज में किये गए कार्यों से मान-सम्मान बढ़ेगा।

**कुम्भ राशिः** आज का दिन परिवार के लिए नई खुशियां लेकर आया है। किसी अनुभवी से मिली सलाह फायदेमंद साबित होगी। काम को लेकर आपके सपने काफी हद तक पूरे होंगे।

**मीन राशिः** आज का समय आपके लिए अच्छा है। पारिवारिक समस्या हल होगी और रुके काम में गति आएगी। सकारात्मक लोगों की सलाह फायदेमंद होगी। मेहनत का उचित फल जल्द मिलेगा। अफवाहों पर ध्यान न दें। ऑफिसियल यात्रा संभव है, जो शुभ होगी।

# जीवन का आधार और अस्तित्व की धड़कन हृदय

//नृपेन्द्र अभिषेक नृप//

**मनुष्य का हृदय केवल शरीर के भीतर रक्त पंप करने वाली मशीन भर नहीं है, बल्कि जीवन का आधार और अस्तित्व की धड़कन है। जब यही धड़कन संकट में पडऩे लगती है तो संपूर्ण जीवन व्यवस्था असंतुलित हो उठती है। हाल में काउजेज ऑफडेथ इन इंडिया- 2021-23-शीर्षक से जारी रिपोर्ट ने एक बार फिर हमें सोचने पर विवश कर दिया है कि आधुनिक जीवन की चमक-दमक और सुविधा-संपन्नता के बीच कहीं न कहीं हम अपने हृदय को खतरे में डाल रहे हैं। रिपोर्ट के अनुसार भारत में मृत्यु का सबसे बड़ा कारण हृदय संबंधी बीमारियां हैं, जिनसे 31 प्रतिशत लोग अकाल मृत्यु को प्राप्त हो रहे हैं।**

पहले कहा जाता था कि बुढ़ापे की दहलीज पर पहुंचने के बाद दिल धोखा देता है, लेकिन ताजा आंकड़े बताते हैं कि अब 30 वर्ष से ऊपर के लोगों में ही यह मृत्यु का सबसे बड़ा कारण बन चुका है अर्थात अब हृदय रोग केवल वृद्धावस्था की बीमारी नहीं रह गई, बल्कि युवाओं और मध्यम आयु वर्ग के लिए भी उतनी ही घातक सिद्ध हो रही है। स्थिति इसलिए भी चिंताजनक है कि भारत की जनसंख्या का बड़ा हिस्सा युवाओं का है, और यही वर्ग हृदय रोग की चपेट में आने लगे तो न केवल परिवार, बल्कि समाज और राष्ट्र का भविष्य भी प्रभावित होगा।

हृदय रोग की बढ़ती भयावहता को समझने के लिए हमें जीवनशैली में आए बदलावों पर नजर डालनी होगी। आधुनिक जीवन ने हमें आराम, गति और साधन तो दिए हैं, किंतु साथ ही शारीरिक श्रम से दूरी, असंतुलित खानपान, मानसिक तनाव और अनुशासनहीन दिनचर्या जैसी आदतों को भी जन्म दिया है। एक ओर फैक्टरियां, दफ्तर और तकनीक ने जीवन को आसान बनाया तो दूसरी ओर शरीर की मशीनरी को निष्क्रिय भी कर दिया। घंटों तक कुर्सी पर बैठे रहना, फास्ट फूड और जंक फूड का सेवन, मीठे-नमकीन और तैलीय पदाथरे की अधिकता, धूम्रपान और मद्यपान जैसी आदतें हृदय को धीरे-धीरे कमजोर करती रहती हैं।

यह भी ध्यान देने की बात है कि कोविड-19 महामारी ने इस संकट को और गहरा किया। लंबे समय तक घरों में कैद रहना, शारीरिक गतिविधियों की कमी और मानसिक तनाव ने हृदय संबंधी रोगों के मामलों को और बढ़ा दिया। हालांकि कोविड का सीधा कारण हृदय रोग नहीं था, किंतु महामारी के दौरान उत्पन्न जीवनशैली के परिणामस्वरूप फैली निष्क्रियता ने हृदय को अतिरिक्त खतरे में डाल दिया। अधिक नमक, चीनी और वसा का सेवन, व्यायाम की कमी और मानसिक दबाव-सभी हृदय पर बोझ डालते हैं। नतीजा होता है कि रक्तचाप बढऩे लगता है, धमनियां संकुचित हो जाती हैं, और हृदय की धड़कनें असामान्य हो जाती हैं।

समय रहते ध्यान न दिया जाए तो स्थिति दिल के दौरे, हार्ट फेलियर या स्ट्रोक का रूप ले लेती है। रिपोर्ट बताती है कि भारत में हर तीसरी मौत हृदय की बीमारी से हो रही है। यह आंकड़ा झकझोरने वाला है। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने भी मोटापे और हृदय रोग के बढ़ते संकट को रेड सिग्नल मानते हुए इन्हें नियंत्रित करने का आह्वान किया है। मोटापा वास्तव में हृदय रोग की जड़ है। शरीर का वजन बढ़ता है, तो सीधा असर हृदय पर पड़ता है। उच्च रक्तचाप, मधुमेह और कोलेस्ट्रॉल जैसी बीमारियां मोटापे के साथ-साथ चलती हैं, और सभी मिलकर हृदय की सेहत बिगाड़ देती हैं। इस समस्या का समाधान केवल दवाओं से संभव नहीं है। इसके लिए जन-जागरूकता, जीवनशैली में बदलाव और सामाजिक स्तर पर सामूहिक प्रयासों की आवश्यकता है। हृदय रोग केवल व्यक्तिगत संकट नहीं है, बल्कि राष्ट्रीय उत्पादकता और विकास से भी जुड़ा प्रश्न है। जब कार्यशील आयु वर्ग के लोग समय से पहले बीमार पडऩे लगें या असमय मृत्यु को प्राप्त हों, तो सीधा असर अर्थव्यवस्था पर पड़ता है। परिवारों की आर्थिक स्थिति कमजोर होती है। इसीलिए हृदय रोग के खिलाफ लड़ाई केवल चिकित्सीय लड़ाई नहीं, बल्कि सामाजिक और राष्ट्रीय संघर्ष है।

समय की मांग है कि हम दिल की आवाज सुनें, उसकी धड़कनों को सुरक्षित रखें और उसे खतरे से बचाने के लिए ठोस कदम उठाएं। खानपान में सादगी, जीवन में अनुशासन, मन में संतुलन और समाज में जागरूकता-यही इस संकट के वास्तविक समाधान हैं। यदि हम इन बिंदुओं पर गंभीरता से काम करें तो हृदय रोग के खतरे को काफी हद तक कम किया जा सकता है। दिल का खतरे में होना केवल चिकित्सा का मुद्दा नहीं है, बल्कि यह हमारे पूरे जीवन-तंत्र की असंतुलितता का प्रतीक है। आधुनिकता की दौड़ में हमें यह नहीं भूलना चाहिए कि जीवन की असली सफलता स्वास्थ्य में निहित है। यदि दिल स्वस्थ है, तभी जीवन सुखी है, और तभी राष्ट्र समृद्ध है। इसलिए अब देर किए बिना हमें हृदय स्वास्थ्य को सर्वोच्च प्राथमिकता देनी होगी वरना दिन दूर नहीं जब विकास की चमक के बीच हमारी धड़कनें ही मद्धिम पड़ जाएंगी।

# एशियाई शेरों के संरक्षण का जीवंत केंद्र लायन सफारी

//विनीत नारायण//

**जहां एक तरफ़ औद्योगीकरण के नाम पर दो भर में अंधाधुंध जंगल काटे जा रहे हैं, वहीं ऐसे प्रयास बहुत सराहनीय हैं जो हरित क्षेत्र को बढ़ाने की दिशा में किए गए हैं। पिछले हफ्ते मैं पहली बार पश्चिमी उत्तर प्रदेश के इटावा नगर के बाहर स्थित लायन सफारी' देखने गया। इत्तेफाक ही है कि दो महीने पहले ही मैंने अफ्रीका के केन्या में स्थित मसाई मारा वन्य अभयारण्य' का दौरा किया था। करीब 1.5 लाख हेक्टेयर में फैला सवाना ग्रासलैंड' हजारों तरह के वन्य जीवों के मुक्त विचरण के कारण विप्रसिद्ध है। वहां मैंने एक खुली जीप में बैठ कर 3 मीटर दूर बैठे बब्बर शेर और शेरनियों को देखने का रोमांचकारी अनुभव हासिल किया। मुझे नहीं पता था कि उत्तर प्रदेश में भी एक विशाल सरकारी पार्क है, जहां बब्बर शेर और शेरनियां और तमाम दूसरे इ्क्षहसक पशु खुलेआम विचरण करते हैं। शायद आपने भी कभी इटावा के लायन सफारी' का नाम नहीं सुना होगा।**

इटावा का यह लायन सफारी (जिसे अब इटावा सफारी पार्क के नाम से जाना जाता है) मसाई मारा के स्तर का तो नहीं है, पर इसकी अनेक विशेषताएं इसे मसाई मारा के अभयारण्य से ज्यादा आकषर्क बनाती हैं। जहां सवाना ग्रासलैंड में पेड़ों का नितांत अभाव है और पचासों मील तक सपाट मैदान है, वहीं इटावा का लायन सफारी बीहड़ क्षेत्र में बसा है। इसमें सैकड़ों प्रजाति के बड़े-बड़े सघन वृक्ष लगे हैं। इसके चारों ओर चंबल नदी की घाटी की तरह मिट्टी के कच्चे पहाड़ हैं जिनके पास से यमुना नदी बहती है। यह न केवल एशिया के सबसे बड़े ड्राइव-थ्रू सफारी पार्कों में से एक है, बल्कि एशियाई शेरों के संरक्षण का जीवंत केंद्र भी है।

इटावा लायन सफारी की अवधारणा 2006 में ही प्रस्तावित हो चुकी थी, लेकिन इसका निर्माण 2012-13 में तत्कालीन मुख्यमंत्री अखिलेश यादव के नेतृत्व वाली उत्तर प्रदेश सरकार के दौरान शुरू हुआ। यह परियोजना उत्तर प्रदेश वन विभाग के सामाजिक वानिकी प्रभाग इटावा के तहत फिशर फॉरेस्ट' क्षेत्र में विकसित की गई जो इटावा शहर से मात्र 5 किमी. दूर इटावा-ग्वालियर रोड पर स्थित है। फिशर फॉरेस्ट का अपना ऐतिहासिक महत्त्व है। 1884 में इटावा के तत्कालीन जिला प्रशासक जे.एफ. फिशर ने स्थानीय जमींदारों को मना कर इस क्षेत्र में वनरोपण की शुरुआत की थी, जो राज्य का सबसे पुराना वन क्षेत्र माना जाता है। यह निर्माण कार्य उप्र. वन विभाग की निगरानी में हुआ जिसे केंद्रीय चिड़ियाघर प्राधिकरण की मंजूरी मिली। परियोजना को स्पेनिश आर्किटेक्ट फ्रैंक बिडल ने डिजाइन किया।

यह सफारी पार्क कुल 350 हेक्टेयर में फैला हुआ है, जिसकी परिधि लगभग 8 किमी. लंबी है। इसमें शेर ब्रिडिंग सेंटर के लिए 2 हेक्टेयर क्षेत्र आरक्षित है, जहां 4 ब्रिडिंग सेल हैं। सफारी के विभिन्न जोन लायन सफारी, डियर सफारी, एंटीलोप सफारी, बियर सफारी और लेपर्ड सफारी। इसका बड़ा हिस्सा आरक्षित वन क्षेत्र के रूप में विकसित किया गया है। यहां पंचवटी वृक्षों (बरगद, आंवला, अशोक, बेल और पीपल) की प्रजातियों से भरा हरित आवरण है। पूरा क्षेत्र 7800 मीटर लंबी बफर बॉर्डर वॉल से सुरक्षित है, जो वन्यजीवों को बाहरी खतरों से बचाता है। 2014 में गुजरात के चिड़ियाघरों से 8 शेरों को यहां लाया गया जिनमें से कुछ कुत्ते की बीमारी (कैनाइन डिस्टेंपर) से प्रभावित हुए लेकिन अमेरिका से आयातित वैक्सीन के बाद अब यहां 19 एशियाई शेर (7 नर और 12 मादा) हैं। पार्क में 247 प्रजातियों के पक्षी, 17 स्तनधारी प्रजातियां और 10 सरीसृप प्रजातियां भी हैं। यह सफारी पार्क जनता के लिए 24 नवम्बर, 2019 से खुला। लायन सेगमेंट को अंतिम चरण में जोड़ा गया। आज यह उप्र का एकमात्र मल्टीपल सफारी पार्क है, जो एशियाई शेर जैसी लुप्तप्राय प्रजातियों के संरक्षण में महत्त्वपूर्ण भूमिका निभा रहा है। शेर ब्रिडिंग सेंटर न केवल प्रजनन को बढ़ावा देता है, बल्कि आनुवंशिक विविधता को बनाए रखने में भी सहायक है। पर्यावरणीय दृष्टि से पार्क जलवायु परिवर्तन के दौर में जैव विविधता के संरक्षण का प्रतीक है। यहां आने वाले पर्यटक न केवल शेरों को उनके प्राकृतिक वातावरण में देख सकते हैं, बल्कि 4डी थिएटर के माध्यम से वन्यजीवों के करीब महसूस भी कर सकते हैं। सवाल है कि इसका रखरखाव और विकास कैसे सुनिश्चित हो ताकि यह प्रमुख पर्यटन स्थल बने। पार्क की डिजिटल बुकिंग सिस्टम को मजबूत किया जाना, इको-फ्रेंडली आवास सुविधाएं बढ़ाना और स्थानीय समुदायों को रोजगार से जोडऩे की जरूरत है। सौर ऊर्जा के उपयोग, जो अभी कम है, को बढ़ाकर इसे ग्रीन टूरिज्म मॉडल बनाया जा सकता है। चंबल नदी के निकट होने से नेशनल चंबल सैंक्चुअरी के साथ इंटीग्रेटेड टूर पैकेज विकसित किए जाएं। इस पार्क का बजट आवंटन बढ़ाया जाए तो यह न केवल राष्ट्रीय, बल्कि अंतरराष्ट्रीय पर्यटन मानचित्र पर भी चमकेगा। पर्यटक बढ़ाने के लिए सोशल मीडिया कैंपेन और स्कूलों के लिए एजुकेशनल टूर्स आयोजित किए जाएं।

गौरतलब है कि एशियाई शेर, जो गिर वन (गुजरात) तक सीमित हैं, भारत के प्रतीक हैं। यहां आकर हम अपनी जैव विविधता की जिम्मेदारी समझते हैं। बच्चे और युवा वन्यजीव संरक्षण के महत्त्व को सीख सकते हैं, जो आज के पर्यावरण संकट के समय में आवश्यक है। पर्यटन के चलते इटावा जैसे छोटे शहरों में रोजगार सृजन होता है, जो ग्रामीण अर्थव्यवस्था को मजबूत करता है। आगरा (ताज महल) से मात्र 2 घंटे और लखनऊ से 3 घंटे की दूरी पर स्थित होने से यह एक्सेसिबल है। यह अनूठा अनुभव प्रदान करता है, अपनी कार से शेरों को नजदीक से देखना जो अजायब घर की कैद से अलग है, यह हमें प्रकृति से जोड़ता है। भारतीयों को यहां आकर गर्व महसूस करना चाहिए कि हमारा देश ऐसे प्रयास कर रहा है, जो वैश्विक स्तर पर वन्यजीव संरक्षण में योगदान दे रहा है। इटावा लायन सफारी केवल पर्यटन स्थल नहीं, बल्कि संरक्षण, शिक्षा और सतत विकास का प्रतीक है। सरकार, वन विभाग और नागरिकों के संयुक्त प्रयासों से इसे और समृद्ध बनाया जाए। हर भारतीय को कम से कम एक बार यहां आना चाहिए प्रकृति की पुकार सुनने के लिए, अपनी जड़ों से जुडऩे के लिए।

# मुंबई हमलों 26/11 पर पूर्व गृह मंत्री पी चिदंबरम के बयान का अर्थ

2008 में 26 नवम्बर को मुंबई के ताज होटल और बंबई रेलवे स्टेशन, सहित 7 स्थानों पर हुए पाकिस्तान प्रायोजित आतंकवादी हमलें पर बोलते हुए तत्कालीन गृह मंत्री पी चिदंबरम ने कहा कि अमेरिका के कहने पर पाकिस्तान पर जवाबी कार्रवाई नहीं की । यह फैसला तत्कालीन प्रधानमंत्री मनमोहन सिंह और सोनिया गांधी ने अमेरिका की तत्कालीन विदेश मंत्री कंडोला राइस के दिल्ली में मुलाकात के बाद लिया जबकि वे पी चिदंबरम चाहते थे कि भारत को पाकिस्तान को सैन्य ताकत से जवाब देना चाहिए। उल्लेखनीय है कि इन हमलों में 200 से अधिक लोगों को पाकिस्तान से आए आतंकियों ने मौत के घाट उतार दिया था जिसमें से एक आतंकी मोहम्मद कसाब को मुंबई पुलिस ने जिंदा पकड़ लिया था जिसे 2012 में फांसी दी गई थी। तत्कालीन गृह मंत्री शिवराज को हटाकर तत्कालीन वित्तमंत्री पी चिदंबरम को 26 नवंबर को गृह मंत्री बनाया था । सत्रह साल बाद पी चिदंबरम ने उस समय उक्त बात स्वीकार की है जब अप्रैल 2025 में पहलगाम हमले के बाद भारत द्वारा की गई पाकिस्तान के खिलाफ सैन्य कार्यवाही की और कांग्रेस नेता राहुल गांधी, प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी और सेना पर सवाल उठा रहे हैं।यह भी पूछ रहे हैं कि युद्ध में भारत कितने लड़ाकू विमान नष्ट हुए ।

पी चिदंबरम ने अमेरिका के दबाव में तत्कालीन समय में मुंबई हमलों के बाद 2008 में कार्यवाही न करने की बात कह कर जैसे कांग्रेस की पोल खोली दी हो। तत्कालीन हालातों पर गौर करें तो उस दिन मुंबई पुलिस के एक बड़े आइपीएस अधिकारी हेमंत करकरे, और कई छोटे बड़े पुलिस बल के लोग भी मारे गए थे और पकड़े गए कसाब ने ही उस समय मारे थे जब कसाब को जिंदा पकड़ ने की कोशिश हो रही थी। आतंकी मोहम्मद कसाब ने बताया था कि वह करांची के रास्ते समुद के माध्यम से 14 आतंकियों के साथ आया था और उसकी ट्रेनिंग मुजफ्फराबाद में हुई थी और पाकिस्तान के सेना ने दी। तत्कालीन समय में इतने पुख्ता सबूत मौजूद थे लेकिन फिर भी भारत के तत्कालीन प्रधानमंत्री स्व मनमोहन सिंह ने पाकिस्तान पर कोई सार्थक कारवाही नही की ।यह राज तब तक राज था जब तक कि पी चिदंबरम ने इसे सार्वजनिक रूप से स्वीकार नहीं किया।

कांग्रेस के तत्कालीन प्रधानमंत्री स्व जवाहर लाल नेहरू ने 1962 में चीन युद्ध के दौरान भी बहुत ढुलमुल रवैया अपनाया था और सारा ठीकरा कृष्ण मेनन के सिर फोड़ दिया। यद्यपि 1971 में तत्कालीन प्रधानमंत्री स्व श्रीमती इंदिरा गांधी ने पाकिस्तान को सबक सिखाया था। अगर गंभीरता से पी चिदंबरम के कथन की विवेचना करे तो यह समय कांग्रेस की भीतरखाने ठीक नहीं है। वरिष्ठ नेताओं की अनदेखी की कहानी है।जो गुलाम नबी आजाद, आनंद शर्मा, मनीष तिवारी, शशि थरूर से पी चिदंबरम तक पहुंची है। राहुल गांधी आजकल राजनीतिक व्यवस्था से जैसे ऊब गए हो genz की बाते कर रहे हैं,चुनाव आयोग को निशाना बनाना चाहते हैं कैसे भी भारतीय जनता पार्टी और नरेंद्र मोदी को हटाना चाहते हैं चाहे वह रास्ता बांग्लादेश से नेपाल हो कर जाय। राहुल गांधी कांग्रेस के तीन चुनाव 2014,2019,2024, हारने से हतोत्साहित मुद्रा में हैं और राज्यों में भी कर्नाटक, हिमाचल प्रदेश, झारखंड तमिलनाडु में सरकार में है । झारखंड, तमिलनाडु,में जेएमएम,डीएमके के भरोसे है ।243 की राज्य सभा में अब मात्र 31 सांसद हैं। ऐसे माहौल में राहुल गांधी का जो हाल है वह अप्रत्याशित नहीं है। राज्यों मप्र, राजस्थान, गुजरात, हरियाणा, महाराष्ट्र, दिल्ली, उत्तराखंड, कश्मीर, लद्दाख, बिहार पश्चिमी बंगाल असम, नागालैंड, त्रिपुरा, मणिपुर, मेघालय, उत्तर प्रदेश, आंध्र प्रदेश, तेलंगाना, ओडिशा, छत्तीसगढ़,के कांग्रेस का नेतृत्व टूट रहा है और पी चिदंबरम भी उसी पीड़ा के परिणाम है।

## तस्वीरों की दुनिया


मुख्यमंत्री विष्णु देव साय आज शाम राजधानी स्थित अखिल भारतीय वनवासी आश्रम परिसर में उरांव (सरना) आदिवासी विकास संघ रायपुर द्वारा आयोजित करम पूजा परब 2025 महोत्सव में शामिल हुए।


केन्द्रीय गृहमंत्री अमित शाह का मां दंतेश्वरी एयरपोर्ट पर भाजपा प्रदेश अध्यक्ष एवं विधायक किरण देव ने किया स्वागत अभिनन्दन।


नई दिल्ली के विज्ञान भवन में विभिन्न युवा-केंद्रित पहलों के अनावरण के अवसर पर आयोजित कौशल दीक्षांत समारोह में उपस्थित लोग। इस अवसर पर प्रधानमंत्री संबोधित करते हुए।


केंद्रीय गृह एवं सहकारिता मंत्री श्री अमित शाह हरियाणा के कुरुक्षेत्र में हरियाणा सरकार की विभिन्न विकास परियोजनाओं के शिलान्यास के अवसर पर।


बस्तर से नक्सलवाद का अंत शीघ्र होगा और क्षेत्र में शांति स्थापित कर हम विकास के नए आयाम गढ़ेंगे। बस्तर और सरगुजा क्षेत्र के सुदूर अंचलवासी अब विकास से विश्वास तक की यात्रा में सहभागी बनकर विकसित छत्तीसगढ़ के निर्माण में अपनी भूमिका निभाएंगे। केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह ने जगदलपुर से मुख्यमंत्री ग्रामीण बस योजना का शुभारंभ करते हुए यह बात कही।


केंद्रीय गृह एवं सहकारिता मंत्री अमित शाह ने जगदलपुर स्थित बस्तर की आराध्य देवी मां दंतेश्वरी के मंदिर में विधि-विधान से पूजा-अर्चना की। उन्होंने मां दंतेश्वरी से देश और प्रदेश की सुख-शांति, समृद्धि की कामना।

# कफ सीरप से मौत मामले में सीडीएससीओ ने शुरू किया जोखिम आधारित निरीक्षण, कई नमूने मिलावटी पाए गए



**नईदिल्ली, 05 अक्टूबर [एजेंसी]।**

केंद्रीय औषधि मानक नियंत्रण संगठन (सीडीएससीओ) ने मध्य प्रदेश और राजस्थान में कफ सीरप के कारण बच्चों की मौत के मद्देनजर छह राज्यों में जोखिम-आधारित निरीक्षण शुरू किया है। स्वास्थ्य मंत्रालय के सूत्रों ने बताया कि ये विनिर्माण इकाइयां हिमाचल प्रदेश, उत्तराखंड, गुजरात, तमिलनाडु, मध्य प्रदेश और महाराष्ट्र में हैं। कफ सिरप और एंटीबायोटिक्स समेत 19 दवाओं के सैंपल लिए गए हैं। स्वास्थ्य मंत्रालय ने बताया कि सीडीएससीओ ने तीन अक्टूबर को यह निरीक्षण शुरू किया। निरीक्षण में उन कमियों की पहचान करना है जिनके कारण दवा की गुणवत्ता में कमी आई है। इसका उद्देश्य भविष्य में ऐसी घटनाओं से बचने के लिए प्रक्रिया में सुधार का सुझाव देना भी है। इसके साथ ही राष्ट्रीय विषाणु विज्ञान संस्थान, भारतीय आयुर्विज्ञान अनुसंधान परिषद, राष्ट्रीय पर्यावरण इंजीनियरिंग अनुसंधान संस्थान, सीडीएससीओ और एम्स-नागपुर के विशेषज्ञों की टीम मध्यप्रदेश के छिंदवाड़ा और उसके आसपास मौतों के कारणों का आकलन करने के लिए विभिन्न नमूनों का विश्लेषण कर रही है।इस बीच खाद्य सुरक्षा एवं औषधि प्रशासन विभाग के अधिकारी ने शनिवार को बताया कि चेन्नई की एक कंपनी में निरीक्षण के दौरान एकत्र किए गए कफ सीरप के नमूने मिलावटी पाए गए।अधिकारियों ने कंपनी से स्पष्टीकरण मांगा है और उसे अपने संयंत्र में उत्पादन रोकने को कहा है। तमिलनाडु के स्वास्थ्य एवं परिवार कल्याण मंत्री सुब्रमण्यन ने कहा कि घटना की औषधि नियंत्रक विभाग द्वारा विस्तृत जांच के आदेश जारी कर दिए गए हैं। यह घटनाक्रम तमिलनाडु सरकार द्वारा कफ सीरप कोल्ड्रिफ की बिक्री पर प्रतिबंध लगाने और बाजार से इस दवा के स्टाक को हटाने के आदेश के बाद सामने आया है। मध्य प्रदेश और राजस्थान में बच्चों की मौत के इस सीरप से जुड़े होने के संदेह के मद्देनजर यह कार्रवाई की गई है।केरल की स्वास्थ्य मंत्री वीना जार्ज ने शनिवार को कहा कि केरल औषधि नियंत्रण विभाग ने भी राज्य में कोल्ड्रिफ कफ सीरप की बिक्री पर रोक लगा दी है। अन्य राज्यों से ऐसी खबरें आई थीं कि कोल्ड्रिफ सीरप के एक बैच में कुछ समस्याएं हैं। मंत्री ने बताया कि औषधि नियंत्रण विभाग ने राज्य में निरीक्षण किया है। उन्होंने कहा कि कोल्ड्रिफ सीरप के नमूने जांच के लिए एकत्र किए गए हैं।

अन्य कफ सीरप के नमूनों की भी जांच की जा रही है।तेलंगाना औषधि नियंत्रण प्रशासन ने शनिवार को कोल्ड्रिफ कफ सीरप के लिए पब्लिक अलर्ट - उपयोग बंद करने का नोटिस जारी किया। इसमें कहा गया है कि मध्य प्रदेश और राजस्थान में बच्चों की मौत और कथित मिलावट को देखते हुए, जनता को चेतावनी दी जाती है कि यदि उनके पास कोल्ड्रिफ सीरप, बैच संख्या एसआर-13 है, तो उसका उपयोग तुरंत बंद कर दें और बिना किसी देरी के स्थानीय औषधि नियंत्रण प्राधिकरण को इसकी सूचना दें।

सभी औषधि निरीक्षकों और सहायक निदेशकों को निर्देश दिया गया है कि वे खुदरा विक्रेताओं, थोक विक्रेताओं और अस्पतालों को तुरंत सचेत करें कि यदि बाजार में उत्पाद बैच का कोई स्टाक उपलब्ध हो तो उसे फ्रीज कर दें।

## कर्नाटक में बस और कार की आमने-सामने हुई जोरदार टक्कर, दुर्घटना में तीन लोगों की दर्दनाक मौत




**तुमकुरु 5 अक्टूबर।** कर्नाटक के तुमकुरु में एक सड़क हादसे में तीन लोगों की मौत हो गई। पुलिस ने बताया कि शनिवार को इस जिले के बेलाधारा गेट के पास एक निजी बस और एक कार की आमने-सामने की टक्कर में तीन लोगों की मौत हो गई और दो अन्य गंभीर रूप से घायल हो गए। जब यह हादसा हुआ, तब बस तुमकुरु से पावागड़ा जा रही थी। पुलिस के अनुसार, सभी पीड़ित कोराटागेरे तालुक के अलग-अलग गांवों के रहने वाले थे और कार से दक्षिण कन्नड़ जिले के धर्मस्थल जा रहे थे।हादसे के बाद बस का चालक मौके से फरार हो गया।

## विभिन्न दलों के नेताओं से पहली बार मिलेंगे उपराष्ट्रपति राधाकृष्णन, संसद परिसर में होगी औपचारिक बैठक



**नईदिल्ली, 05 अक्टूबर [एजेंसी]।**

उपराष्ट्रपति सीपी राधाकृष्णन सात अक्टूबर को संसद परिसर में विभिन्न दलों के नेताओं से मुलाकात करेंगे। उपराष्ट्रपति चुने जाने के बाद नेताओं के साथ ये उनकी पहली मुलाकात होगी। उपराष्ट्रपति से मुलाकात के लिए जिन नेताओं को आमंत्रित किया गया है उनमें भाजपा अध्यक्ष और सदन के नेता जेपी नड्डा, विपक्ष के नेता मल्लिकार्जुन खरगे और संसदीय कार्य मंत्री किरेन रिजिजु, राज्य मंत्री अर्जुन राम मेघवाल और एल मुरुगन प्रमुख रूप से शामिल हैं। इसके अलावा बैठक में तृणमूल कांग्रेस, द्रमुक, आप, राजद, बीजद, अन्ना द्रमुक, माकपा, भाकपा, राकांपा और जद(स) को भी आमंत्रित किया गया है। सूत्रों ने बताया कि नेताओं में शरद पवार, एचडी देवेगौड़ा, एम थंबीदुरई, डेरेक ओ ब्रायन, तिरुचि शिवा, संजय सिंह, सुभाष चंद्र बोस पिल्ली, सस्मित पात्रा, प्रेम चंद गुप्ता, संजय राउत, राम गोपाल यादव, जान ब्रिटास, संतोष कुमार पी, प्रफुल्ल पटेल, संजय कुमार झा, रामदास अठावले, बीरेंद्र प्रसाद बैश्य, अब्दुल वहाब, जीके वासन और केआर सुरेश रेड्डी शामिल हैं। हालांकि, तृणमूल कांग्रेस के सांसद डेरेक ओ ब्रायन ने बैठक में शामिल होने में असमर्थता जताई है। उनकी जगह सागरिका घोष बैठक में हिस्सा ले सकती हैं।बैठक का आयोजन अगले महीने से शुरू होनेवाले संसद के शीत सत्र से पहले किया जा रहा है। सूत्रों ने बताया कि सदन के नेताओं से मुलाकात की यह कवायद विपक्षी नेताओं के साथ बेहतर संबंध सुनिश्चित करने के उपराष्ट्रपति के प्रयासों का हिस्सा है।

# करूर भगदड़ पर आपत्तिजनक पोस्ट के लिए यूट्यूबर से पूछताछ, एंबुलेंस चालकों को भी भेजा समन

**चेन्नई, 05 अक्टूबर [एजेंसी]।**



करूर भगदड़ से संबंधित आपत्तिजनक कंटेंट पोस्ट करने के आरोप में पुलिस ने एक यूट्यूबर और विजय की चुनावी रैली में ड्यूटी पर तैनात एंबुलेंस चालकों से शनिवार को अलग अलग पूछताछ की। इस बीच राष्ट्रीय अनुसूचित जाति आयोग (एनसीएससी) के अध्यक्ष किशोर मकवाना ने शुक्रवार को वरिष्ठ अधिकारियों के साथ तमिलनाडु के करूर पहुंचे और भगदड़ में मारे गए 12 अनुसूचित जाति के पीड़ितों के परिवारों से मुलाकात की। आयोग ने सिफारिश की कि भगदड़ के पीड़ित अनुसूचित जाति के प्रत्येक परिवार के एक पात्र सदस्य को सरकारी नौकरी दी जाए। मकवाना अनुसूचित जाति के पीड़ितों के घर भी गए। मकवाना ने जिला अधिकारियों से रिपोर्ट मांगी है।आयोग के अनुसार, 41 मृतकों में से 15 अनुसूचित जाति समुदाय से थे। गौरतलब है कि 27 सितंबर को करूर में अभिनेता-राजनेता विजय की राजनीतिक रैली के दौरान मची भगदड़ में 41 लोगों की जान गई थी।

पुलिस अधिकारी ने बताया कि यूट्यूबर मरिधास को साइबर क्राइम पुलिस ने उनके आवास से हिरासत में लिया गया और उनसे एक्स पर घटना से संबंधित पोस्ट के बारे में पूछताछ की गई। बाद में उन्हें पूछताछ के लिए दोबारा पेश होने के निर्देश के साथ रिहा कर दिया गया। इस बीच पुलिस ने बताया कि करूर में घटना के समय मौजूद पांच से छह चालक जांचकर्ताओं के समक्ष पेश हुए। करूर और पड़ोसी जिलों के सरकारी और निजी एंबुलेंस के चालकों से पूछताछ की गई।

पुलिस ने यह विवरण मांगा है कि ड्राइवरों को किसने बुलाया, सरकारी और निजी अस्पतालों को कितने काल आए, तथा 27 सितंबर को कितनी एंबुलेंस सेवा में लगाई गईं। तमिलनाडु के मुख्यमंत्री एम के स्टालिन ने शनिवार को कहा कि मद्रास हाई कोर्ट के आदेश पर गठित विशेष जांच दल (एसआईटी) करूर भगदड़ की जांच शुरू करेगा और जांच से पूरी सच्चाई सामने आएगी तथा सभी स्तरों पर जवाबदेही तय होगी। मुख्यमंत्री ने कहा कि भगदड़ रोकने के लिए मानक संचालन प्रक्रिया तैयार की जाएगी।

## नोएडा एयरपोर्ट के विस्तार की तैयारी शुरू, 14 गांवों में भूमि अधिग्रहण के लिए प्राधिकरण ने स्वीकृत की रकम




**नोएडा।** नोएडा इंटरनेशनल एयरपोर्ट का उद्घाटन 30 अक्टूबर को प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी कर सकते है। इसकी तैयारियां की जा रही है।यहां युद्ध स्तर पर काम किया जा रहा है। एयरपोर्ट के निर्माण के लिए नोएडा प्राधिकरण भी एयरपोर्ट में ज्वाइंट वेंचर कंपनी है। निर्माण के लिए लगातार फंड रिलीज कर रहा है।37.5 प्रतिशत की अंशधारित के सापेक्ष में प्राधिकरण ने 31 मार्च 2025 तक कुल 4372 करोड़ 25 लाख 41 हजार 723 रुपये दिए है। इसका ब्योरा प्राधिकरण सीईओ डॉ. लोकेश एम ने चेयरमैन दीपक कुमार के समक्ष 219 वीं बोर्ड बैठक में प्रस्तुत किया। प्राधिकरण सीईओ डॉ. लोकेश एम ने यह भी बताया कि 21 फरवरी के शासनादेश के क्रम में जेवर के ओएलएस सर्वे में शामिल रहा। इसमें ओवर हेड वाटर टैंक हटाए जाने के लिए 11.5 लाख में 37.5 प्रतिशत के हिसाब से 4 लाख 14 हजार 375 रुपये का भुगतान जिलाधिकारी गौतमबुद्धनगर के पक्ष में किया जा चुका है।एयरपोर्ट का विस्तार किया जा रहा है। इस क्रम में फेज-2 और फेज-3 में 14 गांव की जमीन अधिग्रहण की जा रही है। यह जमीन करीब 1888 हेक्टेयर से ज्यादा है।इसके लिए कुल 8691 करोड़ 19 लाख रुपये मुआवजा के तौर पर देने है। इस राशि का अनुबंध के अनुसार 37.5 प्रतिशत यानी 3259 करोड़ 20 लाख रुपये प्राधिकरण को देने है।इसका ब्योरा भी बोर्ड में रखा गया। ऐसे में प्राधिकरण ने बताया कि इस राशि में वित्तीय वर्ष 2024-25 में 1315.68 करोड़ रुपए की स्वीकृति दी गई। इसमें पहले फेज के लिए 450 करोड़ रुपये दिए गए। यह राशि दिया जा चुका है।

## 11-12 अक्टूबर को डल झील किनारे होगा कश्मीर साहित्य महोत्सव

### एलजी मनोज सिन्हा करेंगे उद्घाटन

**श्रीनगर, 05 अक्टूबर [एजेंसी]।**

कश्मीर समेत अगर पूरे देश के साहित्य और कला से अवगत होना है तो फिर चले आइए कश्मीर, जहां 11-12 अक्टूबर को डल झील किनारे स्थित शेरे कश्मीर इंटरनेशनल कन्वेंशन सेंटर में कश्मीर साहित्य महोत्सव (केएलएफ) 2025 होने जा रहा है। श्रीकुला फाउंडेशन द्वारा आयोजित इस महोत्सव का उद्घाटन उपराज्यपाल मनोज सिन्हा करेंगे। केएलएफ में साहित्य, विचारों और संवाद का उत्सव होगा,जिसमें प्रसिद्ध लेखकों, कवियों, पत्रकारों, विचारकों और कलाकारों को एक मंच पर देखने-सुनने का अवसर मिलेगा।इसमें कला-साहित्य से संबंधित विभिन्न विषयों पर सत्र, पैनल चर्चा, पुस्तक विमोचन, कविता पाठ और सांस्कृतिक प्रस्तुतियां होंगी। श्रीकुला फाउंडेशन की नायरा मंजूर ने ने हा कि कश्मीर साहित्य महोत्सव के माध्यम से, श्रीकुला फाउंडेशन कश्मीर की समृद्ध साहित्यिक विरासत को संरक्षित, सम्मानित और प्रचारित करने का प्रयास कर रहा है।

यह महोत्सव अपने लेखकों, कवियों और कहानीकारों को व्यापक दर्शकों तक पहुंचने के लिए एक मंच प्रदान करता है, साथ ही यह सुनिश्चित करता है कि घाटी की अनूठी आवाज़ें, परंपराएं और कथाएँ आने वाली पीढ़ियों को प्रेरित करती रहें। आयोजन टीम के सदस्य जहानजेब अल्लाकबंद ने कहा कि कश्मीर साहित्य महोत्सव घाटी के हृदय स्थल में शब्दों, विचारों और संस्कृति का उत्सव है। यह केवल लेखकों और विचारकों का एक समागम ही नहीं है, बल्कि एक जीवंत मंच है जहां कहानियां जीवंत होती हैं, आवाजें सुनी जाती हैं और संवाद समुदायों को जोड़ते हैं।

## एनडीए में सीट शेयरिंग से पहले सीएम नीतीश ने 400 लोगों से लिया फीडबैक, युवाओं को मौका देने पर विचार



**पटना, 05 अक्टूबर [एजेंसी]।**

विधानसभा चुनाव 2025 को ले एनडीए में सीट शेयरिंग का फार्मूला हफ्ते दस दिनों के अंदर तय होने की उम्मीद है। इसके ठीक पहले जदयू के राष्ट्रीय अध्यक्ष व मुख्यमंत्री नीतीश कुमार ने जदयू के लिए संभावित सीटों के प्रत्याशियों को ले तेज गति से फीडबैक लेना आरंभ कर दिया है। इस क्रम में उन्होंने चार सौ लोगों से भेंट की थी। यह सिलिसिला आने वाले समय में और गति पकड़ेगा। लोगों से मिल रहा फीडबैक ही जदयू की टिकट पर मुहर का सबसे बड़ा फैक्टर होगा।जदयू नेतृत्व इस फीडबैक कार्यक्रम से यह देख रहा कि उसके विधायकों के प्रति किस तरह की नाराजगी है लोगों के बीच। इस क्रम में स्थानीय कार्यकर्ताओं से सीधे बात हो रही। पार्टी के कार्यकारी राष्ट्रीय अध्यक्ष संजय झा और प्रदेश अध्यक्ष उमेश सिंह कुशवाहा के स्तर पर इस नोट भी किया जा रहा। कुछ लोग अपनी उम्मीदवारी की भी बात कर रहे। वैसे मुलाकात को ले जदयू के नेतृत्व स्तर हुई बैठक के बारे में जो फीडबैक है उसके अनुसार जदयू नेतृत्व इस मूड में नहीं है कि विधायकों को बेटिकट किया जाए।

उनके बारे में जो बातें आ रहीं हैं उस पर जदयू नेतृत्व उनसे सीधे बात कर शिकायत की सुधार की बात करेगा। वहीं कुछ सीटें जिनकी संख्या दस के करीब हैं पर नए प्रत्याशी की संभावना जरूर बन रही। जदयू नेतृत्व के स्तर पर यह भी आकलन किया जा रहा कि क्षेत्र में उन योजनाओं को लेकर लोग किस तरह की बात कर रहे जो हाल में शुरू हुई हैं। सभी वर्ग के लाभ के लिए शुरू योजनाओं की ताकत पर बात हो रही। जदयू ने प्रत्याशियों को तय किए जाने को ले हाल ही में अपने जिला प्रभारियों की बैठक थी। उनसे संभावित प्रत्याशियों व पार्टी के वर्तमान विधायकों के बारे में फीडबैक लिया गया था।इस ऋम में यह बात सामने आयी थी कि 2020 में चुनाव हार गए कुछ विधायकों को इस बार भी मौका दिया जाना चाहिए। जदयू सूत्रों के अनुसार, जदयू नेतृत्व से मिलने आए पार्टी के लोगों ने इस पर भी बात की है। लंबी पारी खेल चुके विधायकों की जगह युवाओं को मौका दिए जाने की बात भी लोगों ने की है।

## मराठा की जगह अंकित हो गया पराठा परीक्षा नियंत्रक ने दिया इस्तीफा

**उदयपुर।** शहर की मोहनलाल सुखाड़िया यूनिवर्सिटी में बीए फोर्थ सेमेस्टर (प्राइवेट) के इतिहास के प्रश्न पत्र ने विवादों को जन्म दे दिया। विश्वविद्यालय के पहले प्रश्न पत्र में कई सवाल आउट ऑफ सिलेबस थे और टाइपिंग त्रुटियों ने छात्रों को परेशान कर दिया। सबसे चौंकाने वाली बात यह रही कि मराठा की जगह पेपर में पराठा अंकित था।इस मामले का विरोध अखिल भारतीय विद्यार्थी परिषद (एबीवीपी) ने किया। एबीवीपी के महानगर मंत्री पुष्पेन्द्र सिंह राठौड़ ने बताया कि छात्र प्रतिनिधियों ने विश्वविद्यालय रजिस्ट्रार से इस लापरवाही पर जवाब मांगा, लेकिन उन्हें कोई संतोषजनक जवाब नहीं मिला। बाद में परीक्षा नियंत्रक पी.एस. राजपूत को भी बुलाया गया, जिन्होंने जांच कराने का आश्वासन दिया। हालांकि, विवाद बढ़ता देख राजपूत ने परीक्षा नियंत्रक पद से इस्तीफा दे दिया। रजिस्ट्रार वृद्धिचंद गर्ग ने पुष्टि की कि राजपूत ने लिखित इस्तीफा दिया है और इसे विश्वविद्यालय स्तर पर आगे प्रक्रिया के लिए भेजा जाएगा। प्रशासन ने छात्रों से दो दिन का वक्त मांगा है और जांच के बाद समाधान निकालने का आश्वासन दिया। सुखाड़िया यूनिवर्सिटी में लगभग 5,000 प्राइवेट छात्र शनिवार से परीक्षा दे रहे हैं।

## डीजे बजाने से किया मना, दिनदहाड़े युवक के सीने में मारी गोली, पुलिस जांच में जुटी



**सतना।** सतना में एक डीजे संचालक युवक को दिनदहाड़े बीच चौराहे पर गोली मार दी गई। गोली युवक के सीने में लगी। इससे वह लहूलुहान होकर गिर पड़ा। बाइक सवार तीन हमलावर डीजे बुक कराने के बहाने आए थे।फायरिंग के बाद वहां से फरार हो गए। घटना शनिवार दोपहर को लखन चौराहे की है। अंकुर गुप्ता उम्र 24 वर्ष टिकरिया गोला के रहने वाले हैं।शुक्रवार रात दुर्गा विसर्जन कार्यक्रम के बाद बजरहा टोला के कुछ युवकों ने उन पर डीजे बजाने का दबाव बनाया था। अंकुर ने प्रशासनिक अनुमति न होने का हवाला देते हुए मना कर दिया, जिसके बाद विवाद बढ़ गया था। प्रत्यक्षदर्शियों ने बताया कि शनिवार को काले रंग की बाइक पर सवार तीन युवक लखन चौराहा पहुंचे थे। उन्होंने सीधे अंकुर गुप्ता पर फायरिंग कर दी। आरोपी सिटी कोतवाली क्षेत्र के बजरहा टोला के निवासी हैं।सूचना मिलते ही कोलगवां थाना प्रभारी सुदीप सोनी और सिटी कोतवाली थाना प्रभारी रावेंद्र त्रिपाठी पुलिस बल के साथ मौके पर पहुंचे। घायल अंकुर को तत्काल जिला अस्पताल पहुंचाया। डॉक्टरों ने उसकी गंभीर हालत को देखते हुए उसे मेडिकल कॉलेज रीवा रेफर कर दिया।सीएसपी देवेंद्र प्रताप सिंह ने बताया कि एक आरोपी जितेंद्र बसोर की पहचान हो गई है। उसके साथ 2 अन्य लोग भी थे। तीनों डीजे बुक कराने के बहाने आए और कट्टे से फायर कर भाग निकले। कोलगवां थाना एवं सिटी कोतवाली की 3 टीमें आरोपियों की धर पकड़ के लिए लगाई गई है। जल्द ही आरोपी पकड़ लिए जाएंगे।

## खरगोन में धर्मशाला विवाद पर दो पक्षों में जमकर चलीं लाठियां, 24 घायल, तीन इंदौर रेफर



**खरगोन, 05 अक्टूबर [एजेंसी]।**

बलवाड़ा थाना क्षेत्र के बरझर गांव में सामुदायिक भवन (धर्मशाला) के उपयोग को लेकर पिछले दो दिन से पांच समाजों में विवाद चल रहा है। शुक्रवार और शनिवार को विवाद इतना बढ़ गया कि ग्रामीणों के बीच जमकर लाठियां चलीं। इसका वीडियो इंटरनेट मीडिया पर भी वायरल हुआ। पुलिस जांच में जुटी है। गांव में धर्मशाला को लेकर पाटीदार, गुर्जर, गवली, राजपूत और आर्य समाज के बीच तनाव बना हुआ है। एक पक्ष का कहना है कि धर्मशाला उनका है और अन्य समाज इसका उपयोग नहीं कर सकते। इसी को लेकर विरोध हुआ और पुलिस की मौजूदगी में लाठियां चलीं।ग्रामीणों की सूचना पर एएसपी शकुंतला रूहल पुलिस बल के साथ बरझर गांव पहुंचीं और लोगों को समझाइश दी। बैठक लेकर आपसी समझौता कराया गया और विवाद न करने की शपथ दिलाई गई।मामले में दोनों पक्षों के 24 लोग घायल हुए और 37 लोगों के खिलाफ केस दर्ज किया गया। इससे पहले नवमी के बाद हुए विवाद में भी दोनों पक्षों के 24 लोगों पर प्रकरण दर्ज हुआ था। उस झगड़े में 23 लोग घायल हुए थे, जिनमें से तीन को इंदौर रेफर किया गया था।अब तक कुल 37 आरोपितों के खिलाफ प्रतिबंधात्मक कार्रवाई की गई है। हालांकि एएसपी शकुंतला रूहल ने आधिकारिक तौर पर अधिक जानकारी नहीं दी और कहा कि गांव में शांति है। शनिवार को अन्य गांवों के लोग भी बरझर पहुंचे, जिससे विवाद और बढ़ा।बड़वाह अस्पताल में जिनका इलाज हुआ उनमें गोपीचंद मोहनलाल यादव (46), सोहन यशवंत हम्मड, जितेंद्र सर्वी (50), दिलीप पाटीदार (40), पूजा दिलीप पाटीदार (36), पवन यादव (21) और रमेश पंवार (50) शामिल हैं। इनमें कुछ के सिर फटे और कई के शरीर पर लाठियों-डंडों के निशान थे। दशहरे पर हुई मारपीट में घायल धर्मेंद्र मनोहर पटेल (35), बागसिंह पंवार (65) और कैलाश पिता गोविंद (50) का इंदौर में इलाज चल रहा है।

# भोपाल में भाजपा नेत्री को दबंगों ने पीटा, खुलेआम सड़कों पर खसीटा




**भोपाल, 05 अक्टूबर [एजेंसी]।**

सूखीसेवनिया क्षेत्र के ओंकारा सेवनिया में पड़ोसियों ने भाजपा महिला मंडल महामंत्री 55 वर्षीय शकुन शर्मा को जमकर घसीटा और पिटाई कर दी। शुक्रवार शाम मंदिर से पूजा कर घर लौटते समय पड़ोसियों ने उनसे विवाद शुरू कर दिया। किसी तरह घर भागकर उन्होंने जान बचाई और पुलिस को फोन किया। पुलिस समझाइश देकर लौट गई, लेकिन इसके बाद आरोपित परिवार ने शकुन शर्मा पर हमला कर दिया। पड़ोस में रहने वाली दो बहनों ने उन्हें घर से दूर तक घसीटा और चांटे मारे, वहीं उनके मां-पिता और भाई ने भी मारपीट की। इस घटना का वीडियो पीड़िता के पिता ने बनाया, जो शनिवार को सामने आया है। शिकायत पर सूखीसेवनिया पुलिस ने पांच लोगों पर केस दर्ज किया है। घटना के बाद सभी आरोपित घर पर ताला लगाकर फरार हो गए। थाना प्रभारी रामबाबू चौधरी ने बताया कि दोनों पक्षों के बीच पुराने विवाद की जानकारी भी मिली है। पीड़िता शकुन शर्मा का कहना है कि वह दस साल से सिद्ध नगर, ओंकारा सेवनिया में रह रही हैं। उनके पति कमलेश अशोकागार्डन की एक होटल में काम करते हैं, जबकि बेटा बाहर नौकरी करता है। उन्होंने कॉलोनीवासियों के सहयोग से घर के पास एक शिव मंदिर बनवाया था।उनका आरोप है कि सुनील गुर्जर दो साल पहले बेगमगंज से यहां आया था और मंदिर के स्वामित्व को लेकर विवाद करने लगा। वह ब्राह्मण समाज के लोगों को पूजा करने से रोकता था। हाल ही में उसने बिजली विवाद को लेकर अतुल व्यास से भी मारपीट की थी। शाम करीब छह बजे शकुन शर्मा मंदिर से लौट रही थीं। पड़ोसी से अतुल के विवाद को लेकर बात करते समय सुनील की बेटियां अनु और मनु ने उनसे झगड़ा शुरू कर दिया। इसके बाद वे घर पहुंचीं और बेटे को फोन कर डायल-112 पर सूचना दी। कुछ देर बाद जब वह अतुल व्यास के साथ थाने जा रही थीं, तभी अनु और मनु ने फिर से उन्हें घसीटना शुरू कर दिया।इसके बाद सुनील गुर्जर, पत्नी गीता गुर्जर और बेटा अनुराग गुर्जर ने भी मारपीट की।

## नए चेहरों में पुरानी पैरवी, बाहरी नेताओं को भी जिलाध्यक्ष का ताज

**रांची।** कांग्रेस की नई टीम में संगठन सृजन के संकल्प का बंटाधार होता दिख रहा है। प्रदेश कांग्रेस प्रभारी के.राजू ने बड़ी-बड़ी बातें जरूर की थी और कुछ जिलों में ऐसा लग भी रहा है कि नए लोगों को मौका मिला है, लेकिन कई जिलों में पुराने और जाने-पहचाने लोगों को ही जिलाध्यक्ष बनाया गया है। पहले पार्टी की ओर से दावा किया गया था कि समर्पित और कट्टर कांग्रेसी नेताओं को जिलाध्यक्ष बनने का मौका मिलेगा। हालांकि, नई सूची कई मामलों में ऐसे दावों का खंडन करती है। सूची में स्पष्ट तौर पर बड़े नेताओं, मंत्रियों की पसंद का ख्याल रखा गया है। पूर्व प्रदेश अध्यक्षों राजेश ठाकुर, सुखदेव भगत और पूर्व केंद्रीय मंत्री सुबोधकांत सहाय, पूर्व सांसद धीरज प्रसाद साहू के साथ-साथ विधायक दल के उपनेता राजेश कच्छप तक की पसंद का ख्याल रखा गया है।चतरा और लातेहार के जिलाध्यक्ष के कांग्रेस की सदस्यता को लेकर भी सवाल उठाए जा रहे हैं। प्रदेश सरकार में मंत्रियों डॉ. इरफान अंसारी और राधाकृष्ण किशोर का भी प्रभाव दिख रहा है।







# रेगिस्तान में बसा हिल स्टेशन माउंट आबू नेचर और कल्चर की खूबसूरती एक साथ

रेगिस्तान में बसा हिल स्टेशन माउंट आबू, नेचर और कल्चर की खूबसूरती एक साथ

गर्मियों में रेगिस्तान में कौन जाना चाहता है? लेकिन अगर कोई आपसे कहे कि रेगिस्तान में भी एक ऐसा खूबसूरत हिल स्टेशन है, जो किसी दूसरे राज्यों के हिल स्टेशन से कम नहीं है। हम बात कर रहे हैं राजस्थान के दिलचस्प हिल स्टेशन माउंट आबू की। आइए, आज आपको सैर करवाते हैं माउंट आबू की।

### नक्की झील

राजस्थान के माउंट आबू में 3937 फुट की ऊंचाई पर स्थित नक्की झील लगभग ढाई किलोमीटर के दायरे में है, जहां बोटिंग करने का लुत्फ अलग ही है। हरीभरी वादियां, खजूर के वृक्षों की कतारें, पहाड़ियों से घिरी झील और झील के बीच आईलैंड, कुल मिलाकर देखें तो सारा दृश्य बहुत ही मनमोहक है।

### सनसेट प्वाइंट

यहां से देखिए, सूर्यास्त का खूबसूरत नजारा, ढलते सूर्य की सुनहरी रंगत कुछ पलों के लिए पर्वत श्रृंखलाओं को कैसे स्वर्ण मुकुट पहना देती है। यहां डूबता सूरज 'बॉल' की तरह लटकते हुए दिखता है।

हनीमून प्वाइंट

सनसेट प्वाइंट से दो किलोमीटर दूर कपल के यहां हनीमून प्वाइंट बना हुआ है। शाम के वक्त यहां लोगों का हुजूम उमड़ पड़ता है, यह 'आंद्रा प्वाइंट' के नाम से भी जाना जाता है।

### टॉड रॉक

नक्की झील से कुछ दूरी पर ही स्थित टॉड रॉक चट्टान है, जिसकी आकृति मेंढक की तरह है, जो सैलानियों का ध्यान बरबस ही अपनी ओर आकर्षित करती है।

### ऐसे जाएं

माउंट आबू के पास उदयपुर एयरपोर्ट है, जो 185 कि.मी. दूर है। इसी प्रकार अहमदाबाद एयरपोर्ट 235 किलोमीटर की दूरी पर स्थित है, जबकि जोधपुर हवाई अड्डा 267 किलोमीटर दूर है।

माउंट आबू का निकटतम रेलवे स्टेशन आबू रोड है जो कि मात्र 28 किलोमीटर की दूरी पर स्थित है। यह रेलवे स्टेशन दिल्ली-अहमदाबाद बड़ी लाईन (ब्रॉडगेज) पर है जहां सभी ट्रेन रुकती है।

### घूमने के लिए बेस्ट टाइम

माउंट अबू का मौसम पूरे साल खुशनुमा रहता है। नवम्बर से अगस्त बेस्ट टाइम है।



## दुनियाभर में मिराय का डंका, चार दिन में 100 करोड़ क्लब की दहलीज पर पहुंची फिल्म

फिल्म मिराय शुक्रवार 12 सितंबर को सिनेमाघरों में लगी। ओपनिंग डे पर इसने 13 करोड़ रुपये का कलेक्शन करके शुरुआत की। भारतीय बाक्स आफिस पर फिल्म को दर्शकों से अच्छी प्रतिक्रिया मिल रही है। इसी के साथ वर्ल्डवाइड भी मिराय को पसंद किया जा रहा है। चार दिनों में यह फिल्म वर्ल्डवाइड कलेक्शन के मामले में 100 करोड़ क्लब में नजदीक पहुंच गई है।

पीपल मीडिया फैक्टरी के एक्स अकाउंट (पूर्व में ट्विटर) से एक पोस्ट शेयर किया गया है। इसमें फिल्म के वर्ल्डवाइड कारोबार की डिटेल दी है। मिराय का वर्ल्डवाइड ग्रास कलेक्शन 91.45 करोड़ रुपये हो गया है। यह इस फिल्म का चार दिनों का कारोबार है।

भारतीय बाक्स आफिस कलेक्शन की बात करें तो मिराय ने पहले दिन 13 करोड़ रुपये का कलेक्शन किया था। दूसरे दिन 15 करोड़ रुपये कमाए। तीसरे दिन का कलेक्शन 16.6 करोड़ रुपये रहा था। वहीं, चौथे दिन इस फिल्म ने 5.96 करोड़ रुपये का कारोबार किया। घरेलू बाक्स आफिस पर मिराय का नेट कलेक्शन 51.24 करोड़ रुपये हो गया है। फिल्म कमाई के मामले में भारतीय बाक्स आफिस पर भी अर्ध शतक जड़ चुकी है।

कार्तिक गट्टामनेनी के निर्देशन में बनी मिराय में मांचू मनोज, रितिका नायक और जयराम जैसे सितारे भी अहम रोल में हैं। मिराय की कहानी नौ ग्रंथों के इर्द-गिर्द बुनी गई है, जिन्हें संभालने की जिम्मेदारी सम्राट अशोक ने अलग-अलग योद्धाओं को दी थी। इन ग्रंथों में वो ताकत है जो मनुष्यों को देवताओं में बदल सकती है।

## मोहनलाल की पैन इंडिया फिल्म वृषभ का टीजर जारी, जबरदस्त एक्शन करते दिखे अभिनेता



मलयालम सिनेमा के सुपरस्टार मोहनलाल पिछले काफी समय फिल्म वृषभ को लेकर चर्चा में बने हुए हैं। उनकी इस एक्शन ड्रामा फिल्म के निर्देशन की कमान नंद किशोर ने संभाली है, वहीं एकता कपूर के प्रोडक्शन हाउस बालाजी टेलीफिल्म्स के तहत इसका निर्माण किया जा रहा है। अब निर्माताओं ने वृषभ का धमाकेदार टीजर जारी कर दिया है, जिसमें उनका धांसू अवतार दिख रहा है। टीजर में मोहनलाल जोरदार एक्शन करते नजर आ रहे हैं। मोहनलाल ने लिखा, इंतजार यहीं खत्म होता है, एक ऐसी फिल्म जो मेरे दिल के बेहद करीब है। वृषभ की दुनिया में आपका स्वागत है। वृषभ के जरिए शनाया कपूर साउथ की दुनिया में कदम रख रही हैं। रोशन मेका और श्रीकांत मेका जैसे सितारे भी फिल्म का हिस्सा हैं। वृषभ एक पैन इंडिया फिल्म है, जिसे आप हिंदी, तेलुगू, कन्नड़, तमिल और मलयालम भाषा में देख पाएंगे। यह फिल्म इस साल दिवाली के मौके पर सिनेमाघरों में रिलीज होगी।

फिल्म 'वृषभ' को नंदा किशोर ने लिखा और डायरेक्ट किया है. ये फिल्म अभी तक की भारतीय सिनेमा की सबसे बड़ी और महत्वाकांक्षी फिल्मों में से एक मानी जा रही है. इसमें आपको युद्ध का भव्य सीन, पिता-पुत्र के रिश्ते की गहरी कहानी और बहुत ही इमोशनल ड्रामा देखने को मिलेगा. यानी कहानी सिर्फ एक्शन तक ही नहीं, बल्कि रिश्तों, भावनाओं और संघर्ष को बड़े पैमाने पर दिखाती है.

फिल्म में मोहनलाल के अलावा और भी कई कलाकारों की अहम भूमिकाओं में हैं और उनकी एक्टिंग फिल्म को और भी मजेदार और प्रभावशाली बनाती है. फैंस इस टीजर को देखने के लिए बेहद उत्साहित हैं क्योंकि इससे उन्हें फिल्म की कहानी और शानदार ग्रैंड विजुअल्स का पहला अंदाज देखने को मिलेगा. फिल्म के निर्माताओं ने बताया है कि 'वृषभ' एक महाकाव्य जैसी कहानी है, जिसमें भावनाओं और एक्शन का ऐसा मिश्रण है कि भारतीय सिनेमा में नया रिकॉर्ड बनेगा.

## नंदमुरी बालकृष्ण की अखंड 2 की रिलीज डेट स्थगित

साउथ अभिनेता नंदमुरी बालकृष्ण के फैंस के लिए यह खबर निराशाजनक है क्योंकि उनके पसंदीदा स्टार की आगामी बहुप्रतीक्षित फिल्म अखंड 2 की रिलीज डेट को अभी के लिए टाल दिया गया है। नंदमुरी बालकृष्ण ने आज इंस्टाग्राम पर एक पोस्ट शेयर किया जो कि फिल्म के निर्माताओं ने लिखा है। उन्होंने इस नोट में लिखा, नंदमुरी बालकृष्ण की अखंड 2 को और बेहतर बनाने के लिए री-रिकॉर्डिंग, वीएफएक्स और पोस्ट-प्रोडक्शन के लिए और समय चाहते हैं। नई रिलीज तारीख बाद में बताई जाएगी। यह खबर बालकृष्ण के प्रशंसकों के लिए निराशाजनक है, जो इस एक्शन फिल्म की रिलीज का बेसब्री से इंतजार कर रहे हैं। फिल्म अखंड 2 में नंनदमुरी बालकृष्ण के अलावा संयुक्ता मुख्य भूमिका में हैं। इसके अलावा फिल्म में आधी पिनिसेट्टी खलनायक बने हैं।



## फिल्म तू मेरी मैं तेरा... की नई रिलीज डेट का हुआ एलान, कार्तिक-अनन्या ने फैंस को दी जानकारी

इस साल का आखिरी दिन मूवी लवर्स के लिए खास रहने वाला है। वजह है कार्तिक आर्यन और अनन्या पांडे की मच अवेटेड फिल्म तू मेरी मैं तेरा..., जिसकी रिलीज डेट अब प्रीपोन हो गई है। जहां पहले फिल्म 13 फरवरी 2026 यानी वेलेंटाइन डे पर आने वाली थी, लेकिन अब मेकर्स ने इसे 31 दिसंबर 2025 को रिलीज करने का फैसला किया है। यानी इस फिल्म को नए साल के मौके पर रिलीज किया जाएगा।

कार्तिक और अनन्या ने फैंस के साथ पोस्ट शेयर करते हुए इस बात की जानकारी दी। उन्होंने सोशल मीडिया पर फिल्म की नई रिलीज डेट की घोषणा करते हुए एक पोस्ट शेयर किया। उन्होंने लिखा कि साल का आखिरी दिन हमारे साथ बिताइए, क्योंकि हमारी फिल्म नए साल से ठीक पहले सिनेमाघरों में आ रही है। साल खत्म होगा लेकिन प्यार की नई शुरुआत होगी। इस पोस्ट के साथ उन्होंने फिल्म की रैप पार्टी की एक तस्वीर भी शेयर की, जिसमें वह और अनन्या पांडे साथ नजर आ रहे हैं। इस फिल्म की शूटिंग कई खूबसूरत जगहों पर हुई है। एक ओर यूरोप का लोकप्रिय टूरिस्ट डेस्टिनेशन क्रोएशिया, वहीं दूसरी ओर भारत का ऐतिहासिक और रंगीन राज्य राजस्थान- दोनों जगहों की झलक दर्शकों को इस फिल्म में देखने को मिलेगी। ट्रेलर और तस्वीरों से अंदाजा लगाया जा रहा है कि कहानी में रोमांस, कामेडी और इमोशन का मिश्रण देखने को मिलेगा। कार्तिक आर्यन और अनन्या पांडे की जोड़ी इससे पहले फिल्म पति पत्नी और वो में नजर आई थी। उस वक्त भी दर्शकों ने इस फ्रेश पेयरिंग को खूब पसंद किया था। अब यह दोनों फिर से एक साथ स्क्रीन शेयर करने जा रहे हैं। फिल्म में कार्तिक-अनन्या की जोड़ी के अलावा दिग्गज कलाकार भी शामिल हैं। जैकी श्राफ और नीना गुप्ता अहम किरदारों में नजर आएंगे। फिल्म के निर्देशक समीर विद्वांस हैं। यह फिल्म धर्मा प्रोडक्शंस और नमः पिक्चर्स के बैनर तले बन रही है।

## पवन कल्याण की फिल्म ओजी में प्रकाश राज की एंट्री पहली झलक आई सामने, किरदार के नाम से उठा पर्दा



दे कॉल हिम ओजी का निर्देशन सुजीत कर रहे हैं। दे कॉल हिम ओजी के निर्माताओं ने आज अभिनेता प्रकाश राज के किरदार के नाम के साथ ही उनका फिल्म में लुक रिवील कर दिया है। जिससे इस फिल्म को लेकर फैंस की उत्सुकता और अधिक बढ़ गई है। डीवीवी एंटरटेनमेंट ने एक्स पर ओजी से प्रकाश राज का लुक शेयर किया है। साथ ही यह भी बताया है कि फिल्म में प्रकाश राज सत्या दादा का किरदार निभा रहे हैं। इस पोस्टर में प्रकाश राज गंभीर लुक में दिखाई दे रहे हैं। इस पोस्टर में प्रकाश कुछ सोचते नजर आ रहे हैं। उनके लुक की बात करें तो वह मैरून कुर्ते के ऊपर सॉल ओढ़े हुए हैं और आंखों पर नजर का चश्मा लगा हुआ है। इस पोस्टर के ऊपर लिखा है - सत्या दादा। इस महीने की शुरुआत में पवन कल्याण के जन्मदिन पर दे कॉल हिम ओजी की एक झलक रिलीज की गई थी। इस वीडियो में पवन कल्याण का किरदार ओजी एक पत्र पढ़ता है, जिसमें उसे जन्मदिन की बधाई के साथ धमकी दी जाती है। वीडियो में ओजी को बेसबॉल बैट और जापानी कटाना तलवार के साथ एक्शन करते दिखाया गया, जो दर्शकों को बेहद पसंद आया। फिल्म में पवन कल्याण के अलावा इमरान हाशमी, प्रियंका अरुल मोहन, प्रकाश राज और श्रीया रेड्डी जैसे कलाकार हैं। डीवीवी एंटरटेनमेंट के बैनर तले बनी यह फिल्म 2025 की बड़ी फिल्मों में से एक मानी जा रही है। पहले यह फिल्म 27 सितंबर 2024 को रिलीज होने वाली थी, लेकिन अब यह 25 सितंबर 2025 को सिनेमाघरों में आएगी।

## मनीष मल्होत्रा का गुस्ताख इश्क के साथ प्रोडक्शन डेब्यू, टीजर रिलीज

मशहूर डिजाइनर मनीष मल्होत्रा अब पहली फिल्म गुस्ताख इश्क के साथ निर्माता के तौर पर डेब्यू करने जा रहे हैं। मेकर्स ने इसका टीजर रिलीज कर दिया। मनीष मल्होत्रा की स्टेज5 प्रोडक्शन ने अपने आधिकारिक इंस्टाग्राम अकाउंट पर फिल्म का टीजर जारी किया, जिसके कैप्शन में उन्होंने लिखा, फिल्म गुस्ताख इश्क - पहले जैसी। इसका निर्देशन विभु पुरी ने किया है। इसे मनीष मल्होत्रा और दिनेश मल्होत्रा ने मिलकर बनाया है। फिल्म में नसीरुद्दीन शाह, विजय वर्मा, फातिमा सना शेख और शारिब हाशमी मुख्य भूमिकाओं में हैं। कहानी गुलजार ने लिखी है और संगीत विशाल भारद्वाज ने बनाया है।

## बाक्स आफिस पर बागी 4 ने तोड़ दिया दम, 11वें दिन लाखों में सिमटी कमाई



सिनेमाघरों में इन दिनों कई फिल्में लगी हुई हैं। इन्हीं में से एक है बागी 4, जिसके हीरो टाइगर श्राफ हैं। 5 सितंबर को रिलीज हुई इस फिल्म से निर्माताओं को बड़ी उम्मीदें थीं, लेकिन बाक्स आफिस पर इसकी हालत पस्त है। पहले दिन से यह फिल्म दर्शकों के लिए तरसती दिख रही है। आलम यह है कि अब बागी 4 का कारोबार लाखों में सिमट गया है। आइए जानें फिल्म ने 11वें दिन बाक्स आफिस पर कैसा प्रदर्शन किया।

बाक्स आफिस का लेखा-जोखा रखने वाली वेबसाइट सैकनिल्क के मुताबिक, बागी 4 ने अपनी रिलीज के 11वें दिन यानी दूसरे सोमवार को 75 लाख रुपये कमाए। इस तरह 11 दिन में इस फिल्म ने 50.40 करोड़ रुपये कमा लिए हैं, जबकि फिल्म का बजट 80 करोड़ रुपये बताया जा रहा है। बाक्स आफिस पर बागी 4 का सामना मिराई, द बंगाल फाइल्स, जुगनुमा, एक चतुर नार और परम सुंदरी जैसी फिल्मों से हो रहा है।

बागी 4 के निर्देशन की कमान ए हर्ष ने संभाली है, जिन्हें भजरंगी और वेधा जैसी काड़ फिल्मों के लिए जाना जाता है। साजिद नाडियाडवाला इसके निर्माता हैं। इसमें टाइगर की जोड़ी हरनाज संधू के साथ बनी है। उन्होंने इस फिल्म के जरिए बालीवुड में कदम रखा है। संजय दत्त फिल्म में खूंखार खलनायक की भूमिका में दिख रहे हैं। सोनम बाजवा भी इस फिल्म का हिस्सा हैं। बागी 4 का प्रीमियर जल्द ही अमेजन प्राइम वीडियो पर होगा।

## बाक्स आफिस कलेक्शन डे 2 तेजा सज्जा की सुपरनैचुरल ड्रामा ने हनु-मान-किंगडम को दी मात, की छप्पड़ फाड़ कमाई

हनु-मान की जबरदस्त सफलता के बाद तेजा सज्जा मिराय के साथ बड़े पर्दे पर लौट आए हैं और इस बार, उनकी कमाई पहले से कहीं ज्यादा बढ़ गई है. 12 सितंबर को बाक्स आफिस पर रिलीज हुई उनकी नई सुपरहीरो फैंटेसी ड्रामा ने अपनी धमाकेदार शुरुआत और फैंस की उत्साह से बाक्स आफिस पर धूम मचा दी है. तेजा सज्जा की एक्शन फिल्म को समीक्षकों और दर्शकों से सकारात्मक प्रतिक्रिया मिली है, जिससे फिल्म के कारोबार में तेजी आई है. दूसरे दिन भी इसने बाक्स आफिस पर अच्छी कमाई की है.

मिराय रिलीज से पहले का उत्साह आसमान छू रहा था, और अब, आंकड़े साबित कर रहे हैं कि यह उत्साह वाकई था. भारत और विदेशों से भारी संख्या में फैंस सिनेमाघरों में पहुंचे, जिससे पहला दिन तेलुगु सिनेमा की बढ़ती वैश्विक लोकप्रियता और बढ़ गई.

कार्तिक गट्टामनेनी की निर्देशित फिल्म तेजा सज्जा, मंचू मनोज, रितिका नायक, श्रिया सरन और जगपति बाबू अभिनीत और प्रभास के स्पेशल कैमियो वाली मिराय सुपर योद्धा ने न केवल उम्मीदों पर खरा उतरा है, बल्कि दर्शकों का भी दिल जीत लिया. आलोचक और दर्शक, दोनों ही तेजा सज्जा की प्रभावशाली स्क्रीन उपस्थिति की प्रशंसा कर रहे हैं, जो मिराय को कहीं अधिक दर्शाता है.

मिराय ने ओपनिंग डे पर दुनियाभर में शानदार कमाई की. मेकर्स ने फिल्म के पहले दिन की कमाई का आंकड़ा साझा किया है. मेकर्स के मुताबिक, मिराय ने पहले दिन दुनियाभर के बाक्स आफिस पर 27.20 करोड़ रुपये का बिजनेस किया. वहीं, भारत में इसने पहले दिन 13 करोड़ रुपये का ग्रास कलेक्शन किया था.शानदार समीक्षाओं, खचाखच भरे सिनेमाघरों और लगातार बढ़ते वीकेंड के साथ, मिराय ने दूसरे दिन बेहतर प्रदर्शन किया. सैकनिल्क के अनुसार, मिराय ने पहले दिन लगभग 13 करोड़ रुपये (सभी भाषाओं को मिलाकर) कमाए. वहीं दूसरे दिन इसने 13.45 करोड़ रुपये कमाए. दो दिनों के बाद भारतीय बाक्स आफिस पर मिराय का कलेक्शन 26.45 करोड़ रुपये कमाए हैं.तेजा सज्जा की मिराय ने ना सिर्फ पहले दिन हनु-मान को पीछे छोड़ा बल्कि पहले शनिवार को भी मात देने में कामयाब रही. रिलीज के दूसरे दिन जहां मिराय ने 13.45 करोड़ रुपये काए, वहीं हनु-मान ने 12.45 करोड़ रुपये कमाए थे.तेजा सज्जा की मिराय ने ना सिर्फ पहले दिन हनु-मान को पीछे छोड़ा बल्कि पहले शनिवार को भी मात देने में कामयाब रही. रिलीज के दूसरे दिन जहां मिराय ने 13.45 करोड़ रुपये काए, वहीं हनु-मान ने 12.45 करोड़ रुपये कमाए थे.



इतना ही नहीं, तेजा सज्जा की मिराय, विजय देवरकोंडा अभिनीत किंगडम के पहले शनिवार के कलेक्शन को भी पार कर लिया है. सैकनिल्क के अनुसार, किंगडम ने अपने पहले शनिवार (तीसरे दिन) को 8 रुपये कमाए थे.

# अपने अंदर के रावण को जलाएं तभी बनेगा विकसित भारतः महाप्रबंधक



**चरचा कालरी।** दशहरा पर्व के पावन अवसर पर स्थानीय श्रमवीर स्टेडियम में भव्य रावण दहन कार्यक्रम का आयोजन किया गया। यह कार्यक्रम नगर पालिका शिवपुर-चर्चा के उपाध्यक्ष राजेश सिंह के जन्मदिन के उपलक्ष्य में हुआ, जिसमें विधायक एवं पूर्व मंत्री भैया लाल राजवाड़े नगर पालिका शिवपुर चर्चा के अध्यक्ष अरुण जायसवाल भारतीय जनता पार्टी कोरिया के उपाध्यक्ष शैलेश शिवहरे सहित नगर पालिका शिवपुर चर्चा सहित नगर पालिका शिवपुर चर्चा और समीपस्थ क्षेत्र के हजारों नागरिक उपस्थित रहे।इस अवसर पर सभा को संबोधित करते हुए एसईसीएल बैकुंठपुर क्षेत्र के महाप्रबंधक बी.एन. झा ने कहा मैं आप सभी को नमन करता हूँ, प्रणाम करता हूँ। पिछले नौ दिनों से माता रानी इस क्षेत्र में विराजमान हैं और उनका आशीर्वाद हम सब पर बरस रहा है। आज यह समय लोगों को आशीर्वाद देने का नहीं बल्कि आप सबके आशीर्वाद लेने का है। जब तक हम अपने भीतर के क्रोध, अहंकार और कुरीतियों को समाप्त नहीं करेंगे, तब तक रावण दहन की सार्थकता पूर्ण नहीं होगी। हर वर्ष हम रावण का पुतला जलाते हैं, किंतु यदि यहां उपस्थित अपार जन सैलाब के आधे लोग हीअपने मन के रावण को जला देने की शपथ ली तभी हमारा यहां आना और रावण को जलाना सार्थक होगा ऐसा कर निश्चित रूप से हम विकसित भारत, विकसित छत्तीसगढ़ और विकसित चर्चा-बैकुंठपुर बना सकते हैं।

महाप्रबंधक ने आगे कहा कि दस मुख वाले चार वेद और छै उपनिषदों के ज्ञाता महाज्ञानी और महाबली रावण का वध करना आसान नहीं था, उसी तरह हमारे भीतर के दोष भी तभी समाप्त होंगे जब तक हम अपने मन से एक दूसरे के लिए ड्रेस नहीं हटा लेंगे एक दूसरे के धर्म का एक दूसरे की जाति का एक दूसरे के समाज का और एक दूसरे का प्रांत का सम्मान नहीं करेंगे तब तक विकसित भारत नहीं बन सकता ,देश में ऊंची ऊंची अट्टालिकाएं हो ,विशाल स्वर्ण मुद्राओं का भंडार यह अभिकल्पना तब तक साकार नहीं होगी जब तक हम एक-दूसरे के प्रति सम्मान और आपसी सौहार्द नहीं बनाएंगे एसईसीएल बैकुंठपुर क्षेत्र का प्रथम नागरिक होने के नाते मैं आप सबसे निवेदन करता हूँ कि हम सब मिलकर इस संस्था को इतना आगे बढ़ाएँ कि क्षेत्र में नई खदानों की शुरुआत हो, पुरानी खदानों से अधिक उत्पादन हो और इस क्षेत्र की अर्थव्यवस्था मजबूत बने। यहां की इकोनामिक से पुर बैकुंठपुर क्षेत्र का समुचित विकास हो तभी यहाँ बिजली की चमक और विकास की गति दिखाई देगी।

बैकुंठपुर क्षेत्र के समस्त मेहनतकश श्रमिकों का सम्मान करें और उनकी भावनाओं को समझे, जब तक श्रमिक प्रसन्न रहेंगे, क्षेत्र हमेशा चर्चा में रहेगा और बैकुंठपुर प्रगति की ओर अग्रसर होगा। चर्चा क्षेत्र हमेशा चर्चा में रहेगा और बैकुंठपुर चमचमाती रहेगा। महाप्रबंधक ने विशेष रूप से महिलाओं से सहयोग की अपील करते हुए कहा कि बैकुंठपुर क्षेत्र में वर्तमान में मात्र चार खदानें हैं, आय का स्रोत बेहद कम है लेकिन नई खदानें खोलने की योजना है। इसमें आप सबका सहयोग आवश्यक है। आपकी भागीदारी से ही विकसित भारत और सशक्त समाज की परिकल्पना संभव है।अंत में उन्होंने मंच पर उपस्थित क्षेत्र के विधायक को जनता से शतायु होने व भरपूर आशीर्वाद दिलाने का आग्रह किया, ताकि वे सदैव सच्चाई और निष्ठा के साथ निरंतर जनता की सेवा में लगे रहें।

## ड्राइवर महा संगठन ने कलेक्टर को सौपा ज्ञापन

**अम्बिकापुर।** छत्तीसगढ़ ड्राइवर महासंगठन ने अपनी लंबित मांगों को लेकर कलेक्टर को सौपा ज्ञापन सौपे गए ज्ञापन में कहा गया है कि ड्राइवर महासंगठन अपनी मूलभूत एवं महत्वपूर्ण मांगों को लगातार सरकार तक पहुंचाने का प्रयास कर रहा है जिसमें छत्तीसगढ़ राज्य पर पूर्ण रूप से शराब बंदी ड्राइवर आयोग का गठन ड्राइवर वेलफेयर बोर्ड की स्थापना इसके अलावा बीएनएस की धारा 105 को समाप्त किया जाए संगठन के पदाधिकारीयों ने तर्क दिया कि दुर्घटना अचानक टायर फटने से वाहन में मैकेनिकल खराबी आ जाने से सड़क की स्थिति प्रकृतिकूल न होने से दुर्घटना घटित हो सकती है ऐसी घटना ड्राइवर के बिना लापरवाही से भी घटित हो सकता है ऐसी स्थिति में चालक को सीधे बीएनएस की धारा 105 के तहत 10 वर्ष का कारावास देना सही नहीं है।

# एसईसीएल ने कदाचरण के आरोप में बर्खास्त 32 कर्मियों को मिली ग्रेच्युटी राशि

### लंबे समय तक कानूनी लड़ाई के बाद सफलता, जगन्नाथ मंदिर ट्रस्ट को किया सहयोग

**चिरमिरी।** एसईसीएल चिरमिरी क्षेत्र से बरसों पहले बर्खास्त किए गए 32 श्रमिक बंधुओं की लंबी कानूनी और सामाजिक लड़ाई आखिरकार सफल रही। संघर्ष के वर्षों बाद इन श्रमिकों को उनका हक़ सीएमपीएफ, ग्रेच्युटी और पेंशन की पूरी राशि प्राप्त हो गई है। इस ऐतिहासिक जीत की खुशी में श्रमिक बंधुओं ने पूर्व विधायक डॉ. विनय जायसवाल से मुलाकात की और उनका आभार व्यक्त किया ।

श्रमिक बंधुओं ने संयुक्त रूप से सम्मान और आभार के प्रतीक के रूप में रू. 1,11,000 (एक लाख ग्यारह हजार) का चेक पूर्व विधायक को भेंट किया । इस अवसर पर डॉ. जायसवाल ने इस राशि को प्रभु की सेवा में समर्पित करते हुए जगन्नाथ मंदिर ट्रस्ट, चिरमिरी को दान कर दिया। विभोर कर देने वाला है। यह राशि केवल धन नहीं, बल्कि उन श्रमिक परिवारों का विश्वास, प्यार और आशीर्वाद है जिनके लिए मैंने संघर्ष किया। यह जीत उनकी मेहनत और एकजुटता का परिणाम है । यह मेरे लिए अमूल्य पूंजी है, जो मुझे आगे भी श्रमिकों और आमजन की आवाज़ उठाने की शक्ति देती है। उन्होंने कहा कि यह जीत सिर्फ आर्थिक हक़ तक सीमित नहीं है, बल्कि यह न्याय और विश्वास की जीत है। श्रमिक परिवारों का स्नेह और आशीर्वाद उनके लिए सबसे बड़ी उपलब्धि है। मैं सदैव आप सभी की आवाज़ और अधिकारों की लड़ाई में आपके साथ खड़ा रहूंगा।

## राम माधव की पुस्तक का विमोचन

**रायपुर।** राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ के वरिष्ठ प्रचारक, चिंतक और लेखक राम माधव ने कहा है कि विश्व व्यवस्था तेजी से बदल रही है और भारत को इस नए दौर के अनुरूप खुद को ढालना होगा। वे छत्तीसगढ़ में आयोजित एक विशेष व्याख्यान में अपनी पुस्तक 'द न्यू वर्ल्ड 21 सेंचुरी ग्लोबल ऑर्डर एंड इंडिया' पर बोल रहे थे। कार्यक्रम में स्पीकर डॉ. रमन सिंह भी उपस्थित थे।

# बिजली दरों में बढ़ोत्तरी से नाराज कांग्रेस का सीएसईबी कार्यालय में प्रदर्शन

### राज्यपाल के नाम तहसीलदार को सौंपा ज्ञापन



**कोरिया बैकुंठपुर।** राज्य की भाजपा सरकार द्वारा बिजली बिल हाफ योजना के तहत 400 यूनिट की सीमा समाप्त किए जाने और बिजली दरों में बेतहाशा वृद्धि के विरोध में आज जिला कांग्रेस कमेटी कोरिया द्वारा जिला मुख्यालय बैकुंठपुर स्थित विद्युत विभाग कार्यालय का घेराव किया गया।

राजीव भवन कांग्रेस कार्यालय से कांग्रेस कार्यकर्ताओं ने रैली के रूप में प्रस्थान कर विद्युत कार्यालय पहुंचकर आमसभा का आयोजन किया, जिसमें बड़ी संख्या में कांग्रेसजन और आम नागरिक उपस्थित रहे। सभा में वक्ताओं ने कहा कि भाजपा सरकार की यह नीति आमजन पर आर्थिक बोझ डालने वाली है। कांग्रेस सरकार के समय प्रदेश के 54 लाख घरेलू उपभोक्ताओं को 400 यूनिट तक बिजली बिल हाफ योजना का लाभ मिलता था, जिससे प्रत्येक उपभोक्ता को राहत मिली थी। किंतु वर्तमान साय सरकार ने इस योजना को समाप्त कर दिया, जिसके कारण उपभोक्ताओं का बिजली बिल औसतन दुगुना हो गया है।

उन्होंने कहा कि कोयला, पानी और ज़मीन हमारे प्रदेश की है, फिर भी जनता को महंगी बिजली दी जा रही है — यह भाजपा सरकार की मुनाफाखोरी नीति का प्रमाण है। कार्यक्रम के अंत में कांग्रेसजनों ने महामहिम राज्यपाल के नाम तहसीलदार को ज्ञापन सौंपा, जिसमें 400 यूनिट सीमा की पुनः बहाली, बढ़े हुए दरों की वापसी, गरीब व मध्यमवर्गीय उपभोक्ताओं को राहत प्रदान करने और मनमानी कटौती पर रोक लगाने की मांग की गई। इस दौरान पर जिला अध्यक्ष प्रदीप गुप्ता, पूर्व जिला अध्यक्ष नजीर अजहर, पीसीसी सदस्य योगेश शुक्ला, संयुक्त महामंत्री वेदांती तिवारी, पूर्व नगर पालिका अध्यक्ष अशोक जायसवाल, महामंत्री बृजवासी तिवारी, वरिष्ठ कांग्रेसी मुख्तार अहमद, ब्लॉक अध्यक्ष अजय सिंह, अनिल जायसवाल, बिहारी राजवाड़े, हेमसागर यादव, कृष्ण कुमार राजवाड़े, सुरेंद्र तिवारी, रामाधार टोप्पो, साहब अख्तर, रवि राजवाड़े, धीरज सिंह, संगीता राजवाड़े, संजोती मरकाम, चांदनी सोनी, रियाजउद्दीन, दीपक गुप्ता, अर्पित जायसवाल, राजीव गुप्ता, एस एन मोदी, मनीष सिंह, मोनू मांझी, अंकित गुप्ता, विपुल, संतोष गोयन, विजय चक्रधारी, रामसाय सोरी, फैजान ढेबर, राकेश जायसवाल, फ़रोग सिद्दीकी, वासिम खान, सुजीत सोनी, राजेश पैकरा, इंद्र देव पांडे, जानू वसीम, एजाज गुड्डु, आरिफ एवं अनेकों कांग्रेसजन भारी संख्या मौजूद रहे।

## जीएसटी में कटौती दीपावली के पूर्व दीपावली की खरीददारी कर रहे लोग

**रायपुर।** देश में जीएसटी में कटौती किए जाने के पश्चात समाज में दीपावली के पहले लोग दीपावली मना रहे हैं। राजधानी रायपुर सहित देश में थार, मारूति सुजुकी, होण्डई, एसयूबी सहित दुपहिया वाहन, इलेक्ट्रानिक समान सहित अन्य वस्तुएं सस्ती हो गई है। जिसके कारण लोग इस समय जमकर खरीददारी कर रहे हैं। राजधानी रायपुर सहित अन्य स्थानों में जीएसटी की कटोती किए जाने के पश्चात इलेक्ट्रानिक आईटम तथा अन्य वाहनों में रेट कम हो गया है, जिसके कारण लोग खरीददारी कर रहे हैं। इस समय मोबाइल की खरीददारी जमकर हो रही है, एपो, नोकिया, समसंग के नए मॉडल प्रो-17 की डिमांड बढ़ती जा रही है।

## पीएम सूर्य घर-मुफ्त बिजली योजना और शासन की डबल सब्सिडी से घटा बिजली बिल

**कोरिया।** सूर्य की किरणें अब सिर्फ रोशनी ही नहीं, बल्कि आमजन की जिंदगी में नई ऊर्जा और आय का साधन भी बन रही हैं। प्रधानमंत्री सूर्य घर-मुफ्त बिजली योजना ने बैकुण्ठपुर के निवासी श्री सेवक राम राजवाड़े की जिंदगी में बड़ा बदलाव ला दिया है। जहां कभी बढ़ते बिजली बिल उनकी चिंता बढ़ाते थे, वहीं अब वे बिजली उपभोक्ता से ऊर्जादाता बन गए हैं। श्री राजवाड़े ने अपने घर की छत पर 3 केवी का सोलर प्लांट स्थापित कराया है। इस पर 78 हजार की सब्सिडी मिली है। परिणामस्वरूप, पहले जहां हर महीने हजारों रुपये का बिजली बिल चुकाना पड़ता था, वहीं अब उनका बिजली बिल लगभग शून्य हो गया है। श्री राजवाड़े बताते हैं कि योजना की आवेदन प्रक्रिया बेहद सरल रही। एक बार आवेदन करने के बाद पूरी प्रक्रिया स्वतः पूरी हो गई और सोलर पैनल समय पर उनके घर पर स्थापित कर दिया गया। उन्हें किसी भी तरह की परेशानी का सामना नहीं करना पड़ा। उनका कहना है कि इस योजना ने उन्हें न केवल बिजली बिल से मुक्ति दिलाई, बल्कि ऊर्जा उत्पादक बनने का अवसर भी दिया है। श्री राजवाड़े ने केंद्र और राज्य सरकार का आभार व्यक्त करते हुए कहा कि डबल सब्सिडी ने इस योजना को आमजन तक पहुंचाने में बड़ी भूमिका निभाई है। इससे लोग जागरूक होकर सौर ऊर्जा अपनाने के लिए प्रेरित हो रहे हैं। पीएम सूर्य घर-मुफ्त बिजली योजना से न केवल घरेलू खपत व बिजली बिल की समस्या का समाधान हो रहा है, बल्कि उपभोक्ता ऊर्जादाता बनकर अतिरिक्त बिजली उत्पादन कर राज्य की ऊर्जा सुरक्षा को भी मजबूत कर रहे हैं।

## तालाब में नहाने गए युवक की डूबने से मौत

**रायपुर।** कबीर नगर थाना क्षेत्र के सोनडोंगरी इलाके में सोमवार को नहाने गए एक युवक की तालाब में डूबने से मौत हो गई। मृतक की पहचान मनराखन पटेल के रूप में हुई है। जानकारी के अनुसार युवक तालाब में नहाने गया था, तभी अचानक गहराई में चला गया और डूब गया। स्थानीय लोगों ने तुरंत पुलिस और प्रशासन को सूचना दी, लेकिन रेस्क्यू ऑपरेशन शुरू होने में करीब 4 घंटे की देरी हो गई। इससे गुस्साए लोगों ने रिंग रोड नंबर दो पर चक्का जाम कर दिया। सड़क जाम की वजह से हाईवे पर तीन घंटे तक लंबा ट्रैफिक्क जाम लगा रहा। देर रात रेस्क्यू टीम ने युवक का शव तालाब से बाहर निकाला और पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया। पुलिस ने मामला दर्ज कर जांच शुरू कर दी है। स्थानीय लोग प्रशासन की लापरवाही को लेकर काफी नाराज़ दिखे और अधिकारियों पर समय रहते कार्रवाई न करने का आरोप लगाया।

## वनरक्षकों की सीधी भर्ती प्रक्रिया 26 से प्रारंभ

**रायपुर।** छत्तीसगढ़ राज्य वन एवं जलवायु परिवर्तन विभाग के अंतर्गत विभिन्न वनमंडलों के वनरक्षक के 1484 रिक्त पदों पर भर्ती प्रक्रिया 28 अक्टूबर से प्रारंभ की जा रही है। इस नियुक्ति को लेकर काफी बवाल बचा हुआ था। वन विभाग के अपर प्रधान मुख्य वनसंरक्षण द्वारा प्राप्त जानकारी के अनुसार विभिन्न वनमंडलों में वनरक्षक के 1484 रिक्त पदों पर सीधी भर्ती हेतु शारीरिक मापजोख एवं दक्षता परीक्षण की कार्यवाही 16.11.2024 से 20 .12.2024 तक आयोजित की गई थी।


### मुख्यमंत्री ग्रामीण बस योजना का शुभारंभ

## कलेक्टर एवं पुलिस अधीक्षक ने दिखाई हरी झंडी




**कोरिया बैकुंठपुर।** मुख्यमंत्री ग्रामीण बस योजना का शुभारंभ कलेक्टर श्रीमती चंदन त्रिपाठी एवं पुलिस अधीक्षक रवि कुमार कुर्रे द्वारा कलेक्ट्रेट परिसर, बैकुंठपुर में बसों को हरी झंडी दिखाकर किया गया। इस योजना के अंतर्गत कोरिया जिले में तीन प्रमुख रूटों पर बसों का संचालन प्रारंभ किया गया है, जिससे ग्रामीण क्षेत्रों के नागरिकों को अब बेहतर परिवहन सुविधा उपलब्ध होगी। बैकुंठपुर - कटकोना रूट (लगभग 40 किमी बैकुंठपुर, आनी, उरूमदुगा, कोटकताल, मुरमा, पूटा, अंगा, कटकोना। बैकुंठपुर - नगर रूट (लगभग 25 किमी) बैकुंठपुर, सलका, सारा, गदबदी, रटगा, नगर तथा बैकुंठपुर-सुभापानी रूट (लगभग 30 किमी) बैकुंठपुर, नरकेली, देवरी, मुढीझरिया, कोट, जामपानी, सुभापानी। इसके अतिरिक्त अकलासरई से सुनापानी रूट (लगभग 80 किमी) पर भी बस सेवा प्रारंभ की जा रही है, जिसमें अकलासरई, सोनाहत, बैकुंठपुर, नरकेली, देवरी, मुढीझरिया, कोट, जामपानी, डुबापानी आदि गाँव सम्मिलित हैं।

## जुआ खेलाने व प्रति खेल के एवज में 70 प्रतिशत कमीशन लेने वाले 2 आरोपियों को पुलिस ने किया गिरफ्तार



**सूरजपुर।** डीआईजी व एसएसपी सूरजपुर के निर्देश पर जिले की पुलिस अवैध कार्यो के विरूद्ध सक्रियता से लगातार कार्यवाही करने में लगी हुई है। इसी बीच 03.10.2025 को थाना भटगांव पुलिस को सूचना मिली कि मीना बाजार परिसर के अंदर एक व्यक्ति तीन स्ट्राईकर से चिन्ह बनाकर लोगों को रूपये पैसे का दाव लगाकर जुआ खेला रहा है। जुआ खेलाने की सूचना मिलने पर पुलिस टीम मौके पर पहुंची जहां अरविन्द कनौजिया पिता गोपाल प्रसाद कनौजिया उम्र 25 वर्ष निवासी महगांव खुर्द थाना राजेन्द्रग्राम जिला अनूपपुर मध्यप्रदेश को तीन स्ट्राईकर से चिन्ह बनाकर लोगों को रूपये पैसे का दाव लगा कर डबल रकम करते पाया गया। इस दौरान अन्य जुआड़ियान पुलिस को देखकर भाग निकले। पुलिस ने मौके से 900 रूपये नगद, स्ट्राईकर, 2 नगमे, काला रंग का बना पान पत्ती जप्त किया है। मामले में छत्तीसगढ़ जुआ प्रतिषेध अधिनियम की धारा 4, 6 के तहत कार्यवाही कर आरोपी को गिरफ्तार किया गया। पूछताछ पर आरोपी ने बताया कि मीना बाजार संचालक लखन पटेल पिता वेंकट पटेल उम्र 65 वर्ष निवासी जवाहरपारा जिला व थाना बालौद को प्रति खेल पश्चात् 70 प्रतिशत राशि कमीशन देना एवं 30 प्रतिशत स्वयं रखना बताया एवं मीना बाजार संचालक के परिसर के अंदर खेलते पाया जाना तथा उसके संज्ञान में होना पाए जाने पर प्रकरण में छत्तीसगढ़ जुआ प्रतिषेध अधिनियम धारा 4(क), 6(क) के तहत कार्यवाही कर आरोपी लखन पटेल को भी गिरफ्तार किया गया। वहीं इन दोनों आरोपियों के विरूद्ध जुआ एक्ट की धाराओं के अलावा प्रतिबंधात्मक कार्यवाही भी की गई है। इस कार्यवाही में थाना प्रभारी भटगांव सरफराज फिरदौसी व उनकी टीम सक्रिय रहे।

# दक्षिण पूर्व मध्य रेलवे से अनेक पूजा स्पेशल ट्रेनों का परिचालन

**रायपुर।** दक्षिण पूर्व मध्य रेलवे द्वारा आगामी दीपावली एवं छठ जैसे प्रमुख त्यौहारों में यात्रियों की भीड़ को ध्यान में रखते हुए अनेक फेस्टिवल/पूजा स्पेशल ट्रेनों का संचालन किया जा रहा है। इन ट्रेनों में यात्रियों को पहले आओ पहले पाओ के आधार पर कंफर्म सीट उपलब्ध कराई जा रही है, जिससे यात्रियों की यात्रा और अधिक सहज एवं आरामदायक होगी। पूजा स्पेशल ट्रेनें, संचालन अवधि एवं उपलब्ध बर्थ बिलासपुर-हडपसर(पुणे)-बिलासपुर पूजा स्पेशल । गाड़ी संख्या 08265/08266 बिलासपुर - हडपसर(पुणे)-बिलासपुर के मध्य एक फेरे के लिए चलाई जा रही है । यह ट्रेन बिलासपुर से 08265 नंबर के साथ दिनाँक 22 अक्टूबर 2025 को तथा हडपसर(पुणे) से 08266 नंबर के साथ दिनाँक 23 अक्टूबर 2025 को रवाना होगी । दिनाँक 22 अक्टूबर 2025 को बिलासपुर -हडपसर(पुणे) पूजा स्पेशल ट्रेन में एसी-३ में -212 व एसी-३ इकॉनमी में 50 बर्थ उपलब्ध है। बिलासपुर-यलहंका-बिलासपुर पूजा स्पेशल। गाड़ी संख्या 08261/08262 बिलासपुर-यलहंका-बिलासपुर के मध्य 22 फेरे के लिए चलाई जा रही है । गाड़ी संख्या 08261 बिलासपुर-यलहंका(बेंगलुरु) फेस्टिवल स्पेशल ट्रेन बिलासपुर से दिनांक 09 सितम्बर 2025 से 18 नवम्बर 2025 तक प्रत्येक मंगलवार को तथा गाड़ी संख्या 08262 यलहंका(बेंगलुरु)-बिलासपुर फेस्टिवल स्पेशल ट्रेन यलहंका से दिनांक 10 सितंबर 2025 से 19 नवंबर 2025 तक प्रत्येक बुधवार को चलेगी । बिलासपुर-यलहंका फेस्टिवल स्पेशल ट्रेन में दिनाँक 07 अक्टूबर 2025 को एसी-३ में -245, एसी-३ इकॉनमी में -54, दिनाँक 14 अक्टूबर 2025 को एसी-२ में -07, एसी-३ में - 407, एसी-३ इकॉनमी में -101 एवं स्लीपर में 84, दिनाँक 21 अक्टूबर 2025 को एसी-३ में - 372, एसी-३ इकॉनमी में -98 एवं स्लीपर में 96, दिनाँक 28 अक्टूबर 2025 को एसी-३ में - 204, एसी-३ इकॉनमी में -74 एवं स्लीपर में 122, दिनाँक 04 नवम्बर 2025 को एसी-२ में -01 एसी-३ में - 387, एसी-३ इकॉनमी में -106 एवं स्लीपर में 179, दिनाँक 11 नवम्बर 2025 को एसी-२ में -08, एसी-३में - 419, एसी-३ इकॉनमी में -109 एवं स्लीपर 187, दिनाँक 18 नवम्बर 2025 को एसी-२ में -16, एसी-३ में -412, एसी-३ इकॉनमी में -102 एवं स्लीपर में 185 बर्थ उपलब्ध है । इस गाड़ी का



वाणिज्यक ठहराव दक्षिण मध्य रेलवे के बिलासपुर, भाटापारा,रायपुर, दुर्ग,राजनादगाँव, डोंगरगढ़ एवं गोंदिया स्टेशनों में दिया गया है । दुर्ग-सुल्तानपुर-दुर्ग पूजा स्पेशल। गाड़ी संख्या 08763/08764 दुर्ग-सुल्तानपुर-दुर्ग के मध्य 12 फेरे के लिए चलाई जा रही है। गाड़ी संख्या 08763 दुर्ग-सुल्तानपुर फेस्टिवल स्पेशल ट्रेन दुर्ग से दिनांक 13 सितम्बर 2025 से 29 नवम्बर 2025 तक प्रत्येक शनिवार को तथा गाड़ी संख्या 08764 सुल्तानपुर-दुर्ग फेस्टिवल स्पेशल ट्रेन सुल्तानपुर से दिनांक 14 सितंबर 2025 से 30 नवंबर 2025 तक प्रत्येक रविवार को चलेगी । दुर्ग- सुल्तानपुर फेस्टिवल स्पेशल ट्रेन में दिनाँक 04 अक्टूबर 2025 को एसी-३ में- 296, एसी-३ इकॉनमी में -42, दिनाँक 11 अक्टूबर 2025 को एसी-२ में -11, एसी-३ में - 371, एसी-३ इकॉनमी में -102 एवं स्लीपर में 94, दिनाँक 25 अक्टूबर 2025 को एसी-२ में -07, एसी-३ में - 356, एसी-३ इकॉनमी में -89 एवं स्लीपर में 26, दिनाँक 01 नवम्बर 2025 को एसी-२ में -18, एसी-३ में - 425, एसी-३ इकॉनमी में -111 एवं स्लीपर में 154, दिनाँक 08 नवम्बर 2025 को एसी-२ में -14, एसी-३ में - 420, एसी-३ इकॉनमी में -110 एवं स्लीपर में 169, दिनाँक 15 नवम्बर 2025 को एसी-२ में -16, एसी-३ में - 406, एसी-३ इकॉनमी में -110 एवं स्लीपर में 149, दिनाँक 22 नवम्बर 2025 को एसी-३ में - 373, एसी-३ इकॉनमी में -108 एवं स्लीपर में 166, दिनाँक 29 नवम्बर 2025 को एसी-२ में -20, एसी-३ में - 425, एसी-३ इकॉनमी में -111 एवं स्लीपर में 176 बर्थ उपलब्ध है। इस गाड़ी का वाणिज्यक ठहराव दक्षिण मध्य रेलवे के दुर्ग, रायपुर,उस्लापुर,पेंड्रारोड, अनूपपुर, शहडोल एवं उमरिया स्टेशनों में दिया गया है। दुर्ग-हजरत निज़ामुद्दीन-दुर्ग पूजा स्पेशल। गाड़ी संख्या 08760/08761 दुर्ग-हजरत निज़ामुद्दीन-दुर्ग के मध्य 08 फेरे के लिए चलाई जा रही है । गाड़ी संख्या 08760 दुर्ग-हजरत निज़ामुद्दीन फेस्टिवल स्पेशल ट्रेन दुर्ग से दिनांक 05 अक्टूबर 2025 से 23 नवम्बर 2025 तक प्रत्येक रविवार को तथा गाड़ी संख्या 08761 हजरत निज़ामुद्दीन-दुर्ग स्पेशल ट्रेन हजरत निज़ामुद्दीन से दिनांक 06 अक्टूबर 2025 से 24 नवंबर 2025 तक प्रत्येक सोमवार को चलेगी । दुर्ग-हजरत निज़ामुद्दीन फेस्टिवल स्पेशल ट्रेन में, दिनाँक 12 अक्टूबर 2025 को एसी-३ में - 325, एसी-३ इकॉनमी में -86, दिनाँक 19 अक्टूबर 2025 को एसी-३ में - 22, दिनाँक 02 नवम्बर 2025 को एसी-३ में - 315, एसी-३ इकॉनमी में -83, दिनाँक 09 नवम्बर 2025 को एसी-२ में -09, एसी-३ में - 392, एसी-३ इकॉनमी में -110 एवं स्लीपर में 92, दिनाँक 16 नवम्बर 2025 को एसी-२ में -09, एसी-३ में - 420, एसी-ढ्ढढ्ढ इकॉनमी में -105 एवं स्लीपर में 139, दिनाँक 23 नवम्बर 2025 को एसी-३ में - 312, एसी-३ इकॉनमी में -109 एवं स्लीपर में 60 बर्थ उपलब्ध है।

# अंतरराष्ट्रीय वृद्धजन दिवस पर वरिष्ठ नागरिकों का किया गया सम्मान





**एमसीबी।** सेवा पखवाड़ा दिवस के अंतर्गत समाज कल्याण विभाग जिला एमसीबी द्वारा विगत 01 अक्टूबर 2025 को जनपद सभाकक्ष अमृत सदन में अंतरराष्ट्रीय वृद्धजन दिवस का आयोजन अत्यंत गरिमामयी वातावरण में संपन्न हुआ। यह विशेष अवसर वृद्धजनों के सम्मान और उनके जीवन अनुभवों से समाज को प्रेरणा लेने का दिन रहा, जहां जिले के विभिन्न क्षेत्रों से आए वरिष्ठ नागरिकों का स्नेह और आदरपूर्वक अभिनंदन किया गया। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में जनपद अध्यक्ष श्रीमती जानकी बाई खुसरो उपस्थित रहीं, जबकि नगर पालिका अध्यक्ष श्रीमती प्रतिमा सरजू यादव, नगर पालिका उपाध्यक्ष धर्मेन्द्र पटवा, डिप्टी कलेक्टर एवं प्रभारी सहायक संचालक समाज कल्याण श्रीमती इंदिरा मिश्रा तथा जनपद पंचायत मनेन्द्रगढ़ की मुख्य कार्यपालन अधिकारी सुश्री वैशाली सिंह की उपस्थिति ने कार्यक्रम की शोभा को और बढ़ाया। इस अवसर पर वृद्धजनों को सम्मानित करते हुए उन्हें शाल, नारियल और छड़ी भेंट की गई, वहीं वृद्ध महिलाओं के लिए विशेष रूप से साड़ी, नारियल और छड़ी का वितरण किया गया। सम्मान समारोह ने न केवल वृद्धजनों के जीवन संघर्षों और उनके योगदान को याद किया बल्कि उनके प्रति सामाजिक कृतज्ञता को भी प्रकट किया। सामग्री वितरण के पश्चात सभी उपस्थित लोगों को अल्पाहार वितरित किया गया, जिसमें सभी ने उत्साहपूर्वक भाग लिया और यह अवसर आपसी मिलन और आत्मीयता का केंद्र बन गया। वृद्धजन, जिन्हें समाज की अमूल्य धरोहर माना जाता है, उनके अनुभव और मार्गदर्शन को इस कार्यक्रम ने पुनः रेखांकित किया। कार्यक्रम में उपस्थित अतिथियों ने अपने उद्बोधन में कहा कि वृद्धजन समाज की रीढ़ होते हैं और उनके आशीर्वाद से ही समाज की संस्कृति और परंपराएं आगे बढ़ती हैं। मुख्य अतिथि श्रीमती जानकी बाई खुसरो ने कहा कि वरिष्ठ नागरिकों का सम्मान करना हमारी नैतिक जिम्मेदारी है और यह दिन उन्हें समर्पित कर उनके प्रति आभार व्यक्त करने का अवसर प्रदान करता है। आयोजन के सफल संचालन में समाज कल्याण विभाग के अधिकारियों और कर्मचारियों के साथ-साथ शिक्षा विभाग के कर्मियों का भी विशेष सहयोग रहा जिन्होंने कार्यक्रम को गरिमामय बनाने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाई। वातावरण में छाई आत्मीयता और वृद्धजनों के चेहरे पर झलकती खुशी ने इस आयोजन को यादगार बना दिया। समापन अवसर पर मुख्य अतिथि द्वारा कार्यक्रम की समाप्ति की घोषणा की गई।

# बारिश के विदा होने पर शुरू होगा चिर्रा-श्यांग सड़क का काम

**कोरबा।** जिले के दूरस्थ ग्रामीण इलाकों में सड़क कनेक्टिविटी बेहतर करने के प्रयास जारी हैं। प्रशासन ने बहुप्रतीक्षित चिर्रा-श्यांग सड़क के निर्माण को मंजूरी दे दी है। बारिश के मौसम के समाप्त होते ही निर्माण कार्य प्रारंभ किया जाएगा।

करीब 12 किलोमीटर लंबी यह सड़क वर्षों से नहीं बन सकी है, जिसके चलते आसपास के कई ग्रामों के लोगों को भारी परेशानी झेलनी पड़ती है। यह मार्ग कोरबा विकासखंड के अंतर्गत आता है और अब तक पगडंडी की स्थिति में है। सड़क पर बड़े-बड़े पत्थर मौजूद हैं, जिससे चारपहिया वाहनों का संचालन भी कठिन हो जाता है। स्थानीय लोगों के लिए स्वास्थ्य सेवाओं की निर्भरता 50 किलोमीटर दूर करतला पर है, जबकि जिला मुख्यालय 90 किलोमीटर दूर स्थित है। सड़क न होने के कारण उन्हें छोटी-छोटी जरूरतों के लिए भी लंबा सफर तय करना पड़ता है। कई वर्षों से निर्माण की मांग उठती रही, लेकिन केवल आश्वासन ही मिलते रहे।



अब जिला प्रशासन ने जिला खनिज न्यास निधि (DMF) के माध्यम से इस सड़क निर्माण को स्वीकृति दी है। वर्ष 2025 के बजट में इसे शामिल किया गया है और 9 करोड़ 35 लाख रुपए की प्रशासनिक एवं तकनीकी स्वीकृति प्राप्त हो चुकी है।

### पुलिस को भी मिलेगी राहत

पक्की सड़क न होने से पुलिस को भी कई तरह की दिक्कतों का सामना करना पड़ता है। हालांकि क्षेत्र में अपराध की घटनाएँ नगण्य हैं, लेकिन दुर्घटना या संदिग्ध मृत्यु जैसे मामलों में घायल या मृतकों को 50 किलोमीटर दूर ले जाना पड़ता है। उन्होंने कहा कि सड़क बनने से ऐसी परिस्थितियों में काफी सुविधा मिलेगी।

**विनोद सिंह, थाना प्रभारी श्यांग**

***सड़क की पूरी मरम्मत और डामरीकरण कार्य किए जाएंगे। बारिश समाप्त होते ही काम शुरू कर दिया जाएगा। उन्होंने कहा, निर्माण कार्य में गुणवत्ता का विशेष ध्यान रखा जाएगा, सर्वे की प्रक्रिया पूरी कर ली गई है।***

***जी जांगड़े, ईई लोनिवि***

## एनीकट में लापता युवक का शव मिला



**कोरबा।** राताखार एनीकट डैम में शनिवार को पिकनिक के दौरान हादसा हो गया। इस दौरान लापता पवन सिंह का शव आज नदी में मिला। पुलिस ने पंचनामा के साथ शव को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है।

कोतवाली पुलिस थाना के मानिकपुर चौकी के अमरैय्यापारा निवासी पवन सिंह अपने भाई श्याम सिंह और परिवार के कुछ सदस्यों के साथ डैम के किनारे पिकनिक मना रहा था। नहाने के दौरान श्याम सिंह अचानक गहरे पानी में फंस गया और डूबने लगा। यह देखते ही पवन बिना सोचे-समझे पानी में कूद पड़ा। दोस्तों की मदद से श्याम को तो बचा लिया गया, लेकिन पवन बह गया। डैम का जलस्तर ऊंचा होने और तेज बहाव के कारण बचाव कार्य बेहद चुनौतीपूर्ण साबित हुआ। पुलिस और नगर सेना की गोताखोर टीम और स्थानीय प्रशासन ने तलाश अभियान जारी रखा। गोताखोरों ने डैम के आसपास के क्षेत्रों में सघन खोजबीन की, लेकिन पवन नहीं मिला। तलाश की कड़ी में आज सुबह सर्वमंगला मंदिर के सामने छठ घाट पर कुछ लोगों ने एक बहते हुए शव को देखा उसे किनारे लगाने की कोशिश की गई लेकिन बहाव में आगे निकल गया। यहां डोंगा चला रहे कुछ लोगों ने हिम्मत कर किसी तरह से शव को किनारे लगाया और सूचना पुलिस को दी गई। उसकी पहचान पवन के रूप में हुई है। जानकारी होते ही उसके परिजन मौके पर पहुंच गए हैं। पवन के बड़े भाई गणेश सिंह ने बताया, पवन सबसे छोटा और लाडला बेटा था। वह मजदूरी करके परिवार की आर्थिक मदद करता था। पुलिस ने पवन का शव मिलने पर गुम इंसान की सूचना को मर्ग में बदला है। इसके साथ ही लोगों से अपील की है कि बारिश के मौसम में नदी-नाले व एनीकट का जलस्तर बढ़ रहा है, इसलिए इसके आसपास जाने से बचे।



**विसर्जन यात्रा में झाकियों का रहा आकर्षण**

**कोरबा।** जिले के तिलकेजा गांव में आश्विन नवरात्र धूमधाम से संपन्न हो गया। दशहरा का आयोजन करने के बाद यहां देवी प्रतिमाओं के विसर्जन के लिए भव्य शोभायात्रा निकाली गई। इसमें कई आकर्षक शामिल किए गए जिन्हें देखने के लिए आसपास के कई गांव के लोग यहां इकट्ठे हुए।

## हाथियों का दल पहुंचा गाड़ागोड़ा-सेमरहा

### रास्ते में रौंदी फसल

**कोरबा।** जिले के पसान रेंज के तनेरा सर्किल में लगभग एक सप्ताह तक उत्पात मचाने के बाद हाथियों का दल बीती रात सेमरहा-गाड़ागोड़ा पहुंच गया।

हाथियों के दल ने यहां पहुंचने से पहले रास्ते में हरदेवा, दर्रा तथा सेमरहा में 26 से अधिक ग्रामीणों की धान की फसल को तहस-नहस कर दिया। हाथियों के बड़ी संख्या में क्षेत्र में पहुंचने से ग्रामीणों में जहां भय का वातावरण बना हुआ है वहीं वन विभाग सतर्क हो गया है। हाथियों की निगरानी करने के साथ ही सेमरहा गाड़ागोड़ा व आसपास के गांवों में मुनादी कराकर ग्रामीणों को सतर्क किया जा रहा है। हाथियों के डर में तनेरा सर्किल में मौजूदगी के दौरान बड़ी मात्रा में धान की फसल को तहस-नहस कर दिया था। तथा चार से अधिक ग्रामीणों के मकान को निशाना बनाते हुए ढहा दिया था, जिससे क्षेत्रवासी काफी परेशान थे। हाथियों के दल के अब अनंयत्र जाने से जहां तनेरा सर्किल के लोगों ने राहत महसूस की है। वहीं गाड़ागोड़ा व आसपास के गांवों के लोगों की चिंता बढ़ गई है। उन्हें यह डर है कि कहीं हाथियों का दल उनके खेतों अथवा बस्ती में प्रवेश कर उत्पात न मचा दे।



## धवईपुर में ली गई बूथ अध्यक्षों की बैठक

**कोरबा।** कटघोरा नगर मण्डल के धवईपुर में आज बुथ एजेंटों की बैठक ली गई, जिसमें वरिष्ठ नेता संजय शर्मा ने कहा कि बूथ अध्यक्षों को लगातार सक्रिय रहना है। जितने भी कार्यक्रम आयेंगे उसमें बूथ अध्यक्षों की भूमिका महत्वपूर्ण होंगी। इस बैठक में अभिषेक गर्ग, समजीत सिंह, रामप्रसाद कोरार्म सहित अन्य कार्यकर्ता मौजूद थे। कल छुरी में भी 17 अध्यक्षों की बैठक बुलाई गई। इस बैठक में उपाध्यक्ष हीरानंद पंजवानी, रमेश श्रीवास सहित अन्य कार्यकर्ता मौजूद थे। सभी अध्यक्षों से कहा गया कि अपने-अपने बूथों में सक्रिय होकर कार्य करें। अभी से ही चुनाव की तैयारी में रहते हुए कार्य करना होगा।

## आंदोलन की रूपरेखा होगी तैयार

**कोरबा।** बिजली कर्मचारी संघ के द्वारा लंबित मांगों को लेकर काली पट्टी लगाकर कार्य कर रहे है। कल दर्री में बिजली कर्मचारी महासंघ की बैठक होगी, जिसमें राष्ट्रीय सचिव राधेश्याम जायसवाल व प्रदेश महामंत्री नवरतन बरेठ उपस्थित रहेंगे। 9 अक्टूबर को होने वाले आंदोलन के लिए रणनीति बनेगी। कोरबा पश्चिम में अमर राठौर, अजय मिश्रा को ले जाने की जवाबदारी दी जायेगी। इसी तरह कोरबा पूर्व में भी कार्यकर्ताओं को रायपुर ले जाया जायेगा। इसके लिए विस्तार के साथ चर्चा करते हुए आंदोलन की रूप रेखा बनाई जायेगी। इन चार दिनों के भीतर बिजली कर्मचारी काली पट्टी लगाकर कार्य करेंगे। महिला कर्मचारी भी सुनीता जायसवाल के नेतृतव में रायपुर जायेंगे।

## ननकी ने टाला निर्णय



**कोरबा।** कलेक्टर को हटाने की मांग को लेकर अड़े पूर्व गृहमंत्री ननकीराम कंवर ने शनिवार को प्रदेश अध्यक्ष किरण सिंह देव से मुलाकात की। दोनों के बीच करीब पौन घंटे तक चर्चा चली, जिसके बाद कंवर ने फिलहाल धरना देने का निर्णय टाल दिया। प्रदेश अध्यक्ष ने कंवर को भरोसा दिलाया कि कलेक्टर के खिलाफ जांच प्रक्रिया शुरू हो चुकी है और बिलासपुर संभागायुक्त से रिपोर्ट मांगी गई है। दो-तीन दिनों में जांच प्रतिवेदन आने के बाद कार्रवाई की जाएगी। वहीं, मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय ने भी कंवर से फोन पर बातचीत कर धरना स्थगित करने की सलाह दी और निष्पक्ष जांच का आश्वासन दिया। मीडिया से चर्चा में ननकीराम कंवर ने कहा प्रदेश अध्यक्ष ने बताया है कि सात-आठ दिन में कलेक्टर हट जाएंगे, उनकी बात माननी पड़ेगी। लेकिन अगर कार्रवाई नहीं हुई, तो मैं फिर से आंदोलन करूंगा।

## पर्यवेक्षक खुटिया का होगा स्वागत

**कोरबा।** कांग्रेस के पर्यवेक्षक आरसी खुटिया का आज कोरबा आगमन हो रहा है। उनका स्वागत जिला कांग्रेस कमेटी के ग्रामीण अध्यक्ष मनोज चौहान, शहर अध्यक्ष नाथू यादव, महिला कांग्रेस की अध्यक्ष प्रभा तवंर, महामंत्री भुनेश्वरी दास, युवा कांग्रेस के विकास सिंह व रहमान खान के द्वारा की जायेगी। कल श्री खुटिया कांग्रेस कार्यकर्ताओं की अलग-अलग बैठक लेंगे। इसके बाद वे ब्लाक क्षेत्रों का भी दौरा कर सकते है। ब्लाकों में दिलीप सिंह, विशाल शुक्ला, गोरेलाल यादव, टीकाराम मनहर, अजय प्रसाद, कृष्णा दास, फिरोज अनंत, परमानंद सिंह, राजेश मानिकपुरी को सक्रिय कर दिया गया है। इसके अलावा कांग्रेस कमेटी के श्यामनारायण सोनी, दीपचंद केशरवानी, रामगोपाल कुर्रे, रामगोपाल यादव सहित अन्य कार्यकर्ता भी मुलाकात करेंगे। पर्यवेक्षक श्री खुटिया कांग्रेस को मजबूत करने के लिए आ रहे है और अलग-अलग लोगों से मुलाकात कर चर्चा करेंगे। चर्चा के आधार पर आने वाले दिनों में योग्य व्यक्ति को जिम्मेदारी दी जायेगी।

## अखंड सौभाग्य की कामना से सिंदूर खेला

**कोरबा।** नगर में देवी दुर्गा की प्रतिमाओं का विसर्जन जारी है। विजयादशमी के बाद से ही विभिन्न समितियों ने सांस्कृतिक और धार्मिक कार्यक्रमों का आयोजन कर विसर्जन प्रक्रिया को तय किया है। हर दिन शहर के अलग-अलग हिस्सों में देवी के जयकारों के साथ विसर्जन के नज़ारे आम हो गए हैं। दुर्गा पूजा के समापन के साथ ही कोरबा की गलियों और घाटों पर आस्था का सैलाब उमड़ पड़ा है। शहर के विभिन्न पूजा पंडालों में महिलाओं ने पारंपरिक 'सिंदूर खेला' की रस्म निभाई-जहां सुहागिनें माँ दुर्गा को सिंदूर अर्पित कर अखंड सौभाग्य और परिवार के कल्याण की कामना करती हैं। कोरबा मिली-जुली संस्कृति आम है। यहां भारत के अलग-अलग राज्यों के लोग रहते हैं, और यही वजह है कि दुर्गा पूजा भी विविध परंपराओं में सजीव दिखाई देती है-कहीं बंगाली रीति से आरती, तो कहीं छत्तीसगढ़ी लोक स्वर में भक्ति की गूंज।



## गड्डों ने बढ़ाई सड़कों पर दुर्घटना की आशंका

**कोरबा।** बारिश और लगातार गाड़ियों के दबाव के कारण कोरबा क्षेत्र में हर तरफ सड़कों की बदहाली ने लोगों को परेशान कर रखा है।

ट्रांसपोर्ट नगर चौक, पॉवर हाउस रोड, हसदेव पुल से लेकर इमलीछापर कुसमुंडा से आगे तक की सड़क में गड्ढों की उपस्थिति हर किसी के लिए मुश्किल बनी हुई है। यही हाल दूसरे मार्गों का है। एक तो गड्ढे और उपर से बारिश का भरना, समस्या को और जटिल कर रहा है। गड्ढों के नजर नहीं आने से छोटी गाड़ियां दुर्घटनाग्रस्त हो रही है, जबकि बड़ी गाड़ियों में जोखिम के साथ नुकसान का स्तर ज्यादा है।

## विभिन्न स्थानों पर गौरा पूजा

**कोरबा।** शहर और ग्रामीण अंचल में गौरा-गौरी पूजन के आयोजन किये जा रहे हैं। शिव-पार्वती की प्रतिमा स्थापित करने के साथ 3 दिन तक पूजा करने की परंपरा निभाई जा रही है। लोगों का कहना है कि यह उनकी प्राचीन संस्कृति का हिस्सा है और ऐसा करने कई प्रकार की बाधाएं दूर होती बल्कि परिस्थितियां अनुकूल होती है। सुबह से रात तक होने वाले इस कार्यक्रम में स्थानीय लोगों का सहयोग प्राप्त हो रहा है।

***कोरबा।** रेलवे स्टेशन की सेकेण्ड एंट्री को जाने वाला मार्ग दल-दल में बदल गया है।

## जो प्रारब्ध में लिखा, वह घटित होगा ही:सत्येंद्र

**कोरबा।** आचार्य सत्येंद्र कृष्ण महाराज ने कहा है कि भाग्य और प्रारब्ध दो अलग विषय हैं और इनमें पर्याप्त बुनियादी अंतर है। श्रीमद् भागवत कथा के अंतर्गत परीक्षित जन्म और संबंधित प्रसंग का विवेचन करते हुए उन्होंने विषय वस्तु को समझाया।



मिथलेश सिंह व परिजनो द्वारा आयोजित श्रीमद् भागवत कथा के प्रथम दिवस आचार्य सत्येंद्र कृष्ण महाराज ने कथा महात्म्य के साथ गोकर्ण व राजा परीक्षित के जन्म के प्रसंग की चर्चा की। शिवनपुर अंकोरहा में इस अनुष्ठान के अंतर्गत आचार्य सत्येंद्र कृष्ण महाराज ने कहा कि भाग्य में जो चीज शामिल हैं वे अलग-अलग कारण से प्रभावित हो जाते हैं लेकिन आपके प्रारब्ध में जो कुछ लिखा हुआ है उसे अवश्य घटित होना है। उन्होंने परीक्षित के साथ कई घटनाओं का उल्लेख किया और बात को स्पष्ट किया। उन्होंने कहा की आडंबर और दिखावे से नहीं बल्कि ईश्वर सच्ची भक्ति और प्रेम के वशीभूत होकर अपने भक्तों के नजदीक आते हैं। कथा के अंतर्गत आज दूसरे दिन अजामिल और प्रहलाद चरित्र का वर्णन किया गया। 11 अक्टूबर को इस अनुष्ठान का समापन होगा। पंडित रासबिहारी याजिक प्रमुख हैं। इस आयोजन में गोपाल प्रसाद सिंह, अमरेश कुमार सिंह, अजय कुमार सिंह, दिलीप कुमार सिंह और मनोज कुमार सिंह व परिजनों का सहयोग प्राप्त हो रहा है।

***कोरबा।** दीपावल पर्व को एक पखवाड़ा बाकी है। इसके मद्देनजर कोरबा के सीतामढ़ी से लेकर कटघोरा, बांकीमोंगरा और दीपका में कुम्हार वर्ग व्यस्त हो गया है।

## बरेठ समाज की बैठक 8 को

**कोरबा।** बरेठ समाज केंद्रीय समिति की बैठक 8 अक्टूबर को दीपका में आयोजित की गई है। जिलाध्यक्ष मिलापराम बरेठ ने जानकारी देते हुए बताया कि आने वाले दिनों में जिलाध्यक्ष का चुनाव होना है। सभी इकाईयों में समिति गठित कर दी गई है। इस बैठक में पूर्व जिलाध्यक्ष संतोष कर्ष के अलावा मोहन कर्ष, सुरेश कर्ष, लालचंद बरेठ, रामनारायण निर्मलकर, गिरधारी बरेठ, दिगम्बर कर्ष, नंदकुमार, चैतराम सहित अन्य कार्यकर्ता मौजूद रहेंगे। आने वाले दिनों में जिलाध्यक्ष चुनाव होगा। जिसमें संभाग के लोगों को बुलाया जायेगा।

## कृषि अधिकारियों ने जरूरी सलाह दी किसानों को



**कोरबा।** किसानों को मौजूदा सीजन में समसामयिक सलाह देने के लिए कृषि विभाग की टीम कोरबा जिले के ग्रामीण क्षेत्र में लगातार काम कर रही है। उपसंचालक कृषि देवेंद्र प्रताप सिंह अधिकारियों और कर्मियों ने पौड़ी उपरोड़ा विकासखंड के पतूरियाडाँड़ में पहुंचकर किसानों को आवश्यक सलाह दी। उन्हें बताया गया कि फसलों को विभिन्न चुनौतियों से कैसे बचाया जा सकता है।

## पुल पर हादसे में युवक की मौत, एक घण्टे तक लगा जाम

**कोरबा।** तुमान-कटघोरा-पेंड्रा मार्ग स्थित बरबसपुर जटाशंकरी नदी पुल पर शनिवार को एक दर्दनाक हादसा हो गया। यहां पुल की रेलिंग पर खड़े संदीप यादव नामक युवक को सीमेंट से भरे ट्रक ने अपनी चपेट में ले लिया। हादसे में युवक की मौके पर ही मौत हो गई।



बताया गया कि संदीप यादव पुल की रेलिंग के पास खड़ा था, तभी कटघोरा की ओर जा रहे सीमेंट लदे ट्रक ने नियंत्रण खो दिया और उसे टक्कर मार दी। घटना के बाद मौके पर हड़कंप मच गया। सूचना मिलते ही जटगा पुलिस तत्काल मौके पर पहुंची और ट्रक को हटाने की कार्रवाई शुरू की। इस हादसे के बाद सड़क के दोनों ओर वाहनों की लंबी कतारें लग गईं और करीब एक घंटे तक जाम की स्थिति बनी रही। मौके पर पहुंचे कटघोरा थाना प्रभारी धर्मनारायण तिवारी ने स्थिति को नियंत्रित किया और यातायात बहाल करवाया। बताया गया कि मृतक के परिजनों को तत्काल राहत पहुंचाने के लिए तहसीलदार से चर्चा कर 25 हजार रुपये की आर्थिक सहायता देने की घोषणा की गई, जिसके बाद चक्काजाम समाप्त हुआ और सड़क यातायात सामान्य हो गया।









स्वामी कौशल किशोर मिश्र की ओर से प्रकाशक, मुद्रक सुभाष अग्रवाल द्वारा आकाश आफसेट प्रिंटर्स से मुद्रित कर तिलक मार्ग, ट्रासंपोर्ट नगर, कोरबा से प्रकाशित, संपादक सुभाष अग्रवाल फोन: 221149, मो. : 9425224167 आर.एन.आई. पंजी. नं. 50254/89, ई-मेल tarunpresskrb@gmail.com